धींधवाल पब्लिकेशन

DHP-42

Dhindhwal Publication

RPSC द्वारा आयोजित

# 2nd ग्रेड (वरिष्ठ अध्यापक)

## प्रथम प्रश्न-पत्र

# 25 सॉल्वड पेपर

नवीन संदर्भ में व्याख्या सहित

होशियार सिंह

उप निरीक्षक, राजस्थान पुलिस

- वर्ष 2010 से 2023 तक आयोजित परीक्षाओं के 25 प्रश्न-पत्रों का संकलन
- नवीनतम आँकड़ों के अनुसार व्याख्या

# धींधवाल पब्लिकेशन

## परीक्षा में सफलता हेतु इन पुस्तकों का अध्ययन करें

### हमारे प्रकाशन की अन्य पुस्तकें




# धींधवाल पब्लिकेशन

बी-22, वैष्णो विहार, बीकानेर मोबाइल : 8306733800

# धींधवाल पब्लिकेशन

## जुड़िए पब्लिकेशन के टेलीग्राम चैनल से

@DHINDHWAL2023GK

- निःशुल्क मार्गदर्शन
- निःशुल्क टैस्ट सीरीज (पीडीएफ फॉर्मेट में)
- विज्ञप्ति सिलेबस व परिणाम संबंधी जानकारी
- डाउट क्लियर करने के लिए पब्लिकेशन के लेखकों से सीधा संवाद
- भूगोल जैसे विषय के अद्यतन आँकड़े

**टेलीग्राम में जाकर धींधवाल पब्लिकेशन/Dhindhwal Publication सर्च करके इसे जोइन कर सकते हैं।**

**टेलीग्राम ग्रुप का लिंक प्राप्त करने के लिए 8306733800 पर वाट्सअप मैसेज करें।**

धींधवाल पब्लिकेशन

बी-22, वैष्णो विहार, बीकानेर मोबाइल : 8306733800




# होशियार सिंह


उप निरीक्षक, राज. पुलिस


## : लेखक परिचय :

होशियार सिंह का जन्म ग्राम रतनपुरा तहसील राजगढ़ जिला चुरू ( राजस्थान ) में हुआ। आपने स्नातक करने के दौरान ही वर्ष 2003 से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी आरम्भ की, राजस्थान पुलिस ( जिला बीकानेर वर्ष 2008 ) में कानिस्टेबल के पद पर चयन के साथ ही 2008 में तृतीय श्रेणी अध्यापक के पद पर चयन हुआ। आपने 5 वर्ष तक जिला राजसमंद में तृतीय श्रेणी अध्यापक के रूप में अपनी सेवाएँ दी, तत्पश्चात् द्वितीय श्रेणी शिक्षक ( हिन्दी ) 2013 में चयन होने पर आपने राजकीय माध्यमिक विद्यालय, कतरियासर ( बीकानेर ) में अपनी सेवाएँ दी, तत्पश्चात् राजस्थान पुलिस उपनिरीक्षक 2014 में चयन हुआ, वर्तमान में आप राजस्थान पुलिस में उप निरीक्षक हैं, आपको राजस्थान की विभिन्न प्रतिष्ठित कोचिंग संस्थानों में अध्यापन व मार्गदर्शन का गहन अनुभव है।

## लेखक की अन्य पुस्तकें










धींधवाल पब्लिकेशन

बी-22, वैष्णो विहार, बीकानेर मोबाइल : 8306733800

धींधवाल पब्लिकेशन

प्रस्तुत करते हैं–

Dhindhwal
Publication

# वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा
# (प्रथम पेपर)
# 25 सॉल्वड पेपर (व्याख्या सहित)

- ☞ वर्ष 2010 से वर्ष 2023 तक आयोजित वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा (प्रथम पेपर) में आए हुए प्रश्नों का संकलन।
- ☞ प्रश्नों की व्याख्या में हिन्दी ग्रन्थ अकादमी की पुस्तकों, सुजस, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर की पाठ्यपुस्तकों व अन्य प्रामाणिक स्रोतों को आधार बनाया गया है।

धींधवाल पब्लिकेशन
B-22, वैष्णो विहार, बीकानेर
मो.- 8306733800

संकलनकर्त्ताः–होशियार सिंह
(उप निरीक्षक, राजस्थान पुलिस)

प्रकाशकः-

धींधवाल पब्लिकेशन

B-22, वैष्णो विहार, बीकानेर

मो.- 8306733800

- **Dhindhwal Publication**
- **धींधवाल पब्लिकेशन**
- **Dhindhwal Classes**
- **@Publication-DP**
- **Dhindhwal Publication**

बुक कोड- **DHP-42**

© सर्वाधिकार- लेखक

फिक्स रेट- 151 रुपये

मुद्रक-

पिंकसिटी ऑफसेट, जयपुर

इस पुस्तक के किसी भी अंश का लेखक तथा प्रकाशक की पूर्वानुमति के बिना मुद्रित करना, कराना तथा इस पुस्तक की व इस पुस्तक के किसी भाग की फोटोकॉपी, स्केनिंग, इलेक्ट्रोस्टेट, मशीनी टंकण अथवा किसी भी तरीके से पुनः उपयोग करना, पी.डी.एफ बनाकर वाट्सअप, टेलीग्राम व फेसबुक आदि पर प्रसारित करना पूर्णतः वर्जित है।

इस पुस्तक को तैयार करने में पूर्ण सावधानी बरती गई है पुस्तक में दिये गये तथ्य व विवरण उचित व विश्वसनीय स्रोतों से प्राप्त किये गये हैं, फिर भी इसमें किसी त्रुटि, गलती, कमी अथवा लोप रह जाना संभव है। अतः ऐसी किसी भी त्रुटि, गलती, कमी अथवा लोप के कारण हुई क्षति अथवा क्लेश के लिए लेखक, प्रकाशक, सम्पादक, मुद्रक, विक्रेता व कर्मचारीगण का कोई उत्तरदायित्व नहीं होगा। आप उपर्युक्त सभी शर्तों को स्वीकार करते हुए स्वेच्छा से पुस्तक खरीद रहे हैं अतः दायित्व आपका स्वयं का होगा। सभी प्रकार के परिवादों का न्यायिक क्षेत्र बीकानेर होगा।

# भूमिका

प्रिय परीक्षार्थियो,

मुझे **'वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा' (प्रथम प्रश्न–पत्र)** के **'25 सॉल्वड पेपर पुस्तक'** आपके समक्ष प्रस्तुत करते हुए अत्यन्त हर्ष हो रहा है। इससे पूर्व वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा के लिए हमारी विवरणात्मक पुस्तकें 1. वरिष्ठ अध्यापक प्रथम प्रश्न–पत्र (भाग–1) 2. वरिष्ठ अध्यापक प्रथम प्रश्न–पत्र (भाग–2) 3. वरिष्ठ अध्यापक प्रथम प्रश्न–पत्र (मनोविज्ञान) पूरे राजस्थान में पसन्द की जा रही हैं।

प्रस्तुत पुस्तक में **'वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा' (प्रथम प्रश्न–पत्र)** के **वर्ष 2010** से **2023** तक आयोजित परीक्षाओं के प्रश्न–पत्रों को शामिल किया गया है। पुस्तक में **सुजस, माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की पाठ्यपुस्तकों** व **हिन्दी ग्रन्थ अकादमी** की पुस्तकों के तथ्यों को शामिल करते हुए नवीन संदर्भ में व नवीन आँकड़ों के साथ प्रश्नों की विस्तार से व्याख्या दी गई है।

प्रस्तुत पुस्तक मैंने हमारी अन्य पुस्तकों को पढ़ रहे परीक्षार्थियों की माँग पर तैयार की है, मेरा पूर्ण विश्वास है कि यह पुस्तक आपकी तैयारी में मील का पत्थर साबित होगी। हमने विद्यार्थियों की सुविधा के लिए प्रश्नों के **उत्तर** उनकी **व्याख्या के साथ** दिए हैं, साथ ही व्याख्या लिखते हुए इस बात का भी ध्यान रखा गया है कि उस प्रश्न से संबंधित कोई भी **महत्त्वपूर्ण** तथ्य छूटे नहीं।

इस पुस्तक से आपको राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित वरिष्ठ अध्यापक परीक्षा का पैटर्न समझने में आसानी होगी। इस पुस्तक से प्रथम प्रश्न–पत्र में अपनी तैयारी को परखने के साथ–साथ प्रत्येक टॉपिक की गहरी समझ भी विकसित होगी। पुस्तक को परीक्षार्थियों की आकांक्षाओं के अनुरूप अधिक से अधिक उपयोगी बनाने का प्रयास किया गया है। व्याख्या की **भाषा सरल** व **शैली बोधगम्य** रखी गयी है।

मैं उन सभी मित्रों, प्रतियोगी छात्रों का धन्यवाद ज्ञापित करता हूँ, जिन्होंने मुझे इस पुस्तक के लेखन हेतु ऊर्जावान प्रेरणा दी। यह पुस्तक मैं अपनी **स्वर्गीया माताजी** को समर्पित करता हूँ। पुस्तक लेखन के कार्य में मेरी **धर्मपत्नी श्रीमती विमला** का विशेष सहयोग रहा। मैं अपने सहयोगियों **मुकेश कुमावत, लालचन्द जाट, विक्रम सिंह, धर्मेन्द्र बिशु, कानाराम वर्मा** व टाइपिस्ट **विष्णु पुरी, असलम अली, मोहम्मद रफीक** व **यशवंत प्रजापत** का आभार व्यक्त करता हूँ, जिनके अथक परिश्रम से पुस्तक को तैयार करना संभव हो पाया।

यद्यपि पुस्तक के लेखन एवं प्रकाशन में पूर्ण सावधानी बरती गई है, तथापि आगामी संस्करणों में इसे और अधिक उपयोगी बनाने के लिए आपके अमूल्य सुझावों **(मो. 8306733800)** का हार्दिक स्वागत है।

''सफलता का कोई मंत्र नहीं होता है,
ये सिर्फ और सिर्फ आपकी मेहनत का फल है।''

**होशियार सिंह**
**(उप निरीक्षक, राजस्थान पुलिस)**

| वरिष्ठ अध्यापक प्रश्न–पत्र | | |
|---|---|---|
| **क्र.स.** | **प्रश्न–पत्र** | **पृष्ठ संख्या** |
| **1.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (ग्रुप–ए) 30 जुलाई, 2023** | **1–11** |
| **2.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (ग्रुप–बी) 30 जुलाई, 2023** | **12–21** |
| **3.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (ग्रुप–सी) 29 जनवरी, 2023** | **22–32** |
| **4.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (ग्रुप–डी) 29 जनवरी, 2023** | **33–44** |
| **5.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (ग्रुप–ए) 12 फरवरी, 2023** | **45–57** |
| **6.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (ग्रुप–बी) 12 फरवरी, 2023** | **58–67** |
| **7.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (ग्रुप–ए) 21 दिसम्बर, 2022 (परीक्षा रद्द)** | **68–77** |
| **8.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (ग्रुप–बी) 22 दिसम्बर, 2022 (परीक्षा रद्द)** | **78–86** |
| **9.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (जी. के.) 3 जुलाई, 2019** | **87–97** |
| **10.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (ग्रुप–ए) 17 फरवरी, 2019** | **98–108** |
| **11.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (ग्रुप–बी) 19 फरवरी, 2019** | **109–119** |
| **12.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (ग्रुप–ए) 28 अक्टूबर, 2018** | **120–129** |
| **13.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (ग्रुप–बी) 31 अक्टूबर, 2018** | **130–138** |
| **14.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (जी. के.) 7 फरवरी, 2018** | **139–148** |
| **15.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा 1 मई, 2017** | **149–157** |
| **16.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल, 2017** | **158–166** |
| **17.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा 19 सितम्बर, 2014** | **167–178** |
| **18.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा 22 नवम्बर, 2013** | **179–187** |
| **19.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (हिन्दी) 22 दिसम्बर, 2011** | **188–196** |
| **20.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (संस्कृत) 21 दिसम्बर, 2011** | **197–205** |
| **21.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (विज्ञान) 3 मई, 2011** | **206–214** |
| **22.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (अंग्रेजी) 2 मई, 2011** | **215–223** |
| **23.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (एसएसटी) 30 अप्रैल, 2011** | **224–230** |
| **24.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (गणित) 20 दिसम्बर, 2010** | **231–238** |
| **25.** | II$^{nd}$ Grade **भर्ती परीक्षा (उर्दू) 19 दिसम्बर, 2010** | **239–248** |

# 1 IInd Grade भर्ती परीक्षा (ग्रुप–ए) 30 जुलाई, 2023

1. .......... पर चित्रित पिछवाई नाथद्वारा चित्रकला शैली का सजीव उदाहरण है।
(1) चमड़ा (2) कागज (3) कपड़ा (4) लकड़ी

**व्याख्या–(3)** भगवान श्रीकृष्ण के मंदिर में प्रतिमा के पीछे दीवार को कपड़े से ढका जाता है, उस कपड़े पर भगवान कृष्ण के जीवन चरित्र सम्बन्धी चित्र बनाना **'पिछवाई कला'** कहलाती है। वल्लभ सम्प्रदाय के मंदिरों में पिछवाई एक प्रमुख विशेषता है।

2. मोर बांधिया, पहरावणा और ताणना नामक तीन प्रकार के विवाह किस जनजाति में प्रचलित हैं?
(1) भील (2) सहरिया
(3) गरासिया (4) मीणा

**व्याख्या–(3) मोरबंधिया–** इसमें दुल्हा दुल्हन के मौड़ बांधकर फेरे लेकर विवाह होता है
**पहरावणा–** इसमें **नाममात्र के फेरे** होते है और ब्राह्मण की आवश्यकता नहीं होती है।
**ताणना–** इसमें ना सगाई होती है ना फेरे होते हैं। वर पक्ष वधू को पंचों द्वारा तय **रकम चुका कर** ले जाता है।

3. अक्षय तृतीया का त्योहार कब मनाया जाता है?
(1) वैशाख महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया को
(2) ज्येष्ठ महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया को
(3) वैशाख महीने के कृष्ण पक्ष की तृतीया को
(4) आषाढ़ महीने के शुक्ल पक्ष की तृतीया को

**व्याख्या–(1)** अक्षय तृतीया के दिन राजस्थान में सर्वाधिक बाल–विवाह होते है, इस दिन अबूझ सावा होता है।

4. लोक गायिकी की 'चार बैत' शैली राजस्थान के किस नगर में प्रचलित रही है?
(1) टोंक (2) जयपुर (3) अलवर (4) बीकानेर

**व्याख्या–(1)** चारबैंत **टोंक** का प्रसिद्ध लोकनाट्य है। मूलरूप से **अफगानिस्तान** की कला है, पहले यह **पश्तो भाषा** में प्रस्तुत किया जाता था, करीम खां ने इसे **स्थानीय भाषा** में प्रस्तुत किया था।

5. निम्न में से कौन सी रचना कान्हड़ देव और अलाउद्दीन खिलजी के आपसी संबंधों की जानकारी देती है?
(1) सुर्जन चरित्र (2) वीरमदेव सोनगरा री बात
(3) पद्मावत (4) एकलिंग महात्मय
उत्तर–(2)

6. बीसलदेव रासो की रचना किसने की थी?
(1) चन्दबरदाई (2) महेशदास
(3) सूर्यमल्ल मिश्रण (4) नरपति नाल्ह

**व्याख्या–(4)** बीसलदेव रासो में सपादलक्ष/सांभर के चौहान शासक विग्रहराज चतुर्थ/बीसलदेव और मालवा के भोज परमार की पुत्री राजमति की प्रेम कथा का वर्णन है।

7. दादू पंथ की मुख्य गद्दी (गादी) .......... में स्थित है।
(1) नरैना (2) गोगामेड़ी (3) सांभर (4) डीडवाना

**व्याख्या–(1)** इनकी प्रमुख पीठ **नरायणा/नरैना (दूदू)** में स्थित है। इनके गुरु **बुड़्धन जी/वृद्धानन्द जी** (कबीर के शिष्य) थे।

8. भारतीय राज्य के राज्यपाल के बारे में निम्नलिखित में से कौन सा कथन सत्य नहीं है?
(1) उनकी नियुक्ति भारत के राष्ट्रपति द्वारा की जाती है।
(2) वह एक से अधिक राज्यों का राज्यपाल हो सकता है।
(3) वह पाँच साल की अवधि के लिए पद पर रहता है।
(4) यदि संबंधित राज्य की विधानमंडल उसे हटाने के लिए प्रस्ताव पारित करती है तो उसे पहले भी हटाया जा सकता है।
उत्तर–(4)

9. किस संविधान संशोधन के तहत् एक ही व्यक्ति को दो या अधिक राज्यों का राज्यपाल बनाया जा सकता है?
(1) 5वाँ संविधान संशोधन (2) 7वाँ संविधान संशोधन
(3) 10वाँ संविधान संशोधन (4) 25वाँ संविधान संशोधन

**व्याख्या–(2) 7वाँ संविधान संशोधन 1956** की धारा 6 के अनुसार एक ही व्यक्ति को **दो या दो** से अधिक राज्यों का राज्यपाल नियुक्त किया जा सकता है।

10. मण्डन द्वारा निम्नलिखित किन पुस्तकों की रचना की गयी थी?
**(i)** राजवल्लभ **(ii)** रूपावतार
**(iii)** देवमूर्ति प्रकरण **(iv)** वास्तुसार
(1) (i), (ii), (iii) एवं (iv) (2) (i), (iii) एवं (iv)
(3) (ii) एवं (iii) (4) (iii) एवं (iv)
उत्तर–(1)

11. राजस्थान के मुख्यमंत्री के अपने प्रथम कार्यकाल के दौरान, श्री अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री का पद निम्न में से किस तारीख को सँभाला था?
(1) दिसम्बर 1, 1998 (2) दिसम्बर 2, 1998
(3) दिसम्बर 3, 1998 (4) दिसम्बर 12, 1998

# 2 IInd Grade भर्ती परीक्षा (ग्रुप–बी) 30 जुलाई, 2023

1. तिलवाड़ा का मेला निम्नलिखित किस लोक देवता की स्मृति में भरता है?
(1) संत मावजी (2) मल्लीनाथ जी
(3) देवनारायणजी (4) वीर फत्ताजी

व्याख्या–(2) लोकदेवता मल्लीनाथ जी का मुख्य मंदिर **तिलवाड़ा, बालोतरा** (लूणी नदी के किनारे) में स्थित है। यहाँ **चैत्र कृष्ण एकादशी से चैत्र शुक्ल एकादशी** तक मेला लगता है। इसी समय मल्लीनाथ पशु मेला भी लगता है, जो राजस्थान का सबसे प्राचीन पशु मेला माना जाता है।

2. बीकानेर के निकट सम्भराथल को किसने अपना कर्म–स्थल बनाया?
(1) गोगाजी (2) पाबूजी (3) धन्नाजी (4) जाम्भोजी

व्याख्या–(4) जाम्भोजी द्वारा **समराथल (बीकानेर)** में 1485 ई. में **विश्नोई सम्प्रदाय की स्थापना** की गई। समराथल को **'धोक धोरा'** के नाम से भी जाना जाता है।

3. निम्नलिखित मे से कौन सा मन्दिर, मन्दिर स्थापत्य कला की मारू गुर्जर शैली का है?
(1) समाधीश्वर मन्दिर (चित्तौड़गढ़ के दुर्ग में स्थित)
(2) किराडू का सोमेश्वर मन्दिर (3) आउवा का कामेश्वर मन्दिर
(4) नागदा के सास–बहू के मन्दिर (उदयपुर के पास)

व्याख्या–(1) किराडू का सोमेश्वर मंदिर– **गुर्जर प्रतिहार शैली/महामारू शैली।**
आउवा का कामेश्वर मंदिर– **गुर्जर प्रतिहार शैली।**
नागदा के सास–बहू मंदिर– **पंचायतन शैली** (मंदिर का शिखर **नागर शैली** में)।

4. कलाकार निहालचंद चित्रकला के किस स्कूल से सम्बन्धित हैं?
(1) किशनगढ़ स्कूल (2) ढूंढाड़ स्कूल
(3) मेवाड़ स्कूल (4) हाड़ौती स्कूल

व्याख्या–(1) मोरध्वज निहालचन्द किशनगढ़ शैली का प्रमुख चित्रकार था। निहालचन्द **राजा सावंतसिंह** के दरबार में प्रसिद्ध चित्रकार था। इसने सांवतसिंह की पासवान बणी–ठणी को राधा का रूप देकर प्रसिद्ध चित्र का चित्रांकन किया।

5. राजस्थान में त्योहारों की शुरूआत श्रावणी तीज से होती है और अंत.......से होता है।
(1) हरियाली तीज (2) चतरा चौथ
(3) शीतलाष्टमी (4) गणगौर
उत्तर–(4)

6. सिरोही राज्य का राजस्थान में पूर्ण विलय कब हुआ था?
(1) 5 जनवरी, 1949 (2) 1 नवम्बर, 1956
(3) 15 जनवरी, 1950 (4) 25 जनवरी, 1950

व्याख्या–(2) राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिश पर 1 नवम्बर, 1956 को अजमेर–मेरवाड़ा का प्रदेश, माउन्ट आबू व देलवाड़ा तहसील का राजस्थान में विलय किया गया। इसके अलावा मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले की मानपुरा तहसील का सुनेल टप्पा गाँव (झालावाड़) का विलय भी राजस्थान में किया गया तथा कोटा जिले का सिरोज क्षेत्र मध्यप्रदेश को दिया गया।

7. गवरी नृत्य का संबंध किस जनजाति से है?
(1) कालबेलिया (2) भील (3) बनजारा (4) गरासिया

व्याख्या–(2) **भीलों के प्रमुख नृत्य–**
1. गैर नृत्य 2. गवरी/राई नृत्य 3. नेजा नृत्य 4. द्विचक्री नृत्य 5. हाथीमना नृत्य 6. भगोरिया नृत्य 7. घूमरा नृत्य 8. युद्ध नृत्य 9. सूकर नृत्य 10. रमणी नृत्य।

8. अहीरवाटी बोली राजस्थान के किस क्षेत्र में बोली जाती है?
(1) मारवाड़ (2) मेवाड़ (3) ढूंढाड़ (4) मेवात

व्याख्या–(4) अहीरवाटी बोली को **हीरवाटी/हीरवाल बोली/राठी** भी कहा जाता है। अहीर जाति के क्षेत्र की बोली है, इसे **राठ क्षेत्र** भी कहते हैं। यह बोली **बहरोड़–कोटपुतली, मंडावर** (अलवर), **किशनगढ़ बास** (खैरथल तिजारा) में बोली जाती है। **अलीबक्शी ख्याल** अहीरवाटी बोली में है।

9. किस संविधान संशोधन अधिनियम द्वारा राजस्थान में राजप्रमुख के पद को समाप्त कर दिया गया था?
(1) पाँचवें संविधान संशोधन अधिनियम
(2) छठे संविधान संशोधन अधिनियम
(3) सातवें संविधान संशोधन अधिनियम
(4) आठवें संविधान संशोधन अधिनियम

व्याख्या–(3) 7वें संविधान संशोधन अधिनियम 1956 के द्वारा ए.बी.सी. श्रेणी का भेदभाव समाप्त कर इन्हें राज्य व केन्द्रशासित प्रदेश कर दिया गया है। राजप्रमुख के स्थान पर **'राज्यपाल'** पद सृजित किया गया।

10. राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित अध्यादेश की मंजूरी आवश्यक है–
(1) राष्ट्रपति द्वारा (2) राज्य विधानमण्डल द्वारा
(3) राज्य परिषद के मंत्रियों द्वारा
(4) इनमें से कोई नहीं

**51. किसी क्षेत्र को अनुसूचित क्षेत्र घोषित करने की शक्ति किसके पास है?**

(1) उस राज्य के मुख्यमंत्री (2) प्रधानमंत्री
(3) उस राज्य के राज्यपाल (4) राष्ट्रपति

**उत्तर–(4)**

**52. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही नहीं है?**

(1) सामूहिक उत्तरदायित्व : अनुच्छेद 75 (3)
(2) मंत्रियों की नियुक्ति : अनुच्छेद 75(1)
(3) व्यक्तिगत जिम्मेदारी : अनुच्छेद 75(2)
(4) किसी मंत्री को पद की शपथ : अनुच्छेद 75(5)

**व्याख्या–(4)** अनुच्छेद–75 (5) के अनुसार कोई मंत्री लगातार 6 माह की अवधि तक संसद के किसी भी सदन का सदस्य नहीं होने पर 6 माह बाद वह मंत्री नहीं रहेगा।

**53. निम्नलिखित में से कौन सा विकल्प सही नहीं है?**

(1) कार्यपालिका से न्यायपालिका का पृथक्करण : अनुच्छेद 50
(2) समान नागरिक संहिता : अनुच्छेद 44
(3) प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी : अनुच्छेद 42 A
(4) ग्राम पंचायत : अनुच्छेद 40

**व्याख्या–(3)** औद्योगिक संस्थानों के प्रबंधन में श्रमिकों की भागीदारी का उल्लेख अनुच्छेद–43 **A** में मिलता है। इसे 42वें संविधान संशोधन 1976 के तहत् जोड़ा गया।

**54. स्वतंत्रता से पहले, दिल्ली में एशियाई संबंध सम्मेलन कब प्रारंभ हुआ?**

(1) 14 फरवरी, 1947 (2) 27 फरवरी, 1947
(3) 21 मार्च, 1947 (4) 23 मार्च, 1947

**व्याख्या–(4)** पहले एशियाई सम्बन्ध सम्मेलन (ARC) की मेजबानी भारत ने नई दिल्ली में 23 मार्च से 2 अप्रैल, 1947 तक की।

**55. विश्व मामलों की भारतीय परिषद् की स्थापना किस वर्ष में हुई थी?**

(1) 1939 (2) 1943 (3) 1945 (4) 1948

**व्याख्या–(2)** भारतीय विश्व मामलों की परिषद् (ICWA) नई दिल्ली में स्थित एक थिंक टैंक है। यह भारत का पहला स्वतंत्र अन्तर्राष्ट्रीय मामलों का थिंक टैंक था। भारत के उपराष्ट्रपति इसके पदेन अध्यक्ष होते हैं।

**56. शीतयुद्धोत्तर विश्व में किसने 'सभ्यताओं के टकराव' का विचार दिया?**

(1) हेनरी किसिंजर (2) जोसफ नाए
(3) सेमुअल पी. हंटिंगटन (4) रिचर्ड रोजक्रेंस

**उत्तर–(3)**

**57. निम्नलिखित सूची–P को सूची–R से सुमेलित करें :**

| सूची–P | सूची–R |
|---|---|
| a. ए.आई.ए.डी.एम.के. | i. 1997 |
| b. बी.जे.डी. | ii. 1972 |
| c. आई.एन.एल.डी. | iii. 1999 |
| d. एस.पी. | iv. 1992 |

सही विकल्प चुनें :

| | a | b | c | d |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iii | i | iv |
| (2) | iii | i | iv | ii |
| (3) | ii | i | iii | iv |
| (4) | i | iii | iv | ii |

**उत्तर–(3)**

**58. निम्न में से कौन सा विकल्प सही नहीं है?**

(1) कम्यूनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया : AITUC
(2) इंडियन नेशनल कांग्रेस : INTUC
(3) भारतीय जनता पार्टी : HMD
(4) ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक : TUCC

**व्याख्या–(3)** भारतीय जनता पार्टी (BJP) की स्थापना 1980 में हुई। इसके संस्थापक अटल बिहारी वाजपेयी व लालकृष्ण आडवाणी थे। इसका चुनाव चिह्न **कमल का फूल** है।

**59. शिक्षा मनोविज्ञान एक सकारात्मक विज्ञान है शिक्षा मनोविज्ञान की इस प्रकृति के लिए निम्नलिखित में से कौन सा कथन उपयुक्त नहीं है?**

(1) यह तथ्यों को जैसे वे हैं उसी तरह लेती है।
(2) यह तथ्यों को जैसे वे कार्य करते हैं उसी तरह लेती है।
(3) यह तथ्यों को तर्क और नैतिकता की दृष्टि से लेती है जैसा कि उन्हें होना चाहिए।
(4) यह बालक के व्यवहार को जैसा है उसी तरह लेती है।

**व्याख्या–(3)** शिक्षा मनोविज्ञान की प्रकृति तार्किक और वस्तुनिष्ठ परीक्षणों पर आधारित होती है। इसमें नैतिकता का कोई स्थान नहीं होता है। इसलिए शिक्षा मनोविज्ञान को विधायक विज्ञान कहा जाता है।

**60. निम्नलिखित में से कौन सा शिक्षा मनोविज्ञान के संदर्भ में सही कथन नहीं है?**

(1) मनोविज्ञान के सिद्धान्तों व परिणामों का शिक्षा के क्षेत्र में अनुप्रयोग शिक्षा मनोविज्ञान है।
(2) शिक्षा मनोविज्ञान की वह शाखा है जो केवल शिक्षण से सम्बन्धित होती है।
(3) शिक्षा मनोविज्ञान शैक्षिक परिस्थितियों के मनोवैज्ञानिक पक्ष का अध्ययन है।
(4) शिक्षा मनोविज्ञान शैक्षिक विकास का क्रमबद्ध अध्ययन है।

# 3 IInd Grade भर्ती परीक्षा (ग्रुप–सी) 29 जनवरी, 2023

1. **'फूटा देवल' मेला कहाँ आयोजित होता है?**
(1) उदयपुर (2) सिरोही
(3) राजसमन्द (4) डूँगरपुर

**व्याख्या–(3)** राजसमंद जिले में परशुराम की गुफा व प्राकृतिक शिवलिंग है। कुंभलगढ़ अभयारण्य क्षेत्र में अरावली की पश्चिमी ढ़ालों में यह गुफा स्थित है। इसे '**राजस्थान का अमरनाथ**' कहा जाता है। यहाँ प्रतिवर्ष **शिवरात्री** और **श्रावण शुक्ल षष्ठी व सप्तमी** को मेला भरता है। यहीं पर श्रावण मास के शुक्ल पक्ष में **फूटा देवल मेला** भरता है।

2. **'कजली तीज' का त्योहार कहाँ मनाया जाता है?**
(1) बाड़मेर (2) बूँदी (3) जयपुर (4) जोधपुर

**व्याख्या–(2)** बड़ी तीज **भाद्रपद कृष्ण तृत्तीया** को मनाई जाती है। इसे **कजली तीज/सातुड़ी तीज/बूढ़ी तीज** भी कहा जाता है। स्त्रियों द्वारा व्रत रखकर गायों का पूजन किया जाता है। कजली तीज मेला व सवारी **बूँदी** की प्रसिद्ध है।

3. **सांझी के रूप में किस देवी की पूजा की जाती है?**
(1) पार्वती (2) दुर्गा (3) सरस्वती (4) लक्ष्मी

**व्याख्या–(1)** सांझी भाद्रपद पूर्णिमा से आश्विन अमावस्या तक मनायी जाती है। इन 16 दिनों में कुँवारी कन्याएँ भाँति–भाँति प्रकार की गोबर से सांझिया बनाती है व पूजा करती है। सांझी के रूप में देवी पार्वती का पूजन किया जाता है।

4. **मांदल्या आभूषण महिलाओं द्वारा शरीर के किस अंग पर पहना जाता है?**
(1) पैर (2) हाथ (3) वक्ष (4) कमर

**व्याख्या–(3) मादळिया/मांदल्या**– ताबीज की तरह या **ढोलक के आकार** का बना छोटा आभूषण, जो डोरी मे पिरोकर गले में पहना जाता है।

5. **'मानचरित्र रासो' के रचयिता कौन हैं?**
(1) नैणसी (2) कवि नरोत्तम (3) कवि बांकीदास (4) दयालदास

**व्याख्या–(2)** यह ग्रन्थ महाराजा मानसिंह प्रथम (1589–1614 ई.) और हल्दीघाटी के युद्ध की जानकारी के लिए अच्छा स्रोत है।

6. **'अग्नि नृत्य' का उद्‌गम किस स्थान से हुआ?**
(1) कतरियासर (2) आहोर (3) बोरूंदा (4) रुणेचा

**व्याख्या–(1)** जसनाथी सम्प्रदाय के अनुयायी जाट सिद्धों द्वारा रात्रि जागरण में **नगाड़ा वाद्ययंत्र** पर पुरुषों द्वारा अग्नि नृत्य किया जाता है। इस नृत्य में अंगारों के ढेर को 'धूणा' कहा जाता है।

7. **राजस्थान का राज्यपाल निम्नांकित में से किस विश्वविद्यालय का कुलाधिपति नहीं है?**
(1) राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
(2) जगद्‌गुरु रामानंदाचार्य राजस्थान संस्कृत विश्वविद्यालय, जयपुर
(3) राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, अजमेर
(4) हरिदेव जोशी पत्रकारिता और जनसंचार विश्वविद्यालय, जयपुर

**व्याख्या–(3)** राज्यपाल राज्य के सभी राज्य विश्वविद्यालयों (राज्य सरकार द्वारा वित्त पोषित) का कुलाधिपति होता है तथा कुलपतियों की नियुक्तियाँ करता है।

8. **किसकी सलाह पर राज्यपाल राजस्थान विधानसभा सदस्य की निर्योग्यता संबंधी मामलों का निर्णय कर सकता है?**
(1) विधानसभा अध्यक्ष (2) मुख्यमंत्री
(3) निर्वाचन आयोग (4) राष्ट्रपति

**व्याख्या–(3)** अनुच्छेद–192(2) के तहत् राज्यपाल सदस्यों की निरर्हता के सम्बन्ध में निर्णय निर्वाचन आयोग की राय के अनुसार लेगा।

9. **निम्नांकित में से कौन सा युग्म सुमेलित नहीं है?**
(1) सी.के. मैथ्यू– वसुंधरा राजे
(2) राजीव महर्षि– अशोक गहलोत
(3) मीठा लाल मेहता– भैरोंसिंह शेखावत
(4) के.पी.यू. मेनन– मोहनलाल सुखाड़िया

**व्याख्या–**(डिलीट) सी.के. मैथ्यू अशोक गहलोत के कार्यकाल में मुख्य सचिव थे, जबकि राजीव महर्षि वसुन्धरा राजे के काल में मुख्य सचिव थे। दोनों युग्म असुमेलित होने के कारण यह प्रश्न डिलीट किया गया है।

10. **निम्न में से कौन सा कथन राजस्थान लोक सेवा आयोग के संबद्ध में गलत है**
(1) इसकी स्थापना दिसंबर 1949 को हुई।
(2) प्रारंभ में इसमें अध्यक्ष सहित चार सदस्य थे।
(3) 1951 में राजप्रमुख द्वारा आयोग के कार्यों को नियमित करने के उद्देश्य से विनियम पारित किये गए।
(4) मुख्य न्यायाधीश एस.के. घोष को इसका अध्यक्ष बनाया गया।

**व्याख्या–(2)** राज्य लोकसेवा आयोग के गठन के समय 1 अध्यक्ष व 2 सदस्य थे, जबकि वर्तमान में 1 अध्यक्ष व 7 सदस्य है।

# 4 IInd Grade भर्ती परीक्षा (ग्रुप–डी) 29 जनवरी, 2023

1. **मत्स्य संघ के मंत्रिमण्डल में निम्न में से कौन सम्मिलित नहीं था?**
(1) युगल किशोर चतुर्वेदी (2) चिरंजी लाल शर्मा
(3) भोलानाथ (4) प्रेम नारायण माथुर

**व्याख्या–(4)** मत्स्य संघ के **मंत्रिमण्डल** में **मास्टर भोलानाथ** (अलवर), **जुगल किशोर चतुर्वेदी** (भरतपुर), **गोपीलाल यादव, डॉ. मंगल सिंह** (धौलपुर) **और चिरंजीलाल शर्मा** (करौली) शामिल थे।

2. **'कूदण' की घटना किस किसान आंदोलन से सम्बन्धित है?**
(1) बीकानेर (2) बूँदी
(3) बेगूं (4) सीकर

**व्याख्या–(4)** अप्रैल 1935 में सीकर ठिकाने का राजस्व अधिकारी **कैप्टन वेब** के साथ सीकर के **कुदण गाँव** लगान वसूलने पहुँचा, जिससे किसान उग्र हो गए। **'कैप्टन वैब'** ने किसानों पर अपना गुस्सा निकालते हुए **'कुदण गाँव'** में लूटपाट की और गोलियाँ चलाई, जिससे 4 जाट (चेतराम भूकर, टीकुराम भूकर, तुलछाराम भूकर व आशाराम पिलानिया) मारे गए तथा 14 किसान घायल हुए।

3. **'नागणेची माता का मन्दिर' स्थित है**
(1) जयपुर (2) बाड़मेर (3) जालौर (4) जोधपुर

**व्याख्या–(डिलीट)** नागणेची माता का प्रथम धाम नगाणा **(वर्तमान जिला बालोतरा)** माना जाता है। राव जोधा ने **नगाणा से** यह मूल मूर्ति मंगवाकर **जोधपुर** के मेहरानगढ़ दुर्ग में नागणेची माता का मंदिर बनवाया। राव बीका ने भी जोधपुर से 18 भुजाओं वाली **चाँदी की** मूर्ति मंगवा कर बीकानेर में **नागणेची माता का मंदिर** बनवा कर स्थापना करवाई। इस प्रश्न के विकल्प में **बाड़मेर व जोधपुर** दोनों होने के कारण यह प्रश्न डिलीट किया गया।

4. **चिल्ह का टोला किस दुर्ग का पूर्ववर्ती नाम है?**
(1) जयगढ़ दुर्ग (2) चित्तौड़गढ़
(3) गागरोन दुर्ग (4) रणथम्भोर दुर्ग

**व्याख्या–(1)** जयगढ़ दुर्ग **'चील का टोला' (ईगल की पहाड़ी)** नामक पहाड़ी पर बना होने के कारण इसे चील का टोला/चिल्ह का टोला कहा जाता है। इसका निर्माण **महाराजा मानसिंह प्रथम** द्वारा करवाया गया। इसके बाद मिर्जा राजा जयसिंह ने इस दुर्ग पर निर्माण करवाया अतः यह दुर्ग **जयगढ़** कहलाया।

5. **निम्नलिखित में से वह कौन सा चित्रकार है, जिसका बीकानेर चित्रशैली से सम्बन्ध नहीं है?**
(1) अलीराजा (2) हमीद (3) अहमद (4) साहिबराम

**व्याख्या–(4)** साहिबराम का सम्बन्ध **जयपुर चित्रशैली** से है।

6. **निम्नलिखित आभूषणों की सूची में से कान में पहने जाने वाले आभूषण को चिन्हित कीजिए:**
(1) सुरलिया (2) मटरमाला (3) तकया (4) मूंदडी
उत्तर–(1)

7. **'शंकरिया नृत्य' सम्बन्धित है:**
(1) भीलों से (2) गरासियों से
(3) कालबेलियों से (4) गुर्जरों से

**व्याख्या–(3)** शंकरिया नृत्य **कालबेलिया जाति** द्वारा किया जाता है। यह **प्रेम कहानी** पर आधारित होने के कारण **स्त्री–पुरुष** दोनों के द्वारा प्रस्तुत किया जाता है। इसमें **अंग संचालन** का विशेष महत्व होता है।

8. **'नेमिनाथ बारहमासा' के रचयिता हैं**
(1) सुमतिगणि (2) पल्हण (3) राजशेखर सूरि (4) जिनदत्त सूरि
उत्तर–(2)

9. **चारण चरजाएँ से क्या अभिप्राय है?**
(1) करणी माता की स्तुतियाँ (2) चारण लोकगीत
(3) चारण आख्यिकाएँ (4) चारण उत्सव
उत्तर–(1)

10. **राजस्थान का राज्यपाल किसे पद की शपथ नहीं दिलाता है?**
(1) राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को
(2) राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष को
(3) राजस्थान विधानसभा के सदस्य को
(4) राज्य के मंत्री को

**व्याख्या–(2)** विधानसभा अध्यक्ष केवल विधानसभा की सदस्यता की शपथ लेता है। विधानसभा अध्यक्ष पद की अलग से शपथ नहीं लेता है।

11. **अनुच्छेद 213 के तहत् राज्यपाल को निम्न में से कौन सी शक्ति प्राप्त है?**
(1) अध्यादेश जारी करने की शक्ति
(2) क्षमादान की शक्ति
(3) निषेधाधिकार की शक्ति
(4) मंत्रिपरिषद् के निर्माण की शक्ति

# 5 IInd Grade भर्ती परीक्षा (ग्रुप–ए) 12 फरवरी, 2023

1. **1857 ई. के प्रथम स्वतन्त्रता संग्राम में अंग्रेजों के विरुद्ध झाँसी की रानी लक्ष्मी बाई और तात्यां टोपे को अपनी सेनाओं के वेतन और रसद हेतु धन किसने उपलब्ध करवाया?**
(1) डूंगजी–जवाहरजी (2) सेठ अमरचन्द बांठिया
(3) कुँवर दीपसिंह (4) महाराजा मानसिंह

**व्याख्या–(2)** अमरचन्द बांठिया का जन्म 1793 ई. में बीकानेर में हुआ था। 1857 की क्रांति के समय इन्होंने राजकोष का खजाना व अपनी पैतृक सम्पति लक्ष्मी बाई व तात्या टोपे को सौंपकर स्वतंत्रता संग्राम में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। इन्हें राजस्थान का मंगल पाण्डे/राजस्थान का दूसरा भामाशाह कहा जाता है।

2. **पथिक ने किस समाचार–पत्र के माध्यम से बिजौलिया कृषक आंदोलन को अन्य भारतीय समाचार–पत्रों तक पहुँचा दिया?**
(1) प्रताप (2) राजस्थान केसरी
(3) नवीन राजस्थान (4) प्रभात

**व्याख्या–(1)** पथिक जी ने **बिजौलिया** किसान आन्दोलन को गति देने और लोकप्रिय बनाने हेतु **'कानपुर'** से प्रकाशित होने वाले **'प्रताप'** समाचार–पत्र के सम्पादक **गणेश शंकर विद्यार्थी** को रक्षाबंधन के अवसर पर **चाँदी की एक राखी** भेजी और इस आन्दोलन की खबरें प्रकाशित करवाई।

3. **निम्न में से किस संस्था ने अछूतों की शिक्षा के लिए चूरू में कबीर पाठशाला स्थापित की?**
(1) सर्वहितकारिणी सभा (2) बीकानेर प्रजा मण्डल
(3) बीकानेर राज्य प्रजा परिषद्
(4) लोक परिषद्

**व्याख्या–(1)** स्वामी गोपालदास ने पंडित कन्हैयालाल ढूंढ तथा पंडित श्रीराम मास्टर के सहयोग से 1907 में सर्वहितकारिणी सभा की स्थापना की। इस सभा के अन्तर्गत स्वामी गोपालदास ने चुरू में बालिका शिक्षा के लिए 1912 में 'सर्वहितकारिणी पुत्री पाठशाला' तथा हरिजन वर्ग की शिक्षा के लिए 'कबीर पाठशाला' की स्थापना की।

4. **भीलों में धर्मसुधार के लिए 'भगत पंथ' की स्थापना किसने की?**
(1) मोतीलाल तेजावत (2) गोविन्द गुरु
(3) विजय सिंह पथिक (4) सीताराम दास
उत्तर–(2)

5. **भारत सरकार ने 5 जनवरी, 1949 को सिरोही का प्रशासन ............... सरकार को सौंप दिया।**
(1) मध्य प्रदेश (2) बम्बई
(3) गुजरात (4) राजस्थान

**व्याख्या–(2)** 8 नवम्बर, 1948 को **सिरोही** का शासन प्रबन्ध भारत सरकार को सुपुर्द कर दिया गया। **5 जनवरी, 1949** को **भारत सरकार** ने सिरोही का शासन प्रबन्ध **बम्बई सरकार** को सौंप दिया।

6. **रिखिया, ब्यावले और नेजा निम्न में से किस लोक देवता से संबंधित हैं?**
(1) पाबूजी (2) तेजाजी
(3) मल्लीनाथजी (4) रामदेवजी

**व्याख्या–(4) रिखिया–** रामदेवजी के मेघवाल भक्त रिखिया कहलाते है।
**ब्यावले–** रामदेवजी की आस्था में भक्तों द्वारा बांचे जाते है।
**नेजा–** रामदेवजी की ध्वजा जो श्वेत/पाँच रंगों की होती है।
**जम्मा–** रामदेवजी का रात्रि जागरण जम्मा कहलाता है।
**परचा–** रामदेवजी के चमत्कारिक जीवनगाथाओं का यशगान परचा में होता है।
**देवरा–** रामदेवजी का मंदिर देवरा कहलाता है।

7. **निम्नलिखित में से कौन सा सुमेलित नहीं है?**

| (संप्रदाय) | (संत) |
|---|---|
| (1) निरंजनी | – हरिदास जी |
| (2) गूदड़ | – नवलदास जी |
| (3) अलखिया | – लालगिरी जी |
| (4) निष्कलंक | – मावजी |

**व्याख्या–(2)** गूदड़ सम्प्रदाय के प्रवर्तक **संतदास जी** (निर्गुण भक्ति) थे। इनकी प्रमुख पीठ **दांतड़ा (शाहपुरा)** में स्थित है। इनके प्रवर्तक गुदड़ी से बने कपड़े पहनते थे।

8. **झाला हवेली किस किले/महल में अवस्थित है?**
(1) कोटा (2) बूँदी
(3) झालावाड़ (4) बीकानेर
उत्तर–(1)

9. **चित्रकार मोहम्मद शाह जिन्होंने भगवान कृष्ण का चित्रांकन अपने चित्रों में किया, संबंधित थे:**
(1) बीकानेर राज्य (2) किशनगढ़ राज्य
(3) जयपुर राज्य (4) जोधपुर राज्य

**49. भारत में 2019–20 के लिये चालू कीमतों पर सकल मूल्यवर्धन में मध्यम, लघु व सूक्ष्म उद्योगों का जी.वी.ए. हिस्सा था:**

(1) 18 प्रतिशत (2) 13 प्रतिशत
(3) 25 प्रतिशत (4) 33.08 प्रतिशत

उत्तर–(4)

**50. निम्नलिखित में से किसने मॉण्टेग्यू–चेम्सफॉर्ड सुधारों को "असंतोषजनक, निराशाजनक और प्रकाशहीन सूर्य" बताया?**

(1) डॉ. एनी बेसेंट (2) गोपाल कृष्ण गोखले
(3) लाला लाजपत राय (4) बाल गंगाधर तिलक

उत्तर–(4)

**51. निम्नलिखित में से कौन सा भारत सरकार अधिनियम, 1935 द्वारा स्थापित अथवा पुनर्गठित किया गया था?**

(I) संघीय लोक सेवा आयोग (II) संघीय न्यायालय
सही विकल्प का चयन करें

(1) केवल (II) (2) (I) और (II)
(3) केवल (I) (4) ना तो (I) और ना ही (II)

**व्याख्या–(2) भारत शासन अधिनियम, 1935–**
राष्ट्रपति की अध्यादेश जारी करने की शक्ति
नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक
राष्ट्रपति के आपातकालीन उपबंध
एकीकृत न्यायपालिका
राष्ट्रपति की विधेयक पर स्वीकृति संबंधी प्रावधान
संघ का राज्य के शासन में हस्तक्षेप
संघ तथा राज्यों के मध्य शक्तियों का विभाजन
संघीय लोकसेवा आयोग, राज्यपाल का कार्यकाल
7वीं अनुसूची में सम्मिलित तीन सूचियाँ (केन्द्र, राज्य एवं समवर्ती सूची)
उच्चतम न्यायालय की राष्ट्रपति को सलाह देने की शक्ति (अनु.–143)

**52. गाँधीजी ने 1921 में स्वराज ध्वज डिजाइन किया था, जिसके तीन रंगों में शामिल थे–**

(1) लाल, हरा और सफेद (2) केसरिया, सफेद और हरा
(3) लाल, सफेद और पीला (4) केसरिया, सफेद और पीला

**व्याख्या–(1)** गाँधीजी ने **1921** में स्वराज ध्वज डिजाइन किया था। इस ध्वज में **3 रंग** शामिल थे– लाल, हरा और सफेद। इसके केन्द्र में एक **चरखा** था, जो स्व–सहायता के गाँधीवादी आदर्श का प्रतिनिधित्व करता है।

**53. भारत के संविधान के अनुच्छेद 22 के तहत प्रथम बार निवारक निरोध अधिनियम कब अधिनियमित किया गया?**

(1) 1950 (2) 1951 (3) 1952 (4) 1953

**व्याख्या–(1) संसद द्वारा पारित किये गये निवारक निरोध अधिनियम–**
(i) निवारक निरोध अधिनियम, 1950– यह अधिनियम **31 दिसम्बर, 1969** तक लागू रहा।
(ii) आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था अधिनियम (MISA), 1971
(iii) विदेशी मुद्रा संरक्षण और तस्करी निवारण अधिनियम, 1974
(iv) राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (रासुका), 1980
(v) आतंकवादी एवं विध्वंशक गतिविधि (निरोध) अधिनियम (TADA), 1985
(vi) आंतकवाद निरोधी अधिनियम (POTA), 2002
(vii) गैर कानूनी गतिविधियाँ निरोधक अधिनियम, 2008

**54. भारत के संविधान के संदर्भ में निम्नलिखित शब्दों पर विचार करें:**

(I) वैज्ञानिक दृष्टिकोण (II) प्राणिमात्र के प्रति दयाभाव
(III) सामाजिक संस्कृति (IV) सभी क्षेत्रों में उत्कर्ष
इनमें से किनका उल्लेख भाग IV क में किया गया है?

(1) (I) और (IV) (2) (II) और (III)
(3) (II), (III) और (IV) (4) (I), (II), (III) और (IV)

उत्तर–(4)

**55. निम्नलिखित में से भारत के संविधान के किस अनुच्छेद को प्रभावी बनाने हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 अधिनियमित किया गया?**

(1) 38 (2) 39 क
(3) 40 (4) 44

**व्याख्या–(2)** अनुच्छेद–39 (क)– निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान करने हेतु विधिक सेवा प्राधिकरण अधिनियम, 1987 के तहत् **राष्ट्रीय, राज्य व जिला स्तर** पर विधिक सेवा प्राधिकरण गठित किये गये है अर्थात् **NLSA, SLSA व DLSA** की स्थापना की गई है।

**56. भारत में मंत्रि–परिषद् से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :**

(I) मंत्रि–परिषद् में भारत सरकार के सभी श्रेणियों के मंत्री होते हैं चाहे वे 'मंत्रिमण्डल के सदस्य' हों या 'राज्य–मंत्री' या 'उप–मंत्री'।
(II) मंत्रि–परिषद् का प्रमुख होने के कारण प्रधानमंत्री फैसला करता है कि कौन–कौन से मंत्री मंत्रि–मण्डल के सदस्य होंगे।

(1) केवल (I) सही है।
(2) केवल (II) सही है।
(3) (I) व (II) दोनों सही है।
(4) ना तो (I) ना ही (II) सही है।

# 6 IIⁿᵈ Grade भर्ती परीक्षा (ग्रुप–बी) 12 फरवरी, 2023

1. **भारत के संविधान के अनुच्छेद 199 के अन्तर्गत दी गई धन विधेयक की परिभाषा में निम्नांकित में से कौन सम्मिलित नहीं है?**
(1) विधेयक जो राज्य द्वारा धन उधार लेने के विनियमन का उपबंध करता है।
(2) विधेयक जो राज्य की संचित निधि या आकस्मिकता निधि की अभिरक्षा का उपबंध करता है।
(3) विधेयक जो किसी स्थानीय प्राधिकारी या निकाय द्वारा स्थानीय प्रयोजनों के लिए किसी कर के अधिरोपण, उत्सादन, परिहार, परिवर्तन या विनियमन का उपबंध करता है।
(4) विधेयक जो राज्य सरकार द्वारा किसी कर के अधिरोपण, उत्सादन, परिहार, परिवर्तन या विनियमन का उपबंध करता है।
उत्तर–(3)

2. **राजस्थान विधानसभा में सदस्यों की निरर्हताओं से सम्बन्धित प्रश्नों पर विनिश्चय के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:**
(i) यदि यह प्रश्न उठता है कि राज्य विधान सभा का कोई सदस्य भारत के संविधान के अनुच्छेद 191 के खण्ड (1) में वर्णित किसी निरर्हता से ग्रस्त हो गया है या नहीं, तो वह प्रश्न विधान सभाध्यक्ष को विनिश्चय के लिए निर्देशित किया जाएगा और उसका विनिश्चय अन्तिम होगा।
(ii) ऐसे किसी प्रश्न पर विनिश्चय करने से पहले अध्यक्ष निर्वाचन आयोग की राय लेगा और ऐसी राय के अनुसार कार्य करेगा।
(1) केवल (ii) सही है। (2) (i) व (ii) दोनों सही हैं।
(3) न तो (i) और न ही (ii) सही है।
(4) केवल (i) सही है।

**व्याख्या–(3) अनुच्छेद 192(1)–** यदि यह प्रश्न उठता है कि किसी राज्य के विधानमण्डल के किसी **सदन का कोई सदस्य अनुच्छेद 191** के खण्ड (1) में वर्णित किसी **निरर्हता** (अयोग्यता) से ग्रस्त हो गया है या नहीं, तो वह प्रश्न **राज्यपाल** को विनिश्चय के लिए निर्दिष्ट किया जायेगा और उसका निर्णय **अंतिम** होगा।
**अनुच्छेद 192(2)–** ऐसे किसी प्रश्न का निर्णय करने से पहले **राज्यपाल, निर्वाचन आयोग** की राय लेगा और उसकी राय के अनुसार कार्य करेगा।

3. **निम्नांकित में से कौन राजस्थान रत्न अवार्ड–2022 से सम्मानित होने वालों की सूची में सम्मिलित नहीं हैं?**
(1) शीन काफ निजाम (2) के.सी. मालू
(3) डी.आर. मेहता (4) आर.एम. लोढ़ा
उत्तर–(3)

4. **राजस्थान ई–व्हीकल पॉलिसी 2022 में अपने प्रारंभ से कितने समय तक अस्तित्व में रहेगी?**
(1) 5 वर्ष (2) 7 वर्ष (3) 10 वर्ष (4) 3 वर्ष
उत्तर–(1)

5. **देवेंद्र झाझड़िया ने अब तक पैरालम्पिक में कितने पदक हासिल किए हैं?**
(1) तीन (2) दो (3) एक (4) चार

**व्याख्या–(1)** वर्तमान में देवेन्द्र झाझड़िया फार्मेसी काउंसील ऑफ इण्डिया (पीसीआई) के अध्यक्ष हैं।

6. **राजस्थान में पंचायती राज के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें:**
**कथन(I)– जोधपुर, भरतपुर, जयपुर, सिरोही, उदयपुर और करौली रियासतों ने पंचायतों पर कानून बनाए।**
**कथन (II)– बीकानेर राज्य का अपना ग्राम पंचायत अधिनियम बहुत पहले 1928 में था।**
**कथन (III)– 1949 में राजस्थान पंचायत अधिनियम बनाया गया और पूरे राज्य में ग्राम पंचायतों की स्थापना की गई।**
**निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन करें:**
(1) (II) और (III) सही हैं। (2) (I) और (III) सही हैं।
(3) (I), (II) और (III) सही हैं।
(4) (I) और (II) सही हैं।

**व्याख्या–(4)** राजस्थान में पंचायतीराज विभाग की स्थापना 1949 में हुई तथा **सम्पूर्ण राज्य में पंचायतों के गठन** एवं **संचालन** के लिए **राजस्थान पंचायत अधिनियम–1953** पारित किया गया, जिसके अन्तर्गत राज्यभर में **पंचायतों की स्थापना** की गई।

7. **दिसम्बर 2021 तक राजस्थान की कुल अधिष्ठापित ऊर्जा उत्पादन क्षमता कितनी है**
(1) 27891.39 मेगावाट (2) 23321.40 मेगावाट
(3) 32569.78 मेगावाट (4) 21979.23 मेगावाट

**व्याख्या–(2)** मार्च 2024 तक राजस्थान की कुल अधिष्ठापित ऊर्जा उत्पादन क्षमता 24783.64 मेगावॉट है।

8. **निम्नांकित में से कौन सा खेल 'राजीव गांधी ग्रामीण ओलम्पिक खेल–2022' में शामिल नहीं है?**
(1) वालीबॉल (2) टेनिस बॉल क्रिकेट
(3) खो–खो (4) फुटबॉल
उत्तर–(4)

व्याख्या–(4) परवन नदी सीधे रूप से चम्बल की सहायक नदी नहीं है। परवन नदी अपना जल कालीसिंध में डालती है, उसके बाद कालीसिंध नदी चम्बल में मिल जाती है।

46. **2011 की जनगणना के अनुसार, 90% से अधिक राजस्थान की कुल जनजातीय जनसंख्या में शामिल हैं:**
(1) मीणा तथा भील (2) भील तथा सहरिया
(3) मीणा तथा सहरिया (4) मीणा तथा गरासिया
उत्तर–(1)

47. **निम्नलिखित अरावली पर्वत शिखरें हैं। इन शिखरों को ऊँचाई के अनुसार घटते क्रम में क्रमबद्ध करियेः**
(A) गुरुशिखर (B) अचलगढ़ (C) कुम्भलगढ़ (D) सेर
(E) दिलवाड़ा
कूटः
(1) (A) (B) (C) (D) (E) (2) (E) (D) (C) (B) (A)
(3) (A) (D) (B) (C) (E) (4) (A) (D) (E) (B) (C)

व्याख्या–(4) **गुरुशिखर**– 1722 मीटर, **सेर**– 1597 मीटर, **दिलवाड़ा**– 1442 मीटर, **अचलगढ़**– 1380 मीटर, **कुम्भलगढ़**– 1224 मी.।

48. **राजस्थान राज्य के पशुपालन विभाग द्वारा गौवंश प्रजनन हेतु 'गोपाल' कार्यक्रम राज्य के दस दक्षिण–पूर्वी जिलों में किस वर्ष में आरम्भ हुआ?**
(1) 1990–91 (2) 1989–90
(3) 1987–88 (4) 1991–92

व्याख्या–(1) **गोपाल योजना– 2 अक्टुबर, 1990** से राजस्थान के दक्षिण–पूर्वी 10 जिलों (उदयपुर, डूँगरपुर, बाँसवाड़ा, चित्तौड़गढ़, कोटा, बूँदी, झालावाड़, सवाईमाधोपुर, धौलपुर, टोंक) में प्रारम्भ की गई। इसमें ग्रामीण युवकों को गोपालक के रूप में प्रशिक्षित किया जाता है।

49. **2011 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान के शहरी क्षेत्रों में महिला साक्षरता दर थीः**
(1) 79.61% (2) 72.52% (3) 67.91% (4) 70.73%

व्याख्या–(4) जनगणना 2011 के अनुसार, राजस्थान में **शहरी पुरुष साक्षरता– 87.9%**

50. **लोको तथा कैरिज वर्कशॉप अवस्थित है**
(1) अलवर (2) कोटा (3) अजमेर (4) भरतपुर
उत्तर–(3)

51. **निम्नलिखित में से राजस्थान के अफीम उत्पादक जिले कौन से हैं?**
(1) जयपुर, दौसा (2) धौलपुर, भरतपुर
(3) अजमेर, नागौर (4) चित्तौड़गढ़, झालावाड़

व्याख्या–(4) राजस्थान में अफीम की खेती वाले जिले– **चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, बारां व झालावाड़।**
सर्वाधिक क्षेत्रफल व उत्पादन वाला जिला– **चित्तौड़गढ़**
**किस्म**– चेतक, जवाहर–16
**रोग**– तना कटना, तना सड़ना, काली मस्सी, कोड़िया
**उपयोग**– दवा निर्माण, नशीले पदार्थ बनाने में।

52. **शुष्क सागवन वन के लिये सबसे उपयुक्त जिला हैः**
(1) श्रीगंगानगर (2) जालौर (3) बाँसवाड़ा (4) भरतपुर
उत्तर–(3)

53. **प्रतिहारों की 26 शाखाओं में से, सबसे प्राचीन शाखा हैः**
(1) मण्डोर (2) उज्जैन (3) कन्नौज (4) ग्वालियर

व्याख्या–(1) प्रतिहारों की अनेक शाखाएँ थी, मुहणौत नैणसी ने प्रतिहारों की **26 शाखाओं का वर्णन** किया है। जिनमें से **मंडोर, भीनमाल, उज्जैन, कन्नौज, राजोरगढ़** व **भड़ौच** के प्रतिहार ज्यादा प्रसिद्व थे।

54. **आहड़ के उत्खनन का कार्य सर्वप्रथम 1953 ई. में किसके नेतृत्व में हुआ?**
(1) रतनचन्द्र अग्रवाल (2) एच.डी. सांकलिया
(3) वी.एन. मिश्र (4) अक्षय कीर्ति व्यास

व्याख्या–(4) आहड़ 4,000 वर्ष पुरानी **(1900–1200 ई. पूर्व)** ताम्रपाषाण सभ्यता है। इसकी सर्वप्रथम खोज व उत्खनन **अक्षय कीर्ति व्यास** (1953 ई. में) ने तथा बाद में **रतनचन्द्र अग्रवाल** (1956 ई. में) ने किया। इसके बाद उत्खनन **वी.एन. मिश्र** व **एच.डी. सौंकलिया** (1961 ई) ने किया।

55. **अजमेर की स्थापना के पूर्व चौहानों की राजधानी कौन सी थी?**
(1) दिल्ली (2) सांभर (3) जालौर (4) मण्डोर

व्याख्या–(2) चौहानों की प्रारम्भिक राजधानी **अहिछत्रपुर** (नागौर) थी, जब उनके राज्य का विस्तार हुआ तो राज्य की राजधानी **शाकम्भरी** (सांभर) हो गई बाद में इनकी राजधानी **अजमेर** हुई।

56. **निम्न में से 1923 में बंद किए गए किस समाचार–पत्र को 'तरुण राजस्थान' के नाम से पुनःप्रकाशित किया गया?**
(1) नवजीवन (2) नवीन राजस्थान
(3) राजस्थान (4) राजस्थान केसरी

व्याख्या–(2) विजयसिंह पथिक ने वर्धा से आने के बाद 1922 में अजमेर से **'नवीन राजस्थान'** नामक समाचार पत्र प्रारम्भ किया। मेवाड़ रियासत ने इस पर प्रतिबन्ध लगा दिया। बाद में इसी समाचार–पत्र का **नाम बदलकर 'तरुण राजस्थान'** कर दिया गया।

# 7 IIⁿᵈ Grade भर्ती परीक्षा (ग्रुप–ए) 21 दिसम्बर, 2022

1. **निम्नांकित में से राजस्थान की किस चित्रकला शैली पर सर्वाधिक मुगल प्रभाव दृष्टिगोचर होता है?**
(1) मारवाड़ शैली (2) जयपुर शैली
(3) बूँदी शैली (4) मेवाड़ शैली

**व्याख्या–(2)** जयपुर शैली का उद्‌भव एवं विकास **1700–1900** ई. के मध्य हुआ है। यह शैली मुगल शैली तथा राजस्थानी (हिन्दू) चित्रकला का मिश्रण है।

2. **जयपुर के कौन से शासक स्वयं संगीताचार्य थे?**
(1) मान सिंह (2) प्रताप सिंह (3) सवाई सिंह (4) माधो सिंह

**व्याख्या–(2)** सवाई प्रतापसिंह विद्वानों और संगीतज्ञों का **आश्रयदाता** था। सवाई प्रतापसिंह स्वयं **'ब्रजनिधि'** के नाम से काव्य रचना करता था। इनकी रचनाओं का संकलन **'ब्रजनिधि ग्रन्थावली'** में है।

3. **गींदड़ नृत्य होता है–**
(1) मेवाड़ मे (2) शेखावाटी में (3) ढूंढ़ाड़ में (4) वागड़ में

**व्याख्या–(2)** शेखावाटी क्षेत्र में होली के अवसर पर **एक सप्ताह** (प्रह्लाद की स्थापना/डांडा रोपण से होली दहन तक) तक चलने वाला गींदड़ नृत्य केवल **पुरुषों द्वारा** किया जाता है। नगाड़े वाद्य यंत्र के साथ पुरुष अपने दोनों हाथों में डंडे लेकर उन्हें परस्पर टकराकर नृत्य करते हैं। इसमें **ढोल, डफ, चंग वाद्ययंत्र** भी बजाया जाता है।

4. **कान्हड़दे–प्रबन्ध के रचयिता हैं–**
(1) जयानक (2) चन्दरबरदाई (3) पद्‌मनाभ (4) नरपति नाल्ह
उत्तर–(3)

5. **निम्नांकित में से रामस्नेही सम्प्रदाय की सिंहथल शाखा के प्रवर्तक संत कौन थे?**
(1) स्वामी रामचरण (2) हरिरामदास
(3) रामदास (4) संतोषदास
उत्तर–(2)

6. **निम्नांकित में से कौन सा विकल्प विवाह की रस्मों से संबंधित नहीं है?**
(1) कंकण बंधन (2) बंदोली (3) समेला (4) कर्णवेध

**व्याख्या–(4)** कर्णबेध– बच्चे के 5–6 साल के होने पर उसके **कान बींधे** जाते हैं।

7. **संकटकाल में कौन सा किला मेवाड़ के राजपरिवार का आश्रय स्थल रहा है?**
(1) मचान दुर्ग (2) अचलगढ़ (3) बसन्ती दुर्ग (4) कुंभलगढ़

**व्याख्या–(4)** कुंभलगढ़ मेवाड़ की संकटकालीन राजधानी रहा है। यह दुर्ग **महाराणा प्रताप** का जन्म, **उदयसिंह** का राज्याभिषेक और **महाराणा कुंभा** की हत्या का साक्षी रहा है।

8. **करवा चौथ मनायी जाती है–**
(1) श्रावण कृष्ण चतुर्थी (2) भाद्रपद कृष्ण चतुर्थी
(3) कार्तिक कृष्ण चतुर्थी (4) कार्तिक शुक्ल चतुर्थी
उत्तर–(3)

9. **मुंशी त्रिलोकचंद माथुर का संबंध निम्नांकित में से किस प्रजामण्डल से रहा है?**
(1) मारवाड़ प्रजामण्डल (2) बीकानेर प्रजामण्डल
(3) करौली प्रजामण्डल (4) जयपुर प्रजामण्डल

**व्याख्या–(3)** 1938 में मुंशी त्रिलोकचंद माथुर ने अपने साथियों के साथ **करौली प्रजामण्डल** की स्थापना की। इसके प्रथम अध्यक्ष **त्रिलोकचंद माथुर** थे। प्रारंभ में प्रजामण्डल ने उत्तरदायी शासन की मांग नहीं की। **अप्रैल, 1939** में प्रजामण्डल के अधिवेशन में प्रशासनिक सुधारों की मांग की गई।

10. **निम्नांकित में से कौन से विकल्प का संबंध पोमचा से हैं?**
(1) आभूषण (2) वस्त्र (3) मिठाई (4) संस्कार
उत्तर–(2)

11. **मुगल शासक अकबर के समय में बीकानेर के शासक रायसिंह निम्नांकित में से किस सैन्य अभियान में शामिल नहीं थे?**
(1) काबुल (2) बलोचिस्तान (3) कंधार (4) बंगाल

**व्याख्या–(4)** रायसिंह के सैन्य अभियान–
**1. काबुल–** 1581 ई. में अकबर ने रायसिंह को **काबुल** पर सैन्य अभियान हेतु भेजा।
**2. बलूचिस्तान–** 1585 ई. में अकबर ने रायसिंह को **बलूचिस्तान** पर सैन्य अभियान हेतु भेजा जिसमें रायसिंह ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई।
**3. कंधार–** अकबर द्वारा पहले **खानखाना** को कंधार विजय के लिए नियुक्त किया था लेकिन बाद में उसकी सहायता हेतु रायसिंह को भेजा गया।

12. **भारत के संविधान के निम्नांकित अनुच्छेदों में से किसमें यह उल्लेखित किया गया है कि,"किसी राज्य के राज्यपाल की पदावधि के दौरान उसकी गिरफ्तारी या कारावास के लिए किसी न्यायालय से कोई आदेशिका नहीं निकाली जाएगी"?**
(1) 361(1) (2) 361(2) (3) 361(3) (4) 361–अ

90. राजस्थान के निम्नलिखित में से कौन से जिलों में उष्णकटिबंधीय शुष्क पतझड़ी वन पाये जाते हैं?
(1) जैसलमेर, बाड़मेर, पाली
(2) उदयपुर, बाँसवाड़ा, कोटा
(3) बीकानेर, नागौर, चुरू
(4) सीकर, झुंझुनूं, जालौर

**व्याख्या–(2)** प्रश्न के शेष तीनों विकल्पों पर गौर करें। इन विकल्पों में दिए जिलों में शुष्क कांटेदार मरूस्थलीय वन पाये जाते हैं।

91. ''परिवर्तित क्षेत्र विकास उपागम'' (MADA) किस वर्ष में प्रारम्भ किया गया?
(1) 1978–79 (2) 1974–75
(3) 1969–70 (4) 1971–72

**व्याख्या–(1)** इस योजना के अन्तर्गत 18 जिलों (अलवर, धौलपुर, भीलवाड़ा, बूँदी, चित्तौड़गढ़, प्रतापगढ़, जयपुर, दौसा, झालावाड़, कोटा, बारां, पाली, सवाईमाधोपुर, करौली, सिरोही, टोंक, उदयपुर एवं राजसमंद) में 44 माडा लघु खण्डों का गठन किया है, जिसमें 3,258 ग्राम सम्मिलित है।

92. प्राक्–हड़प्पा युगीन संस्कृति .......... में प्राप्त हुई है।
(1) गणेश्वर (2) आहड़
(3) कालीबंगा (4) बालाथल

**व्याख्या–(3)** कालीबंगा व सभ्यता स्थल होने के सर्वप्रथम प्रामाणिक जानकारी एल.पी. तेस्सीतोरी ने दी थी। यह भारत का दूसरा पुरातात्विक स्थल है, जिसकी खोज स्वतंत्रता के बाद की गई है। (प्रथम– रोपड़)

93. उत्तर गुप्तकालीन शंखलिपि में लिखे लेख मिले हैं–
(1) गिलूण्ड में (2) बैराठ में
(3) आहड़ में (4) ओजियान में

**व्याख्या–(2)** बैराठ सभ्यता का कालक्रम 600 ई. पूर्व से 322 ई. पूर्व तक है। यह सभ्यता बाणगंगा नदी के किनारे स्थित है। इस सभ्यता स्थल की सर्वप्रथम खोज व उत्खनन रायबहादुर दयाराम साहनी ने 1936 ई. में की थी।

94. निम्नांकित में से कौन सा युद्ध महाराणा सांगा और बाबर के मध्य हुआ था?
(1) चंदेरी का युद्ध (2) खानवा का युद्ध
(3) पानीपत का युद्ध (4) तराईन का युद्ध

**व्याख्या–(2)** महाराणा सांगा व बाबर के मध्य **17 मार्च, 1527** ई. को **खानवा का युद्ध** हुआ था। इस युद्ध में बाबर की विजय हुई थी।

95. राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY) वर्ष .......... में आरम्भ की गई थी।
(1) 2001 (2) 2005
(3) 2007 (4) 2011

**व्याख्या–(3)** केन्द्र सरकार ने 2007–08 में कृषि क्षेत्र के लिए योजनाओं को अधिक व्यापक रूप से तैयार करने तथा कृषि व सम्बद्ध क्षेत्रों में **4%** की वार्षिक वृद्धि दर प्राप्त करने के उद्देश्य से **RKVY** की शुरुआत की। इस योजना में वर्ष 2015–16 से केन्द्र और राज्य का वित्त पोषण पैटर्न **60:40** है। इससे पहले यह योजना **100%** केन्द्रीय सहायता से संचालित थी।

96. अजमेर नगर बसाया–
(1) अर्णोराज ने (2) गोविन्दराज ने
(3) पृथ्वीराज चौहान ने (4) अजय राज ने

**व्याख्या–(4)** अजयराज चौहान ने **1113 ई.** में **अजमेर** (अजयमेरू) नामक नगर बसाया और **बीठली पहाड़ी** पर **'अजयमेरू दुर्ग' (तारागढ़)** बनवाया।

97. सुमेलित कीजियेः
(A) राजपूताना मध्य भारत सभा (i) 1910
(B) राजस्थान सेवा संघ (ii) 1920
(C) मारवाड़ सेवा संघ (iii) 1919
(D) आचार सुधारिणी सभा (iv) 1918
(1) (A)–(i), (B)–(ii), (C)–(iii), (D)–(iv)
(2) (A)–(iv), (B)–(iii), (C)–(ii), (D)–(i)
(3) (A)–(iii), (B)–(iv), (C)–(i), (D)–(ii)
(4) (A)–(ii), (B)–(i), (C)–(iv), (D)–(iii)

**उत्तर–(2)**

98. मत्स्य संघ में कुल रियासतें थी–
(1) 2 (2) 7
(3) 8 (4) 4

**व्याख्या–(4)** मत्स्य संघ के अन्तर्गत **अलवर, भरतपुर, धौलपुर** व **करौली** रियासतें शामिल थी।

99. आबू में जैन मन्दिर विमलवसहि के निर्माणकर्ता हैं–
(1) वस्तुपाल (2) तेजपाल
(3) विमल शाह (4) धरणाक शाह

**उत्तर–(3)**

100. निम्नलिखित में से 1857 ई. की क्रांति में कौन से युद्ध में जोधपुर का पॉलिटिकल एजेंट मैसन मारा गया था?
(1) नीमच का युद्ध (2) कोठारिया का युद्ध
(3) चेलावास का युद्ध (4) नसीराबाद का युद्ध

**उत्तर–(3)**

# 8 IInd Grade भर्ती परीक्षा (ग्रुप–बी) 22 दिसम्बर, 2022

1. **राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग का संघटन है–**
(1) 1 अध्यक्ष एवं 6 सदस्य (2) 1 अध्यक्ष एवं 3 सदस्य
(3) 1 अध्यक्ष एवं 4 सदस्य (4) 1 अध्यक्ष एवं 2 सदस्य

**व्याख्या–(4)** राज्य सरकार ने 18 जनवरी, 1999 को एक अधिसूचना राजस्थान राज्य मानवाधिकार आयोग के गठन के संबंध में जारी की, जिसमें मानव अधिकार संरक्षण अधिनियम, 1993 के प्रावधानानुसार 1 अध्यक्ष एवं 4 सदस्य रखे गये। मानव अधिकार संरक्षण (संशोधित) अधिनियम, 2006 के अनुसार राज्य मानवाधिकार आयोग में 1 अध्यक्ष और 2 सदस्य का प्रावधान किया गया है।

2. **निम्नलिखित में से कौन अन्तर्राष्ट्रीय श्रम कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष रह चुके हैं?**
(1) राजीव गाँधी (2) जगजीवन राम
(3) अटल बिहारी वाजपेयी (4) लालकृष्ण आडवाणी
उत्तर–(2)

3. **भण्डानकों का पूर्णतया दमन, निम्नांकित में से किसने किया था?**
(1) सोमेश्वर (2) पृथ्वीराज चौहान III
(3) अजयराज (4) विग्रहराज IV

**व्याख्या–(2)** भण्डानक **सतलज प्रदेश की एक जाति** थी, जो गुड़गाँव, हिसार के आस–पास निवास करने लगी, जो भरतपुर, अलवर, मथुरा क्षेत्र के अपना प्रभाव स्थापित करने का प्रयास कर रहे थे। पृथ्वीराज तृतीय ने **1182 ई.** में सैनिक कार्यवाही से उनका दमन किया।

4. **'गढ़ बिठली' कहाँ स्थित है?**
(1) अजमेर (2) सिरोही
(3) बारां (4) कुशलगढ़

**व्याख्या–(1)** तारागढ़ (अजमेर) को **गढ़ बीठली** नाम 17वीं शताब्दी में प्राप्त हुआ, जब शाहजहाँ के शासनकाल में उसके सामंत **विठ्ठलदास गौड़** ने 1644 से 1656 ई. के मध्य इसका जीर्णोद्धार करवाया।

5. **राजस्थान की संस्कृति में 'औरण' संबंधित है–**
(1) एक लोक उत्सव
(2) एक विशिष्ट भोजन
(3) एक विशेष आभूषण
(4) पर्यावरण संरक्षण की एक परम्परा
उत्तर–(4)

6. **निम्नलिखित में से कौन–से कथन विद्यार्थियों की वैयक्तिक भिन्नता को पूरा करने के लिए सबसे उपयुक्त हैं?**
(i) पाठ्यक्रम को व्यवस्थित और लचीला बनाया जाना चाहिए।
(ii) असाधारण बच्चों की शिक्षा के लिए अलग से व्यवस्था की जाए।
(iii) कक्षा (वर्गों) का विभाजन विषय समूह में होना चाहिए।
(iv) शिक्षण का तरीका छात्र की जरुरत के अनुसार होना चाहिए।
(1) (i), (iii) एवं (iv) (2) (i), (ii) एवं (iii)
(3) (ii), (iii) एवं (iv) (4) (iv), (ii) एवं (i)
उत्तर–(1)

7. **'सुरथोत्सव' के लेखक कौन हैं?**
(1) सोमेश्वर (2) मण्डन
(3) राजशेखर (4) नरपति
उत्तर–(1)

8. **भारत के उत्तर पश्चिमी भाग में शीतकालीन वर्षा किस कारण से प्राप्त होती है?**
(1) दक्षिण पश्चिमी मानसून (2) पश्चिमी विक्षोभ
(3) स्थानीय हवाओं के कारण (4) उत्तर पूर्वी मानसून
उत्तर–(2)

9. **निम्नलिखित में से कौन–सा कथन शिक्षा मनोविज्ञान के अर्थ को सबसे सही ढंग से प्रकट करता है?**
(1) यह शिक्षा को मनोवैज्ञानिक आधार प्रदान करता है।
(2) यह एक व्यक्ति के दिमाग का अध्ययन करने का विज्ञान है।
(3) यह केवल व्यक्तियों की सामाजिक प्रक्रिया से संबंधित है।
(4) यह वैयक्तिक अनुभवों का गठन करता है।
उत्तर–(1)

10. **निम्नलिखित में से कौन–सा भारत में ''असमुदायात्मक दबाव समूह'' नहीं है?**
(1) सिण्डीकेट (2) युवा तुर्क
(3) विश्व हिन्दु परिषद् (4) शिव सेना पार्टी
उत्तर–(4)

11. **'सिंहभूम' ........... के खनन के लिये प्रसिद्ध है।**
(1) लौह–अयस्क (2) अभ्रक (3) चूना–पत्थर (4) कोयला
उत्तर–(1)

12. **मेवाड़ प्रजामण्डल की स्थापना कब हुई थी?**
(1) 25 नवम्बर, 1941 (2) 4 अक्टूबर, 1938
(3) 9 मई, 1938 (4) 24 अप्रैल, 1938

**व्याख्या–(4)** मेवाड़ प्रजामण्डल की स्थापना 24 अप्रैल, 1938 को **माणिक्यलाल वर्मा** ने **बलवंत सिंह मेहता** के घर पर की थी तथा बलवंत सिंह मेहता को इसका प्रथम **अध्यक्ष** बनाया गया।

83. **'भदर' का सम्बन्ध किससे है?**
(1) विवाह संस्कार (2) कर्णवेध संस्कार
(3) समावर्तन संस्कार (4) अंत्येष्टि संस्कार

**व्याख्या–(4)** किसी बुजुर्ग व्यक्ति की मृत्यु होने पर उसके परिवार के सदस्यों के **सिर व दाढ़ी के बाल** काटे जाते हैं, जिसे **'भदर होना'** कहा जाता है।

84. **निम्नलिखित वृक्षों में से कौनसा राजस्थान का कल्पवृक्ष कहलाता है?**
(1) नीम (2) सागवान
(3) आम (4) खेजड़ी

**व्याख्या–(4)** खेजड़ी का वानस्पतिक नाम **प्रोसोपिस सिनेरेरिया (Prosopis Cinereria)** है। खेजड़ी की पूजा **दशहरे पर** होती है। खेजड़ी का पूजन **शीतला माता के प्रतीक** के रूप में भी किया जाता है।
लोकदेवता **गोगाजी, केसरिया कुंवर** व **झुंझार जी का थान** खेजड़ी वृक्ष के नीचे होता है।
खेजड़ी **परमार व तोमर वंश** का आराध्य वृक्ष है।

85. **निम्नांकित में से कौनसा विकल्प बैराट् से संबंधित नहीं है?**
(1) महादेवजी की डूंगरी (2) बीजक की पहाड़ी
(3) भीमजी की डूंगरी (4) रावजी की पहाड़ी

**व्याख्या–(4)** बैराठ सभ्यता का **कालक्रम 600 ई. पूर्व से 322 ई. पूर्व तक** है। यह सभ्यता **बाणगंगा नदी** के किनारे स्थित है। यहाँ बीजक पहाड़ी, गणेश डूंगरी, भीम डूंगरी, महादेव डूंगरी है।

86. **राजस्थान विधानसभा के संदर्भ में निम्न कथनों को ध्यान से पढ़िये–**
(i) अध्यक्ष का निर्वाचन उस तिथि को होगा जो सदन तय करे।
(ii) उस तय तिथि की सूचना राज्यपाल प्रत्येक सदस्य को भेजेंगे।
सही कथन पहचानिये–
(1) (i) व (ii) दोनों सही हैं। (2) (i) व (ii) दोनों गलत हैं।
(3) (i) सही व (ii) गलत है। (4) (i) गलत व (ii) सही है
**उत्तर–(1)**

87. **व्यक्तित्व मापन में रोर्शा परीक्षण का प्रयोग किस रूप में किया जाता है?**
(1) क्रम निर्धारण मापनी (रेटिंग स्केल)
(2) परिसूची (इन्वेस्ट्री)
(3) प्रक्षेपीय तकनीक
(4) प्रश्नावली
**उत्तर–(3)**

88. **'सीताराम साधु' का सम्बन्ध किस आन्दोलन से था?**
(1) गौ–रक्षा (2) किसान (3) शिक्षा (4) जन–जातीय

**व्याख्या–(2)** साधु सीताराम दास को **'बिजौलिया किसान आन्दोलन का जनक'** कहा जाता है इन्हीं के अनुरोध पर विजयसिंह पथिक ने बिजौलिया किसान आन्दोलन का नेतृत्व किया था। सीताराम दास ने बिजौलिया में **'मित्र मण्डल'** नामक संगठन बनाकर किसानों में जनजागृति पैदा करने का प्रयास किया।

89. **राजस्थान में संस्कृत का प्राचीनतम अभिलेख कहाँ से प्राप्त हुआ है?**
(1) घोसुण्डी (2) नान्दसा (3) बयाना (4) पुष्कर

**व्याख्या–(1)** घोसुण्डी शिलालेख **चित्तौड़** से सात मील दूर **घोसुण्डी गाँव** से कई शिलाखण्डों में टुटा हुआ प्राप्त हुआ था, इस लेख की भाषा **संस्कृत** व लिपि **ब्राह्मी** है। इस लेख में वर्णित है कि गजवंश के पाराशरी के पुत्र **सर्वतात** ने यहाँ **अश्वमेध यज्ञ** किया था एवं **संकर्षण और वासुदेव** द्वारा पूजाग्रह के चारों ओर पत्थर की चारदीवारी बनाने का उल्लेख है।

90. **ठाकुर पंचम सिंह एवं ठाकुर छत्तर सिंह का सम्बन्ध किस स्थान के आन्दोलन से हैं?**
(1) जयपुर (2) शेखावाटी (3) तसीमो (4) मारवाड़

**व्याख्या–(3) 08 अप्रैल, 1947** को प्रजामंडल की गतिविधियों के दौरान **तसीमो** (धौलपुर) गाँव में अंग्रेजों की गोलियों से **'ठाकुर छत्रसिंह परमार'** व **'ठाकुर पंचमसिंह कच्छवाहा'** झण्डा फहराते हुए शहीद हो गए।

91. **भारत में सीमेंट उद्योग को किस वर्ष लाइसेंस मुक्त किया गया?**
(1) 1991 (2) 1981 (3) 1984 (4) 1971
**उत्तर–(1)**

92. **भारत की विदेश नीति की प्रमुख विशेषता है–**
(1) शान्तिपूर्ण सह–अस्तित्व की नीति
(2) संयुक्त राष्ट्रसंघ के साथ सहयोग की नीति
(3) गुट–निरपेक्षता की नीति (4) उपर्युक्त सभी
**उत्तर–(4)**

93. **निम्नांकित में से लोक देवता तेजाजी का जन्म स्थान कौन सा है?**
(1) सुरसरा (2) ब्यावर (3) खरनाल (4) परबतसर

**व्याख्या–(3)** तेजाजी का जन्म **खड़नाल** (नागौर) में **29 जनवरी, 1073 ई.** को **माघ शुक्ल चतुर्दशी** को हुआ था।

94. **कालीबाई भील मेधावी छात्रा योजना संबंधित है–**
(1) स्कूटी वितरण से (2) एकमुश्त प्रोत्साहन राशि से
(3) लैपटॉप वितरण से
(4) प्रतिमाह खाते में छात्रवृत्ति भुगतान से
**उत्तर–(1)**

# 9 IInd Grade भर्ती परीक्षा (जी.के.) 3 जुलाई, 2019

1. **लोक देवता गोगाजी किस शासक के समकालीन थे?**
(1) महमूद गजनी (2) मुहम्मद गोरी
(3) इल्तुतमिश (4) अलाउद्दीन खिलजी

**व्याख्या–(1)** गोगाजी को **गोरखनाथ व महमूद गजनवी** के समकालीन माना जाता है। गोगाजी ने महमूद गजनवी के साथ 1024 ई. में युद्ध किया था।

2. **मीरा द्वारा चित्तौड़गढ़ परित्याग के समय मेवाड़ का शासक कौन था?**
(1) अर्जुन सिंह (2) संग्राम सिंह (3) उदय सिंह (4) विक्रमादित्य

**व्याख्या–(4)** राणा रतनसिंह द्वितीय की निःसंतान मृत्यु होने के बाद उसका **सौतेला भाई विक्रमादित्य** मेवाड़ की गद्दी पर बैठा। विक्रमादित्य का शासन काल 1531–1536 ई. तक रहा।

3. **किस दुर्ग में जौहर नहीं हुआ?**
(1) जयगढ़ (2) गागरोन (3) सिवाना (4) जालौर

व्याख्या–(1)

| नाम दुर्ग | वर्ष | जौहर |
|---|---|---|
| सिवाणा का प्रथम साका | 1310 ई. | मैणादे व अन्य |
| सिवाणा का दूसरा साका | 1582 ई. | हाड़ी रानी व अन्य |
| जालौर का साका | 1311 ई. | जैतलदे व अन्य |
| गागरोन का प्रथम साका | 1423 ई. | लीला मेवाड़ी व अन्य |
| गागरोन का दूसरा साका | 1444 ई. | राजपूत वीरांगनाएँ |

4. **किस चित्रकला शैली में पुरुषों के चेहरों पर चोट व चेचक के दाग प्रदर्शित हैं?**
(1) बून्दी (2) मेवाड़ (3) अलवर (4) जयपुर

**व्याख्या–(4) जयपुर शैली के चित्रों की प्रमुख विशेषताएँ– हिन्दू देवी–देवताओं को** यूरोपीय कुर्सी पर बैठे दिखाया गया है। **फकीरों** को भिक्षा देती स्त्री का चित्र, **कुराण पढ़ती** शहजादी का चित्र, **पुरुषों के चेहरे पर चोट व चेचक के दाग** दिखाए गये है।

5. **परबतसर का मेला किस लोक देवता की स्मृति में आयोजित किया जाता है?**
(1) तेजाजी (2) पाबूजी
(3) गोगाजी (4) रामदेव जी

**व्याख्या–(1)** तेजाजी की स्मृति में **भाद्रपद शुक्ल दशमी से पूर्णिमा** तक परबतसर **(डीडवाना–कुचामन)** में मेला भरता है। इसी समय यहाँ पर **विशाल पशु मेला** भी लगता है।

6. **निम्न में से कौन सा पुरुषों का आभूषण है?**
(1) छैलकड़ी (2) नेवरी (3) पोत (4) सरी

**व्याख्या–(1)** छैलकड़ी पुरुषों के कान का आभूषण है।

7. **'छेड़े' किस अवसर पर गाये जाते हैं?**
(1) शिशु मृत्यु (2) जागरण
(3) वधू आगमन (4) फसल कटाई

उत्तर–(1)

8. **राजकुमारी मूमल किस स्थान से सम्बन्धित थी?**
(1) कोलायत (2) अर्थुना (3) लोद्रवा (4) केलापानी

**व्याख्या–(3)** मूमल लोद्रवा की राजकुमारी तथा महेन्द्र अमरकोट का राजकुमार था, उनके ऐतिहासिक प्रेमाख्यान पर आधारित गीत है।
मूमल जैसलमेर का प्रसिद्ध श्रृंगारिक लोकगीत है।

9. **सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये कोड से सही उत्तर का चयन कीजिये:**

| सूची–I (नदी) | सूची–II (सहायक) |
|---|---|
| A. गोदावरी | i. घाटप्रभा |
| B. नर्मदा | ii. अमरावती |
| C. कृष्णा | iii. मंजीरा |
| D. कावेरी | iv. कोलार |

**कोड:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | ii | i | iv |
| (2) | ii | iv | iii | i |
| (3) | iii | iv | i | ii |
| (4) | i | iii | ii | iv |

उत्तर–(3)

10. **निम्नलिखित को सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिये गये कूटों में से सही उत्तर को चुनिये।**

| सूची–I (महाद्वीप) | सूची–II (जाने जाते हैं) |
|---|---|
| A. ऑस्ट्रेलिया | i. अंधेरा महाद्वीप |
| B. अण्टार्कटिका | ii. सभ्यता का पालना |
| C. अफ्रीका | iii. अद्भूत वनस्पति एवं पशुओं का अजायबघर |
| D. एशिया | iv. विश्व की प्रयोगशाला |

**कोड:**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | i | ii | iv |
| (2) | iii | iv | i | ii |
| (3) | iv | iii | i | ii |
| (4) | iii | ii | i | iv |

# 10 IInd Grade भर्ती परीक्षा (ग्रुप–ए) 17 फरवरी, 2019

1. सुमेलित कीजिए–

| लोक देवता | मुख्य तीर्थस्थल |
|---|---|
| i. तल्लीनाथ | a. पाँचोटा गाँव (जालौर) |
| ii. तेजाजी | b. परबतसर (नागौर) |
| iii.देवनारायणजी | c. कोलू गाँव (फलौदी) |
| iv पाबूजी | d. आसींद (भीलवाड़ा) |

सही कूट चुनिए:

| | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|
| (1) | a | b | c | d |
| (2) | b | a | d | c |
| (3) | c | d | a | b |
| (4) | a | b | d | c |

**व्याख्या–(4)** वर्तमान में तेजाजी का मुख्य तीर्थस्थल परबतसर, **डीडवाना–कुचामन** जिले में स्थित है।

2. संत पीपा के गुरु थे–
(1) रामानुज (2) कबीर
(3) रामानंद (4) शंकराचार्य

**व्याख्या–(3)** संत पीपा के गुरु रामानन्द थे। पीपा के निवेदन पर आचार्य **रामानन्द** द्वारिका जाते समय अपने शिष्यों सहित **गागरोन** आये थे। तब पीपा ने अपने **भाई अचलदास** को गागरोन का शासन सौंपकर रामानन्द के साथ **द्वारिका** चले गये। सबसे छोटी पत्नी **सीता** की प्रेरणा से उसी को साथ लेकर गृह त्याग किया था।

3. 'आदिवासियों का कुम्भ' किस मेले को कहा जाता है?
(1) बाणगंगा का मेला (2) पुष्कर का मेला
(3) सरसुरा का मेला (4) बेणेश्वर मेला

**व्याख्या–(4)** आदिवासियों का महाकुंभ कहलाए जाने वाले प्रसिद्ध बेणेश्वर धाम पर हर वर्ष **माघ पूर्णिमा** को **नवाटापरा (डूँगरपुर)** में विशाल मेला लगता है। यह मेला **माघ शुक्ल एकादशी से पूर्णिमा** तक आयोजित होता है।

4. 'बुद्धि विलास' ग्रन्थ के लेखक हैं–
(1) किसना आढ़ा (2) बखत राम शाह
(3) बांकीदास (4) नरोत्तम

उत्तर–(2)

5. संयुक्त राजस्थान का अप्रैल 18, 1948 को किसने उद्घाटन किया?
(1) माणिक्यलाल वर्मा (2) जवाहरलाल नेहरू
(3) महात्मा गांधी (4) के. एम. मुन्शी

**व्याख्या–(2)** 18 अप्रैल, 1948 को प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू ने 'संयुक्त राजस्थान' का उद्घाटन उदयपुर में किया।

6. निम्न में से किस देवी को शिशु–रक्षक लोकदेवी माना जाता है?
(1) चौथ माता (2) छिंछ माता
(3) घेवर माता (4) महामाया माता

**व्याख्या–(4)** महामाया माता का मंदिर **मावली** (उदयपुर) में स्थित है।

7. 1936 में मेघाराम ने किस स्थान पर बीकानेर प्रजा मंडल की स्थापना की?
(1) बीकानेर (2) कलकत्ता (3) बम्बई (4) अजमेर

**व्याख्या–(2)** बीकानेर प्रजामंडल की स्थापना **4 अक्टुबर, 1936** को बीकानेर में **मघाराम वैद्य, रघुवरदयाल गोयल** व **लक्ष्मीदेवी आचार्य** ने की। इसका प्रथम अध्यक्ष **मघाराम वैद्य** को बनाया गया। राज्य सरकार ने प्रजामण्डल का दमन करने के लिए वैद्य मघाराम व मुक्ताप्रसाद को **राज्य से निर्वासित कर** दिया। बीकानेर से निर्वासित किए जाने के बाद मघाराम वैद्य ने **1937** में **कलकत्ता** में प्रजामण्डल का पुनर्गठन किया, जिसमें **लक्ष्मीदेवी आचार्य** को प्रजामण्डल की अध्यक्षा बनाया गया।

8. राजस्थान का उत्तर से दक्षिण एवं पूर्व से पश्चिम विस्तार क्रमशः है:
(1) 852 और 878 किलोमीटर
(2) 915 और 842 किलोमीटर
(3) 826 और 869 किलोमीटर
(4) 834 और 887 किलोमीटर

**व्याख्या–(3)** राजस्थान की उत्तर से दक्षिण लम्बाई **826 कि. मी.** है, जो **कोणा गाँव**, गंगानगर तहसील, (गंगानगर) से **बोरकुण्ड**, सज्जनगढ़ तहसील, (बाँसवाड़ा) तक विस्तृत है।
राजस्थान की **पूर्व से पश्चिम चौड़ाई– 869 कि.मी.** है, जो **सिलावट गाँव**, राजाखेड़ा तहसील, (धौलपुर) से **कटरा/करटा गाँव**, सम तहसील, (जैसलमेर) तक विस्तृत है।
राजस्थान की उत्तर–दक्षिण लम्बाई व पूर्व पश्चिम लम्बाई में अन्तर– **43 कि.मी.**

9. गोड़वाड़ प्रदेश को यह भी कहा जाता है:
(1) लूनी–जवाई बेसिन (2) घग्घर का मैदान
(3) चम्बल बेसिन (4) काली सिंध बेसिन

# 11 IInd Grade भर्ती परीक्षा (ग्रुप–बी) 19 फरवरी, 2019

1. 'मारवाड़ म्यूरल्स' के लेखक कौन हैं?
(1) जयसिंह नीरज (2) रामावतार अग्रवाल
(3) महाराजा बख्तसिंह (4) सावंतसिंह
उत्तर–(2)

2. 'रमझोल' आभूषण मध्यकालीन मारवाड़ में शरीर के किस भाग से संबंधित है?
(1) कमर (2) नाक
(3) पैर (4) अंगुली
उत्तर–(3)

3. पृथ्वीराज राठौड़ द्वारा रचित पुस्तक 'वेलि कृष्ण रूखमणी री' किस भाषा में लिखी गई है?
(1) पिंगल (2) डिंगल
(3) मारवाड़ी (4) संस्कृत

**व्याख्या–(2) वेली क्रिसन रूकमणि री** (डिंगल शैली में, भाषा–उत्तरी मारवाड़ी) पुस्तक की रचना पृथ्वीराज राठौड़ ने **गागरोन दुर्ग** में रहकर ही की थी। यह **शृंगार रस** प्रधान ग्रन्थ है। इसमें श्री कृष्ण व रूकमणि के विवाह की कथा वर्णित है। **'वेली क्रिसन रूकमणि री'** को प्रकाश में लाने का श्रेय एल.पी. **टेस्सीटोरी** को है। दुरसा आढ़ा ने इसे **पंचम वेद, 19वाँ पुराण** कहा है।

4. 'गीन्दड़' नृत्य का संबंध किस स्थान से है?
(1) मारवाड़ (2) शेखावाटी
(3) ढूंढाड़ (4) वागड़

**व्याख्या–(2)** शेखावाटी क्षेत्र में होली के अवसर पर एक सप्ताह तक चलने वाला यह नृत्य केवल पुरुषों द्वारा किया जाता है। इसमें कुछ पुरुष कलाकार महिलाओं के वस्त्र पहनकर नृत्य में भाग लेते हैं, उन्हें **'गणगौर या मेहरी'** कहते हैं।

5. ओसियाँ के जैन मन्दिर किस जिले में स्थित हैं?
(1) जयपुर (2) जैसलमेर
(3) बाड़मेर (4) जोधपुर

**व्याख्या–(4)** औसियां के जैन मंदिर वर्तमान में **जोधपुर ग्रामीण** जिले में स्थित है। **महामारू शैली** में निर्मित ये मंदिर **प्रतिहारकालीन** हैं। इसे **'राजस्थान का भुवनेश्वर'** कहा जाता है।

6. दादू पंथ का साहित्य किस भाषा में संग्रहीत है?
(1) मारवाड़ी (2) बागड़ी
(3) मेवात (4) ढूंढाड़ी

**व्याख्या–(4)** दादू पंथ का साहित्य मुख्यतः ढूंढाड़ी भाषा में है, जिसमें हिन्दी मिश्रित सधुक्कड़ी का प्रभाव है।

7. किस दुर्ग को 'गढ़ बिठली' के नाम से जानते हैं?
(1) तारागढ़ (2) मेहरानगढ़
(3) अचलगढ़ (4) कुम्भलगढ़

**व्याख्या–(1)** तारागढ़ (अजमेर) एक गिरी दुर्ग है। इसे पूर्व का दूसरा जिब्राल्टर/अजयमेरू/राजस्थान का हृदय/राजपूताने की कुँजी/अरावली का अरमान आदि नामों से जाना जाता है।

8. राजस्थान का क्षेत्रफल निम्नलिखित यूरोपीय देशों में से किनके क्षेत्रफल के लगभग बराबर है?
A. नार्वे B. बेल्ज़ियम C. स्विट्जरलैण्ड D. पोलैण्ड
कूटः
(1) A, B एवं D (2) A एवं C
(3) B एवं D (4) A एवं D

**व्याख्या–(4)** राजस्थान के क्षेत्रफल के लगभग बराबर क्षेत्रफल वाले देश– पोलैण्ड (3.12 लाख), वियतनाम (3.31 लाख), फिनलैण्ड (3.37 लाख), कांगो–रिपब्लिक (3.42 लाख), जर्मनी (3.57 लाख), नार्वे (3.85 लाख)।

9. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए तथा नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चुनाव कीजिएः

| प्रदेश | पर्वत चोटी |
|---|---|
| A. उत्तरी अरावली | i. ऋषिकेश |
| B. मध्य अरावली | ii. तारागढ़ |
| C. दक्षिण अरावली | iii. भानगढ़ |

कोटः

| | A | B | C | | A | B | C |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | (2) | iii | ii | i |
| (3) | iii | i | ii | (4) | ii | iii | i |

उत्तर–(2)

10. निम्न में से कौन सी नदी राजस्थान के आंतरिक अपवाह तंत्र से संबंध नहीं है?
(1) रूपनगढ (2) खांडेल (3) मेंढ़ा (4) मित्री

**व्याख्या–(4) राजस्थान में आंतरिक अपवाह वाली नदियाँ–** घग्घर, कांतली, काकनी/काकनेय/मसूरदी, साबी, रूपारेल, रूपनगढ़, मेन्था/मेंढ़ा, कुकुन्द नदी, खंडेला, रोहिली, निमड़ा नदी, रेल नदी (बाड़मेर), कोटड़ी नदी (सीकर), लिक नदी (जैसलमेर) आदि हैं।

# 12 IIⁿᵈ Grade भर्ती परीक्षा (ग्रुप–ए) 28 अक्टूबर, 2018

1. अबुल फजल ने किस दुर्ग के बारे में लिखा है कि "यह इतनी ऊँचाई पर स्थित है कि नीचे से ऊपर की ओर देखने पर सिर से पगड़ी नीचे गिर जाती है।"
   (1) चित्तौड़गढ़ दुर्ग (2) कुम्भलगढ़ दुर्ग
   (3) मेहरानगढ़ दुर्ग (4) रणथम्भौर दुर्ग

> **व्याख्या–(2)** अबूल–फजल ने 'आइने अकबरी' में कुम्भलगढ़ के बारे में लिखा है कि 'यह दुर्ग इतना बुलन्दी पर बना हुआ है कि नीचे से ऊपर की ओर देखने पर सिर की पगड़ी गिर जाती है'।

2. 25 मार्च, 1948 को गठित राजस्थान संघ में निम्नलिखित देशी रियासतों का कौन सा समूह सम्मिलित नहीं था?
   (1) कोटा, बून्दी, झालावाड़, शाहपुरा
   (2) डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़, टोंक
   (3) उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, प्रतापगढ़
   (4) कोटा, बून्दी, किशनगढ़, शाहपुरा

> **व्याख्या–(3)** उदयपुर राजस्थान के तीसरे चरण(18 अप्रैल 1948) 'संयुक्त राजस्थान' में सम्मिलित हुआ था।

3. अकबर के विरुद्ध चित्तौड़गढ़ आक्रमण (1567–68 ई.स.) के समय कौन से लोक देवता युद्ध करते हुए मारे गए?
   (1) वीर फत्ता जी (2) वीर बिग्गा जी
   (3) वीर मल्लीनाथ जी (4) वीर कल्ला जी
   उत्तर–(4)

4. 'संप सभा' की स्थापना किसने की?
   (1) मोतीलाल तेजावत (2) हरदेव जोशी
   (3) गोकुल भाई भट्ट (4) गोविन्द गिरी

> **व्याख्या–(4)** गोविन्द गिरी द्वारा सम्प सभा की स्थापना 1883 ई. में की गई थी।

5. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए–

| शरीर का अंग | आभूषण |
|---|---|
| (A) सिर | i. कणकती |
| (B) गला | ii. रिमझोल |
| (C) कमर | iii. हंसली |
| (D) पैर | iv. मेमंद |

|  | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iv | i | iii |
| (2) | iii | ii | i | iv |
| (3) | iv | iii | ii | i |
| (4) | iv | iii | i | ii |

उत्तर–(4)

6. अकबर ने सर्वोच्च मनसब (सात हजारी) किस राजपूत शासक को दिया था?
   (1) राजा भारमल (2) मोटाराजा उदयसिंह
   (3) राजा मानसिंह (4) राजा भगवन्त दास
   उत्तर–(3)

7. "रूठी रानी" के नाम से कौन प्रसिद्ध है?
   (1) उमादे (2) रूपादे (3) हंसा बाई (4) जोधा बाई

> **व्याख्या–(1)** रूठी रानी उमादे जैसलमेर के राजा रावल लूणकरण की पुत्री थी। इनका विवाह मारवाड़ के शासक **राव मालदेव** के साथ हुआ था, परन्तु विवाह की पहली रात को ही अपने पति से रूठ गई थी।

8. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए–

| रामस्नेही सम्प्रदाय की शाखा | प्रवर्तक |
|---|---|
| A. सिंहथल | i. संत रामचरण |
| B. रेण | ii. संत हरिराम दास |
| C. खेड़ापा | iii. संत रामदास |
| D. शाहपुरा | iv. संत दरियाव |

कोड:

|  | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | iii | ii | iv |
| (2) | ii | iv | iii | i |
| (3) | i | ii | iii | iv |
| (4) | iii | i | iv | ii |

उत्तर–(2)

9. बादशाह का प्रसिद्ध मेला राजस्थान के किस शहर में आयोजित होता है?
   (1) हिण्डौन सिटी (2) करौली (3) ब्यावर (4) चाकसू

> **व्याख्या–(3)** ब्यावर में **चैत्र कृष्णा प्रतिपदा** (होली के दूसरे दिन) को बादशाह का मेला लगता है। इस मेले में **बादशाह की सवारी** निकाली जाती है।

10. निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए–

| पुस्तक | लेखक |
|---|---|
| (A) हम्मीर हठ | i. चन्द्रशेखर |
| (B) हम्मीर महाकाव्य | ii. नयन चन्द्र सूरी |
| (C) कान्हड़ दे–प्रबन्ध | iii. जयानक |
| (D) पृथ्वीराज विजय | iv. पद्मनाभ |

|  | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | ii | i | iii | iv |
| (3) | ii | i | iv | iii |
| (4) | i | ii | iv | iii |

उत्तर–(4)

# 13 IInd Grade भर्ती परीक्षा (ग्रुप–बी) 31 अक्टूबर, 2018

1. **'मेमंद' आभूषण पहना जाता है?**
(1) सिर पर (2) कमर पर
(3) भुजा पर (4) पैरों पर

**व्याख्या–(1) सिर के आभूषण–** बोरला, रखड़ी, शीशफूल, टिकड़ा, झेला, फीणी, सांकली, चूड़ारत्न।

2. **विजयदान देथा का सम्बन्ध है–**
(1) लोक कला से (2) लोक नृत्य से
(3) लोक संगीत से (4) लोक साहित्य से
उत्तर–(4)

3. **बिजौलिया अभिलेख किस वंश के इतिहास की जानकारी का महत्वपूर्ण साधन है?**
(1) राठौड़ (2) सिसोदिया (3) चौहान (4) प्रतिहार

**व्याख्या–(3)** बिजौलिया अभिलेख (5 फरवरी, 1170 ई.) बिजौलिया (भीलवाड़ा) में **पार्श्वनाथ मंदिर** की उत्तरी दीवार के पास एक चट्टान पर उत्कीर्ण है, यह लेख मूलतः एक **दिगम्बर** लेख है, जिसको **दिगम्बरी जैन श्रावक 'लोलाक'** ने मंदिर और कुंड निर्माण की स्मृति में लगाया था। इसमें **सांभर** और **अजमेर** के चौहान वंश की सूची तथा उनकी उपलब्धियों की अच्छी जानकारी मिलती है।

4. **हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप की भील सेना का कमाण्डर था–**
(1) राणा पूँजा (2) लूंणा चावण्ड्या
(3) जीवाशाह (4) तारा भील

**व्याख्या–(1)** प्रताप की सेना में **चन्द्रावल** (सेना का पिछला भाग) में भील सेना का नेतृत्त्व **'राणा पूंजा'** कर रहे थे। महाराणा प्रताप मेवाड़ का प्रथम शासक था, जिसने भीलों को अपनी सैन्य व्यवस्था में उच्च स्थानों पर नियुक्त किया।

5. **किसे महाराणा प्रताप का पथ–प्रदर्शक कहा जाता है?**
(1) राव मालदेव (2) राव चन्द्रसेन
(3) मोटा राजा उदयसिंह (4) अमरसिंह राठौड़

**व्याख्या–(2)** राव चन्द्रसेन (भूला–बिसरा शासक) राजस्थान का पहला वीर था, जिसने अकबर के विरुद्ध स्वाधीनता के लिए चुनौती दी थी। इन्हें मारवाड़ का प्रताप कहा जाता है।

6. **निम्न से से किस स्थल को ताम्रवती नगरी के नाम से भी जाना जाता था?**
(1) बैराठ (2) आहड़
(3) कालीबंगा (4) बागौर

**व्याख्या–(2)** आहड़ का दूसरा नाम **'ताम्रवती नगरी'** भी मिलता है, जिससे यहाँ ताँबे के औजार बनने का केन्द्र प्रमाणित होता है। यहाँ से **ताँबा गलाने** की भट्टी मिली है।

7. **बीकानेर के महाराजा रायसिंह गद्दी पर कब बैठे?**
(1) 1612 ई. (2) 1585 ई. (3) 1574 ई. (4) 1541 ई.

**व्याख्या–(3)** पिता कल्याणमल की मृत्यु के बाद 1574 ई. में रायसिंह 'महाराजाधिराज' की उपाधि के साथ बीकानेर का शासक बना। इनसे पहले यहाँ के शासक राव कहलाते थे।

8. **राजस्थान का क्षेत्रफल भारत के कुल क्षेत्रफल का ....... प्रतिशत है।**
(1) 9.95% (2) 10.55% (3) 10.41% (4) 11.45%

**व्याख्या–(3)** राजस्थान का क्षेत्रफल– **3,42,239 वर्ग कि.मी.** (1,32,140 वर्ग मील) है, जो भारत के क्षेत्रफल का **10.41%** है।

9. **निम्न में से कौन सुमेलित नहीं है?**

| नदी | सहायक नदी |
|---|---|
| (1) गम्भीरी | – मेशवा |
| (2) माही | – जाखम |
| (3) काली सिंध | – परवन |
| (4) साबरमती | – माजम |

**व्याख्या–(1)** मेशवा नदी साबरमती की सहायक नदी है।

10. **राजस्थान में सम्भाव्य वाष्पीकरण– वाष्पोत्सर्जन की वार्षिक दर सर्वाधिक किस जिले में है?**
(1) गंगानगर (2) कोटा (3) डूंगरपुर (4) जैसलमेर

**व्याख्या–(4)** राजस्थान का न्यूनतम वाष्पीकरण–वाष्पोत्सर्जन की वार्षिक दर डूँगरपुर जिले में है।

11. **निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए:**

| क्षेत्र | स्थानीय नाम |
|---|---|
| i. डूंगरपुर, बाँसवाड़ा एवं प्रतापगढ़ क्षेत्र | a. भौमट |
| ii. डूंगरपुर, पूर्वी सिरोही एवं उदयपुर जिलों का अरावली पर्वतीय क्षेत्र | b. हाड़ौती |
| iii. आबू पर्वत खण्ड | c. वागड़ |
| iv कोटा, बूँदी एवं बारां क्षेत्र | d. अर्बूद |

| | i | ii | iii | iv | | i | ii | iii | iv |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| (1) | b | c | b | a | (2) | c | a | d | b |
| (3) | c | b | a | d | (4) | d | a | b | c |

उत्तर–(2)

89. **कोटा के किस शासक के काल को कोटा स्कूल की चित्रशैली का उत्कृष्ट काल माना जा सकता है?**
(1) महाराव शत्रुसालसिंह–I (2) महाराव किशोरसिंह
(3) महाराव उम्मेदसिंह–I (4) महाराव शत्रुसालसिंह–II
**उत्तर–(3)**

90. **श्रीमती रमा देवी राजस्थान के किस किसान आन्दोलन से सम्बद्ध रही?**
(1) बेगूँ (2) बिजौलिया
(3) बरड़ (4) बीकानेर

**व्याख्या–(2)** रमा देवी का जन्म जयपुर में वैद्य गंगासहाय के घर हुआ था। यह 1931 में बिजौलिया किसान आन्दोलन में भाग लेते हुए गिरफ्तार हुई थी। 1932 के सविनय अवज्ञा आन्दोलन में भाग लेते हुए भी जेल की यात्रा की।

91. **ढोला–मारू कहानी में ढोला की विवाह के समय उम्र थी?**
(1) 3 वर्ष (2) 11 वर्ष
(3) 14 वर्ष (4) 16 वर्ष

**व्याख्या–(1)** विवाह के समय ढोला (साल्हकुंवर) की आयु 3 वर्ष एवं मारू (मारवणी) की आयु लगभग 1 वर्ष 6 माह की थी।

92. **ऐतिहासिक स्थल मानगढ़ राजस्थान के किस जिले में है?**
(1) डूंगरपुर (2) बाँसवाड़ा
(3) उदयपुर (4) प्रतापगढ़
**उत्तर–(2)**

93. **गवरी लोक नृत्य मूलतः सम्बन्धित हैः**
(1) गरासियों से (2) कालबेलियों से
(3) कंजरों से (4) भीलों से

**व्याख्या–(4)** यह एक नृत्य नाट्य है इस नाट्य की प्रस्तुति के दौरान भील कलाकारों द्वारा नृत्य भी किया जाता है, जो गवरी/राई नृत्य कहलाता है।

94. **किस राज्य के प्रजामण्डल ने 1936 ई. में 'कृष्णा दिवस' मनाया?**
(1) उदयपुर (2) कोटा
(3) करौली (4) जोधपुर

**व्याख्या–(4)** 1935 में **कृष्णा कुमारी** नामक युवा विधवा महिला का राजघराने के एक उच्च व्यक्ति की साझेदारी से अपहरण कर लिया गया। जब किसी ने सुनवाई नहीं की, तब उसकी माता ने **मारवाड़ प्रजामण्डल** के पदाधिकारियों से इसकी शिकायत की। प्रजामंडल ने इस मामले की पैरवी करते हुए सरकार को अनेक पत्र लिखे और **1936** बम्बई में कृष्णा दिवस मनाया गया।

95. **आभानेरी तथा राजौरगढ़ के कलात्मक वैभव किस काल के हैं?**
(1) गुर्जर–प्रतिहार (2) चौहान
(3) गुहिल–सिसोदिया (4) राठौड़

**व्याख्या–(1)** अलवर के राजौरगढ़ से 960 ई. का प्रतिहार गौत्र के गुर्जर मंथनदेव बड़गुर्जर का एक शिलालेख मिला है, जो राजौरगढ़ में प्रतिहार शासक की सूचना देता है। राजौरगढ के प्रतिहार कन्नौज के रघुवंशी शासकों के सामंत थे।

96. **किस दुर्ग को 'गढ़बीटली' नाम से भी जाना जाता है?**
(1) तारागढ़ किला (अजमेर)
(2) तारागढ़ किला (बूँदी)
(3) जालौर का दुर्ग
(4) सिवाणा का किला
**उत्तर–(1)**

97. **पाबूजी का मुख्य तीर्थ स्थल हैः**
(1) ठीकरिया गाँव (2) जोधपुरिया गाँव
(3) कोलू गाँव (4) पाँचोटा गाँव

**व्याख्या–(3)** पाबूजी का मुख्य मंदिर **कोलू** (फलौदी) में स्थित है, जहाँ प्रतिवर्ष चैत्र अमावस्या को विशाल मेला भरता है। मेहर जाति के मुसलमान इन्हें **'पीर'** मानकर पुजा करते हैं, जबकि हिन्दु इन्हें **'लक्ष्मण का अवतार'** मानते हैं।

98. **अजमेर–मेरवाड़ा का राजस्थान में विलय कब हुआ?**
(1) 26 जनवरी, 1956 (2) 1 नवम्बर, 1956
(3) 26 जनवरी, 1950 (4) 30 मार्च, 1949
**उत्तर–(2)**

99. **चारचौमा मन्दिर राजस्थान के किस जिले में है?**
(1) कोटा (2) बूँदी
(3) झालावाड़ (4) सीकर

**व्याख्या–(1)** यह गुप्त कालीन शिव मन्दिर है। इस मंदिर में चतुर्मुर्खी शिवलिंग स्थापित है।

100. **जीणमाता का मेला राजस्थान के किस जिले में वर्ष में दो बार आयोजित होता है?**
(1) सिरोही (2) सीकर
(3) सवाई माधोपुर (4) जालौर

**व्याख्या–(2)** जीणमाता का मेला रेवासा (सीकर) में चैत्र व आश्विन नवरात्रों में भरता है।

# 14 IInd Grade भर्ती परीक्षा (जी. के.) 7 फरवरी, 2018

1. **निम्न में से किस जिले की सीमा रेखा किसी अन्य राज्य की सीमा रेखा को नहीं छूती है?**
(1) डूंगरपुर (2) भीलवाड़ा (3) झुन्झुनूं (4) बूंदी

**व्याख्या–(4)** डूंगरपुर–गुजरात, भीलवाड़ा–मध्यप्रदेश तथा झुंझुनूं–हरियाणा राज्यों के साथ सीमा साझा करता है।

2. **सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिये तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिये कोड से कीजियेः**

| सूची–I (अरावली की पहाड़ियाँ) | सूची–II (ऊँचाई मीटर में) |
|---|---|
| A. बाबाई | i. 730 |
| B. तारागढ़ | ii. 780 |
| C. सायरा | iii. 873 |
| D. रोजा भाकर | iv. 900 |

**कोडः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | ii | iii | iv | i |
| (2) | iii | iv | i | ii |
| (3) | ii | i | iii | iv |
| (4) | iv | ii | i | iii |

**व्याख्या–(1)** बाबाई चोटी (जयपुर ग्रामीण) की ऊँचाई 792 मीटर है, जबकि बबाई चोटी (नीमकाथाना) की ऊँचाई 780 मीटर है।

3. **निम्न में से राजस्थान के किस भाग में सर्वाधिक वर्षा की परिवर्त्तिता पाई जाती है?**
(1) सुदूर पश्चिमी भाग (2) उत्तर–पूर्वी भाग
(3) दक्षिणी भाग (4) उत्तरी भाग

**उत्तर–(1)**

4. **यदि आप लूनी नदी के किनारे इसके उद्गम से अंत तक की यात्रा करते हैं तो आप इसकी सहायक नदियों को किस क्रम में पायेंगे?**
A. सूकड़ी B. बांडी
C. जवाई D. गुहिया

**नीचे दिए गए कूट का उपयोग करके सही क्रम वाले उत्तर को चुनिएः**
(1) b, d, c, a (2) d, b, a, c
(3) a, b, c, d (4) a, c, d, b

**उत्तर–(2)**

5. **निम्नलिखित में से राजस्थान में किस श्रेणी के वनों का सर्वाधिक क्षेत्र है?**
(1) सुरक्षित वन (2) आरक्षित वन
(3) व्यापारिक वन (4) अवर्गीकृत वन

**व्याख्या–(1)** 31 मार्च, 2023 तक की स्थिति के अनुसार राजस्थान में सुरक्षित वन– **56.51%** (18605.18 वर्ग किमी.)

6. **सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिये तथा निम्न कूटों की सहायता से सही विकल्प का चयन कीजियेः**

| सूची–I (पशुधन) | सूची–II (नस्ल) |
|---|---|
| A. गौवंश | i. बड़वारी |
| B. भेड़ | ii. मुर्रा |
| C. भैंस | iii. मालवी |
| D. बकरी | iv. नाली |

**कोडः**

| | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | iii | iv | ii | i |
| (2) | iv | iii | i | ii |
| (3) | ii | i | iii | iv |
| (4) | i | ii | iv | iii |

**उत्तर–(1)**

7. **निम्न में से कौन–सा युग्म सही नहीं है?**
(1) फैल्सपार (खनिज)– अजमेर (उत्पादक जिला)
(2) रॉक फास्फेट (खनिज)– टोंक (उत्पादक जिला)
(3) वोलस्टोनाइट (खनिज)– सिरोही (उत्पादक जिला)
(4) टंगस्टन (खनिज)– नागौर (उत्पादक जिला)

**व्याख्या–(2)** राजस्थान में रॉक फास्फेट का सर्वाधिक उत्पादन उदयपुर जिले से होता है।

8. **निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए तथा सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए कोड से कीजिएः**
(1) राजस्थान में प्रथम सीमेंट प्लांट लाखेरी में स्थापित किया गया
(2) सोजत में टायर फैक्ट्री स्थित है।
(3) बीकानेर में स्टेट वूलन मिल स्थित है।
(4) राजस्थान में कोटा सूती वस्त्र उद्योग का प्रमुख केंद्र है।

**कोड :**
(A) 1, 2 और 3 सही (B) 3 और 4 सही
(C) 1 और 3 सही (D) 2, 3 और 4 सही

# 15 IInd Grade भर्ती परीक्षा 1 मई, 2017

1. **निम्न में से कौन सी पहाड़ियाँ मध्य अरावली श्रेणी में स्थित हैं?**
(1) मेरवाड़ा पहाड़ियाँ (2) रोजा भाखर पहाड़ियाँ
(3) इसराना भाखर पहाड़ियाँ (4) गिर्वा पहाड़ियाँ

**व्याख्या–(1) मेरवाड़ा पहाड़ियाँ–** मध्य अरावली क्षेत्र में **टॉडगढ़** (ब्यावर) के समीप की पहाड़ियाँ, जो मेवाड़–मारवाड़ को अलग करती है।

2. **राजस्थान में स्थित थार मरुस्थल में कौन सा बालुका स्तूप का प्रकार नहीं है?**
(1) पैराबोलिक (2) तारा
(3) बरखान (4) घोराउड
**उत्तर–(4)**

3. **लूनी नदी के प्रदूषण का प्रमुख स्त्रोत क्या है?**
(1) रंगाई–छपाई उद्योग (2) ग्वार–गम उद्योग
(3) इन्जीनियरिंग उद्योग (4) हैन्डी क्राफ्ट उद्योग

**व्याख्या–(1) लूनी नदी में प्रदूषण का कारण–** पाली, जसोल, बालोतरा आदि स्थानों के रंगाई छपाई उद्योगों के कारण लूनी नदी का जल प्रदूषित होता है।

4. **'भोराट पठार' जिसके मध्य स्थित है, वह है–**
(1) अचलगढ़ एवं तारागढ़ (2) गोगुन्दा एवं बैराठ
(3) कुम्भलगढ़ एवं गोगुन्दा (4) जरगा एवं अचलगढ़
**उत्तर–(3)**

5. **राजस्थान में सर्दी की वर्षा कहलाती है?**
(1) काल बैसाखी (2) आम्र वर्षा
(3) मावठ (4) नॉर्वेस्टर

**व्याख्या–(3)** मावठ का उद्‌घम भू–मध्य सागर से होता है। मावठ की सर्वाधिक वर्षा जनवरी माह में होती है। मावठ को गोल्डन ड्रोप्स (सुनहरी बूँदे) भी कहा जाता है, जो रबी की फसलों के लिए बहुत लाभप्रद होती है। मावठ से सर्वाधिक लाभान्वित होने वाली फसले गेहूँ व चना है।

6. **निम्न में से जिस जिले की सीमा गुजरात से स्पर्श नहीं करती है, वह है:**
(1) प्रतापगढ़ (2) जालोर
(3) बाड़मेर (4) डूँगरपुर

**व्याख्या–(1)** प्रतापगढ़, मध्यप्रदेश के साथ सीमा साझा करता है।

7. **पश्चिमी राजस्थान में 'पश्चिमी रेतीला मैदान' की पूर्वी सीमा निम्न में से कौन सी समवर्षा रेखा बनाती है?**
(1) 15 सेमी (2) 25 सेमी
(3) 40 सेमी (4) 80 सेमी

**व्याख्या–(डिलीट)** पश्चिमी राजस्थान में 'पश्चिमी रेतीला मैदान' की पूर्वी सीमा **50 सेमी** की समवर्षा रेखा बनाती है। प्रश्न के विकल्प में 50 सेमी नहीं होने के कारण यह प्रश्न डिलीट किया गया।

8. **'भारत के मरुस्थलीकरण एवं भूअवनयन एटलस (इसरो–2007)' के अनुसार राजस्थान में मरुस्थलीकरण से प्रभावित क्षेत्र है–**
(1) 70% (2) 67%
(3) 65% (4) 59%
**उत्तर–(डिलीट)**

9. **राजस्थान में निम्न में से कौन से जिले मुख्यतः बीहड़ प्रभावित हैं?**
(1) कोटा, सवाई माधोपुर, धौलपुर
(2) बाँसवाड़ा, डूँगरपुर, जैसलमेर
(3) भीलवाड़ा, डूँगरपुर, राजसमन्द
(4) अजमेर, भीलवाड़ा, पाली

**व्याख्या–(1)** नदियों के प्रवाह के कारण मिट्टी में अत्यधिक कटाव (अवनालिका अपरदन) हो जाता है और गहरी–गहरी घाटियाँ बन जाती हैं, जो 'बीहड़' कहलाती है। ये बीहड़ **चम्बल बेसिन** में चम्बल नदी के सहारे **कोटा से धौलपुर** तक विस्तृत है।

10. **निम्नलिखित में से कौन सा सही युग्म नहीं है?**

| नदी | सहायक |
|---|---|
| (1) कालीसिंध | – निवाज |
| (2) बनास | – सागी |
| (3) माही | – चाप |
| (4) साबरमती | – वाकल |

**व्याख्या–(2)** सागी 'लूणी नदी' की सहायक नदी है।

11. **निम्नलिखित नदियों में से राजस्थान में कौन सी 'रुन्डित सरिता' कहलाती है?**
(1) वाकल (2) खारी
(3) बाणगंगा (4) कोठारी
**उत्तर–(3)**

62. राजस्थान राज्य के किस अन्तर्राष्ट्रीय निशानेबाज को 2016 का अर्जुन पुरस्कार दिया गया?
(1) कर्नल राज्यवर्धन सिंह (2) परमजीत सिंह
(3) करणसिंह (4) अपूर्वी चन्देला

**व्याख्या–(4)** वर्ष 2023 में सुश्री दिव्यकृति सिंह राठौड़ को घुड़सवारी के लिए अर्जुन पुरस्कार दिया गया। कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ को 2003 में व डॉ. करणसिंह को 1961 में निशानेबाज के लिए यह पुरस्कार दिया गया।

63. अवार्ड, जो कि प्रशिक्षण में उत्कृष्टता हेतु राजस्थान राज्य द्वारा खेल प्रशिक्षक को दिया जाता है–
(1) द्रोणाचार्य अवार्ड (2) गुरु वशिष्ठ अवार्ड
(3) महाराणा प्रताप अवार्ड (4) अर्जुन अवार्ड

**व्याख्या–(2)** यह पुरस्कार खेल और खेलों के क्षेत्र में अन्तर्राष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट उपलब्धियाँ प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों के प्रशिक्षकों को बढ़ावा देने तथा उत्कृष्ट प्रशिक्षकों को प्रोत्साहित करने के लिए दिया जाता है।

64. 2016 में राजस्थान राज्य के द्रोणाचार्य अवार्ड प्राप्त मुक्केबाजी प्रशिक्षक का नाम–
(1) मूलसिंह शेखावत (2) नारायणसिंह
(3) सागरमल धायल (4) उम्मेदसिंह

**व्याख्या–(3)** अक्टूबर 2024 तक गुरू द्रोणाचार्य पुरस्कार से सम्मानित व्यक्ति निम्न प्रकार है– सागरमल धायल, वीरेन्द्र पुनिया, आर. डी. सिंह, महासिंह, अनूपकुमार, श्यामसुन्दर राव, कर्णसिंह ।

65. कृषि वर्ष (2014–15) के दौरान राजस्थान में कुल खाद्यानों का उत्पादन हुआ–
(1) 196.22 लाख टन (2) 296.22 लाख टन
(3) 156.22 लाख टन (4) 182.00 लाख टन

**व्याख्या–(1)** वर्ष 2023–24 के दौरान राजस्थान में कुल खाद्यानों का उत्पादन 245.01 लाख मैट्रिक टन होने का अनुमान है, जो कि गत वर्ष की तुलना में 3.08 प्रतिशत (252.80 MT) कम है।

66. 19वीं पशु गणना के अनुसार, राजस्थान में भेड़ों की संख्या में वर्ष 2007 से 2012 के मध्य कमी हुई है?
(1) 21.36 प्रतिशत (2) 15.86 प्रतिशत
(3) 18.86 प्रतिशत (4) 23.00 प्रतिशत

**व्याख्या–(3)** 20वीं पशु गणना के अनुसार वर्ष 2012 से 2019 में भेड़ों की संख्या में 12.9 प्रतिशत की कमी हुई।

67. ऑपरेशन फ्लड (Operation flood) का सम्बन्ध है?
(1) हरित क्रान्ति (2) श्वेत क्रान्ति
(3) नीली क्रान्ति (4) पीली क्रान्ति

**व्याख्या–(2)** ऑपरेशन फ्लड (श्वेत क्रांति) की शुरूआत 1970 में राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड ने गुजरात के आणद गाँव से की।

68. केन्द्रीय ऊन विकास बोर्ड स्थित है–
(1) जोधपुर (2) जयपुर (3) आविकानगर (4) दिल्ली

**व्याख्या–(1)** केन्द्रीय ऊन विकास बोर्ड की स्थापना जोधपुर में 1987 में हुई।

69. प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अन्तर्गत वार्षिक वाणिज्यिक/उद्यानिकी फसलों की प्रीमियम दर है–
(1) 2.0 प्रतिशत (2) 3.0 प्रतिशत
(3) 5.0 प्रतिशत (4) 7.0 प्रतिशत

**व्याख्या–(3)** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरूआत 13 जनवरी 2016 को हुई थी, इस योजना में किसानों से रबी पर 1.5 प्रतिशत, खरीफ पर 2 प्रतिशत, वाणिज्यिक/उद्यानिकी पर 5 प्रतिशत प्रीमियम लेकर फसल का बीमा किया जा रहा है।

70. 12 वर्षीय विद्यार्थी सोहन की बुद्धि–लब्धि 75 है। उसकी मानसिक आयु वर्षों में क्या होगी?
(1) 8 (2) 9 (3) 10 (4) 12

**व्याख्या–(2)** बुद्धिलब्धि–
- सन् **1905** में **बिने** ने **औपचारिक** शुरुआत की थी।
- **(M.A.) मानसिक आयु का विचार– Binet** द्वारा 1908 में किया गया था।
- व्यक्तिगत विभिन्नता के परिणामस्वरूप अल्फ्रेड बिने एवं साइमन द्वारा व्यक्ति की **मानसिक योग्यता** को मापने के लिए **बुद्धि परीक्षण 1905** में किया गया था।
- 1916 में **बिने** ने स्टेनफोर्ड विश्वविद्यालय में अपने सहयोगी टरमन के साथ मिलकर संशोधन किया इसमें **90 प्रश्न** रखे गये थे।
- **बिने साइमन टेस्ट** (परीक्षण) के पिता बिने है इनका संशोधित रूप **स्टेनफोर्ड बिने परीक्षण** माना जाता है।

71. बुद्धि परीक्षण निर्माण के जन्मदाता हैं–
(1) फ्रान्सिस गाल्टन (2) आल्फ्रेड बिने
(3) लेवेटर (4) विलियम स्टर्न
उत्तर–(2)

72. ''सीखना विकास की प्रक्रिया है'', कथन किसके द्वारा कहा गया?
(1) वुडवर्थ (2) योकम
(3) सिम्पसन (4) डॉ. मैके
उत्तर–(1)

73. निम्नलिखित में से कौन S-R अधिगम सिद्धान्त से सम्बद्ध नहीं है?
(1) थॉर्नडाइक (2) स्किनर (3) पावलॉव (4) ब्रूनर

# 16 II$^{nd}$ Grade भर्ती परीक्षा 26 अप्रैल, 2017

1. **केन्द्रीय भूजल बोर्ड की रिपोर्ट 2011 के अनुसार राजस्थान में सुरक्षित जल भंडार वाले विकास खण्डों की संख्या है?**
(1) 25 (2) 30
(3) 35 (4) 40

**व्याख्या–**(डिलीट) भूजल आंकलन रिपोर्ट–2023 के अनुसार राजस्थान के कुल 302 ब्लॉक में से 38 सुरक्षित ब्लॉक, 3 लवणीय ब्लॉक, 22 अर्द्धविषम ब्लॉक, 23 विषम ब्लॉक, 216 अतिदोहित ब्लॉक है।

2. **'लसाड़िया का पठार' राजस्थान के किस जिले में स्थित है?**
(1) जैसलमेर (2) उदयपुर
(3) कोटा (4) गंगानगर

**व्याख्या–(2)** लसाड़िया का पठार (वर्तमान सलूंबर जिले में) जयसमंद झील के पूर्वी भाग में फैला कटा–फटा पठार है।

3. **निम्न में से कौन सी लवणीय झील नहीं है?**
(1) डीडवाना (2) कोलायत
(3) पचपद्रा (4) कावोद

**व्याख्या–(2)** कोलायत झील, **'शुष्क मरुस्थल का सुन्दर' उद्यान** कहलाती है। ऐसी मान्यता है कि कपिल मुनि ने अपनी माता की मुक्ति के लिए **पाताल गंगा** निकाली थी, जो वर्तमान में '**कपिल सरोवर या कोलायत झील**' कहलाती हैं। कोलायत झील पर 52 घाट बने हैं।

4. **'मावट' वर्षा जिनसे होती है, वह है–**
(1) उष्णकटिबन्धीय चक्रवात (2) दक्षिण–पश्चिमी मानसून
(3) पश्चिमी विक्षोभ (4) लौटता मानसून

उत्तर–(3)

5. **निम्नलिखित को सुमेलित कीजिए:**

| नदी | उद्गम स्थल |
|---|---|
| A. साबी | i. सेवर पहाड़ियाँ |
| B. काकनी | ii. बैराठ पहाड़ियाँ |
| C. बाणगंगा | iii. खण्डेला पहाड़ियाँ |
| D. कांतली | iv. कोटड़ी गाँव |

| कूट: | A | B | C | D |
|---|---|---|---|---|
| (1) | i | ii | iii | iv |
| (2) | i | iv | ii | iii |
| (3) | iv | i | ii | iii |
| (4) | iii | ii | iv | i |

उत्तर–(2)

6. **राजस्थान में उष्ण मरूस्थली जलवायु के लिए कोपेन ने किस कूट का प्रयोग किया?**
(1) Aw (2) BShw (3) BWhw (4) Cwg

**व्याख्या–(3)** ब्लादिमीर कोपेन के वर्गीकरण के अनुसार **BWhw** से अभिप्राय '**शुष्क उष्ण मरुस्थलीय प्रदेश**' है। यह प्रदेश उत्तरी–पश्चिम राजस्थान में पाया जाता है।

7. **विन्ध्यन कगार भूमि जिन नदियों के मध्य स्थित हैं, वह हैं**
(1) बाणगंगा व बनास (2) कालीसिंध व चंबल
(3) बेड़च व बनास (4) चंबल व बनास

**व्याख्या–(4)** विंध्यन कगार भूमि **चम्बल व बनास नदी** के मध्य का भाग है। कगारों का मुख बनास और चम्बल के बीच दक्षिण, **दक्षिण–पूर्व** दिशा की ओर है तथा बुन्देलखण्ड में पूर्व की ओर फैले हैं। यह **करौली**, धौलपुर, सवाईमाधोपुर जिलों में विस्तृत है।

8. **निम्न में से कौन सा सुमेलित नहीं है?**

| नदी | सहायक |
|---|---|
| (1) माही | – जाखम |
| (2) लूनी | – सूकड़ी |
| (3) बनास | – मेज |
| (4) चंबल | – पार्वती |

**व्याख्या–(3)** मेज नदी, सीनपुर (बूँदी, लाखेरी के पास) में चम्बल नदी में मिलती है।

9. **इनमें से कौन सी राजस्थान की अन्तः प्रवाही नदी नहीं है?**
(1) कांतली (2) काकनी (3) सागी (4) घग्घर

**व्याख्या–(3)** सागी नदी, जसवंतपुरा की पहाड़ियों (जालौर) से निकल कर लूनी नदी में मिलती है।

10. **सांभर झील में नहीं गिरने वाली नदी है–**
(1) मेंढ़ा (2) कांतली
(3) खण्डेल (4) रूपनगढ़

**व्याख्या–(2)** सांभर झील में मेन्था/मेंढ़ा, रूपनगढ़, खारी, खंडेला नदियाँ गिरती है।

11. **रामसर कन्वेंशन के अनुसार निम्न में से कौन सा अभयारण्य 'वैटलेंड' (नम भूमि) के रूप में चयनित किया गया?**
(1) जयसमंद (2) केवलादेव (घाना)
(3) शेरगढ़ (4) सरिस्का

# 17 IInd Grade भर्ती परीक्षा 19 सितम्बर, 2014

1. **निम्न में से कौन सा युग्म सही है?**
**राजस्थान की स्थिति–**
(1) 2303' – 30012' N और 69030'– 78017 E
(2) $23^o30'$ – $30^o13'$ N और $69^o30'$ – $78^o21$ E
(3) $23^o25'$ – $30^o12'$ N और $69^o29'$ – $78^o25$ E
(4) $23^o28'$ – $30^o14'$ N और $69^o21'$ – $78^o24$ E
उत्तर–(1)

2. **1000 मिलिबार की समदाब रेखा जुलाई माह में गुजरती है–**
(1) सिरोही, उदयपुर, प्रतापगढ़ और झालावाड़ से
(2) सिरोही, चित्तौड़गढ़, कोटा और बारां से
(3) जालोर, पाली, अजमेर एवं करौली से
(4) उदयपुर, चित्तौड़गढ़, कोटा एवं बारां से
उत्तर–(1)

3. **अपवाह क्षेत्र की दृष्टि से राजस्थान की नदी प्रणालियों का सही अवरोही क्रम है :**
(1) चम्बल, लूनी, माही, बनास (2) चम्बल, लूनी, बनास, माही
(3) बनास, चम्बल, लूनी, माही (4) बनास, चम्बल, माही, लूनी
व्याख्या–(डिलीट)

**राजस्थान की प्रमुख नदी प्रणाली और जलग्रहण क्षेत्र**

| क्र.सं. | नदी बेसिन | जलग्रहण क्षेत्र (वर्ग कि.मी. में) | कुल भौगोलिक क्षेत्र का प्रतिशत |
|---|---|---|---|
| 1. | लूनी | 69302 | 20% |
| 2. | बनास | 47060 | 14% |
| 3. | चम्बल | 31243 | 9% |
| 4. | माही | 16611 | 5% |

**स्रोत– ग्राउंड वाटर ईयर बुक 2021–22 राजस्थान**

4. **राजस्थान में प्रथम योजना काल से अब तक फसलों के प्रतिरूप में क्या परिवर्तन (आंकड़े पूर्णाक में) घटित हुए हैं?**
(1) अनाज की फसलों का क्षेत्रफल 42% से बढ़कर 56% हो गया है
(2) दालों का क्षेत्रफल 21% से घटकर 18% रह गया है।
(3) तिलहनों का क्षेत्रफल 6% से बढ़कर 21% हो गया है।
(4) कपास, गन्ना, ग्वार, चारा फसलों, फल, सब्जी एवं मसालों का क्षेत्रफल 19% से बढ़कर 20% हो गया है।
**नीचे दिए हुए कूटों का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए:**
(1) 1, 2 एवं 3 (2) 1, 3 एवं 4
(3) 2 एवं 4 (4) 2 एवं 3
उत्तर–(4)

5. **सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिये तथा नीचे दिए हुए कूटों का उपयोग कर सही उत्तर चुनिए:**

| सूची–I (राजस्थान के क्षेत्र) | सूची–II (गाय की नस्लें) |
|---|---|
| i. उत्तरी पश्चिमी राजस्थान | (a). राठी |
| ii. दक्षिणी पश्चिमी राजस्थान | (b). कांकरेज |
| iii. पश्चिमी राजस्थान | (c). थारपारकर |
| iv. दक्षिण पूर्व मध्यवर्ती राजस्थान | (d). गिर |

कूट :
(1) (i)- (c), (ii)- (b), (iii)- (a), (iv)- (d)
(2) (i)- (a), (ii)- (b), (iii)- (c), (iv)- (d)
(3) (i)- (a), (ii)- (b), (iii)- (d), (iv)- (c)
(4) (i)- (b), (ii)- (c), (iii)- (d), (iv)- (a)
उत्तर–(2)

6. **औद्योगिक सम्भावनाओं के आधार पर राजस्थान के निम्नलिखित में से कौन से जिले 'A' श्रेणी के अन्तर्गत आते हैं?**
(1) बाँसवाड़ा, नागौर, टोंक, सीकर
(2) उदयपुर, अलवर, कोटा, भीलवाड़ा
(3) जयपुर, भरतपुर, टोंक, जोधपुर
(4) नागौर, कोटा बाँसवाड़ा, सीकर

व्याख्या–(2) वर्तमान में राजस्थान में 'A' श्रेणी के अन्तर्गत आने वाले जिले– अलवर, दौसा, अजमेर, भीलवाड़ा, पाली, जोधपुर, राजसमंद, उदयपुर, कोटा व बारां।

7. **राजस्थान में निर्धनता उन्मूलन की आरम्भ की गई नवीनतम योजना है–**
(1) पश्चिमी राजस्थान में निर्धनता निवारण प्रोजेक्ट (MPOWER)
(2) स्वर्ण जयन्ती ग्राम स्वरोजगार योजना (SGSY)
(3) महात्मा गांधी राष्ट्रीय गारंटी स्कीम (MNREGS)
(4) जिला निर्धनता–पहल प्रोजेक्ट (DPIP)

व्याख्या–(1) पश्चिमी राजस्थान गरीबी शमन परियोजना (MPOWER) Mitigation of Poverty in Western Rajasthan– इस परियोजना की अवधि प्रारम्भ में दिसम्बर 2008 से दिसम्बर 2014 तक रखी गई थी, जिसे बाद में दिसम्बर 2017 तक कर दिया गया। इस परियोजना का वित्त पोषण इंटरनेशनल फंड फॉर एग्रीकल्चरल डवलपमेंट (IFAD), सर रतन टाटा ट्रस्ट व राज्य सरकार द्वारा किया जा रहा है। इस परियोजना में पश्चिमी राजस्थान के 8 ब्लॉक को शामिल किया गया है।

8. **जैसलमेर में पालीवाल ब्राह्मणों द्वारा विकसित मौलिक पारम्परिक वर्षा जल संचयन पद्धति का नाम है–**
(1) बावड़ी (2) खड़ीन (3) कुण्ड (4) उकेरी

# 18 IInd Grade भर्ती परीक्षा 22 नवम्बर, 2013

1. **राजस्थान में स्वतंत्रता संघर्ष के दौरान 1921–22 में भील आन्दोलन का नेतृत्त्व किया था–**
(1) मोतीलाल तेजावत (2) जमनालाल बजाज
(3) शोभाराम (4) विजयसिंह 'पथिक'
उत्तर–(1)

2. **बिजौलिया किसान आन्दोलन (1913) का नेतृत्त्व किसने किया था–**
(1) साधु सीताराम दास (2) भोगीलाल पांड्या
(3) हीरालाल शास्त्री (4) जयनारायण व्यास

**व्याख्या–(1)** ऊपरमाल की जागीर का **सदर मुकाम** बिजौलिया था। यहाँ के अधिकांश **किसान धाकड़** जाति के थे।

3. **'कुमारपाल' प्रबन्ध में उल्लेख है कि चित्तौड़ के किले का निर्माण एक मौर्य राजा ने करवाया था, उस राजा का नाम था–**
(1) चित्रांगद (2) चित्रांग
(3) चित्रगुप्त (4) दशरथ
उत्तर–(1)

4. **कान्हड़देव था**
(1) नागौर का शासक (2) जालौर का शासक
(3) एक कवि (4) चौहानों का एक सामन्त
उत्तर–(2)

5. **कुम्भा के विषय में निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?**
(1) वह स्वयं विद्वान नहीं था पर विद्वानों को आश्रय देता था
(2) वह कुम्भल दुर्ग का निर्माता था।
(3) वह संगीत प्रेमी था।
(4) वह मेवाड़ के महान् शासकों में से एक था।

**व्याख्या–(1)** महाराणा कुम्भा स्वयं विद्वान था, इनके द्वारा संगीत राज, संगीत मीमांसा, सूड प्रबन्ध, रसिक प्रिया, कामराज रतिसार,संगीत रत्नाकर व चंडीशतक टीका आदि रचित है।

6. **राजस्थान सेवा संघ ने राजनीतिक जागरण फैलाने हेतु अजमेर से जिस साप्ताहिक पत्र का प्रकाशन प्रारम्भ किया, वह था–**
(1) राजस्थान केसरी (2) त्यागभूमि
(3) नवीन राजस्थान (4) यंग राजस्थान
उत्तर–(3)

7. **राजस्थान 'मानव अधिकार' आयोग के अध्यक्ष है**
(1) न्यायाधीश राजेश बालिया (2) न्यायाधीश दिलीपसिंह
(3) आर.एन. माथुर (4) गिरिजा व्यास

**व्याख्या–(1)** वर्तमान में राजस्थान के मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष गंगाराम मूलचंदानी है।

8. **राजस्थान के मुख्य सूचना आयुक्त है–**
(1) टी.एन.शेषन (2) एम.डी.कोटानी
(3) टी.श्रीनिवासन (4) मीनाक्षी हूजा

**व्याख्या–(3)** वर्तमान में राजस्थान के मुख्य सूचना आयुक्त एम. एल लाठर है।

9. **राजस्थान में पंचायतीराज व्यवस्था लागू हुई?**
(1) 1967 में (2) 1959 में
(3) 1971 में (4) 1963 में
उत्तर–(2)

10. **भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत पंचायतीराज संस्थाओं को संवैधानिक मान्यता प्रदान की गई?**
(1) 256 (2) 368
(3) 154 (4) 243–B

**व्याख्या–(4)** पंचायतों के गठन का वर्णन अनुच्छेद–243 B में मिलता है। त्रिस्तरीय ढ़ाँचा इस प्रकार है–
1. ग्राम पंचायत 2. पंचायत समिति 3. जिला परिषद्

11. **राजस्थान में लोकायुक्त है–**
(1) न्यायाधीश जी.एल.गुप्ता (2) न्यायाधीश अजय रस्तोगी
(3) दीपक रस्तोगी (4) मधुकर गुप्ता

**व्याख्या–(1)** वर्तमान में राजस्थान के लोकायुक्त जस्टिस प्रताप कृष्ण लोहरा है।

12. **लोकसभा में राजस्थान से कितनी सीटें है?**
(1) 20 (2) 27
(3) 25 (4) 29

**व्याख्या–(3)** राजस्थान में लोकसभा की 25 सीटें है जिनमें से 4 अनुसूचित जाति व 3 अनुसूचित जनजाति की सीटें आरक्षित है।

13. **राजस्थान का कौनसा शहर राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र का भाग है?**
(1) जोधपुर (2) पिलानी
(3) करौली (4) अलवर

**व्याख्या–(4)** वर्तमान में राजस्थान के अलवर व भरतपुर जिले राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के भाग हैं।

**व्याख्या–(3)** बीकानेर राज्य प्रजापरिषद् की स्थापना 22 जुलाई, 1942 को रघुवर दयाल गोयल ने गंगादास कौशिक और दाऊलाल आचार्य के साथ मिलकर की थी।

70. **'हरित राजस्थान' योजना आरंभ की गई थी–**
(1) 2007 में (2) 2009–10 में
(3) 2004–05 में (4) 2002–03 में
**उत्तर–(2)**

71. **देश के 142 डेजर्ट ब्लॉक में से राजस्थान में कितने डेजर्ट ब्लॉक है?**
(1) 90 (2) 40
(3) 100 (4) 85

**व्याख्या–(4) मरू विकास कार्यक्रम** 1977–78 से राजस्थान में **16 जिलों** के **85 विकास खण्डों** में संचालित है।

72. **राजस्थान में किस शहर में सीमेन्ट का सर्वाधिक उत्पादन होता है?**
(1) चित्तौड़गढ़ (2) जयपुर
(3) भरतपुर (4) दौसा

**व्याख्या–(1)** भारत में सर्वाधिक सीमेन्ट उत्पादन वाला राज्य– **राजस्थान।**
राजस्थान में सर्वाधिक सीमेन्ट उत्पादन– **चित्तौड़गढ़।**
निकट भविष्य में सर्वाधिक सम्भावनाएँ– **जैसलमेर।**
राजस्थान में सीमेन्ट उत्पादन करने वाले प्रमुख जिले– **चित्तौड़गढ़, ब्यावर, नागौर, सिरोही व कोटा।**

73. **प्राकृतिक गैस पर आधारित 'शक्ति परियोजना' स्थित है–**
(1) भिवाड़ी (2) उदयपुर
(3) बीकानेर (4) रामगढ़

**व्याख्या–(4)** रामगढ़ गैस परियोजना (जैसलमेर) राजस्थान की द्वितीय गैस आधारित विद्युत परियोजना है, जो 1996 में शुरू हुई थी। इसके तीसरे चरण तक कुल उत्पादन क्षमता 273.5 मेगावॉट है।

74. **राजस्थान के किस जिले में जरगा पर्वत है?**
(1) सिरोही (2) उदयपुर
(3) अलवर (4) जयपुर

**व्याख्या–(2)** जरगा पर्वत शिखर की ऊँचाई 1431 मीटर है।

75. **विश्व का सबसे ऊँचा जलप्रपात है–**
(1) मेनाल – जलप्रपात (2) एंजिल – जलप्रपात
(3) जॉग – जलप्रपात (4) नियाग्रा – जलप्रपात
**उत्तर–(2)**

76. **निम्न में से राजस्थान क्रिकेट बोर्ड का अध्यक्ष कौन है?**
(1) संजय दीक्षित (2) ललित मोदी
(3) सी. पी. जोशी (4) विनोद माथुर

**व्याख्या–(3)** वर्तमान में राजस्थान क्रिकेट बोर्ड के अध्यक्ष धनंजय सिंह खींवसर है। (अक्टूबर 2024 तक की स्थिति अनुसार)

77. **राजस्थान में परमाणु केन्द्र कहाँ स्थित है?**
(1) रावतभाटा (2) सूरतगढ़
(3) उदयपुर (4) भीलवाड़ा

**व्याख्या–(1)** राजस्थान परमाणु शक्ति गृह (RAPP)– राणा प्रताप सागर बाँध के किनारे **रावतभाटा चित्तौड़गढ़** जिले में स्थित है। यह **नाभिकीय ऊर्जा निगम** (NPC) द्वारा संचालित किया जाता है। यह कनाडा की सहायता से स्थापित है। इसे 1965 में प्रारम्भ किया गया तथा 16 दिसम्बर, 1973 को उत्पादन शुरू हुआ। यह **युरेनियम 235 पर** आधारित परियोजना है।

78. **भटनेर किला स्थित है–**
(1) हनुमानगढ़ (2) कोटा (3) धौलपुर (4) पाली

**व्याख्या–(1)** भटनेर का किला राजस्थान का सर्वाधिक प्राचीन किला है। यह घग्घर नदी के किनारे स्थित है। राजस्थान में सर्वाधिक विदेशी आक्रमण झेलने वाला दुर्ग है। यह धान्वन दुर्ग की श्रेणी में आता है। इसका निर्माण (295 ई.) भूपत भाटी ने करवाया था।

79. **राजस्थान में प्रदूषण किसके द्वारा नियंत्रित किया जाता है?**
(1) पंचायतों द्वारा (2) नगर निगम द्वारा
(3) नगरपालिका द्वारा
(4) राजस्थान प्रदूषण नियन्त्रण बोर्ड द्वारा

**व्याख्या–(4)** राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की स्थापना 7 फरवरी, 1975 को जयपुर में हुई थी।

80. **राजस्थान के किस जिले में पलाया झील है ?**
(1) कोटा (2) जैसलमेर
(3) उदयपुर (4) भरतपुर
**उत्तर–(2)**

81. **किस देश में जनसंख्या की विकास दर एक प्रतिशत से भी कम है?**
(1) चीन की (2) जापान की
(3) इरान की (4) टर्की की
**उत्तर–**(डिलीट)

82. **शिक्षा प्राप्ति अधिकार कब से लागू हुआ?**
(1) अप्रैल, 2010 (2) जुलाई, 2010
(3) दिसम्बर, 2010 (4) जनवरी, 2011
**उत्तर–(1)**

# 19 II[nd] Grade भर्ती परीक्षा (हिन्दी) 22 दिसम्बर, 2011

1. **1949 में बृहत् राजस्थान का प्रधानमंत्री किसे बनाया गया था?**
(1) गोकुलभाई भटट् (2) हीरालाल शास्त्री
(3) जयनारायण व्यास (4) माणिक्यलाल वर्मा

**व्याख्या–(2)** 30 मार्च, 1949 को सरदार पटेल ने जयपुर के ऐतिहासिक दरबार हॉल में **'वृहद् राजस्थान'** का उद्घाटन करते हुए सवाई मानसिंह को **'राजप्रमुख'** पद की शपथ दिलाई। इसके बाद राजप्रमुख ने कोटा महाराव भीमसिंह को उपराजप्रमुख व हीरालाल शास्त्री को मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई।

2. **राजस्थान की प्रथम विधान सभा का अध्यक्ष कौन था?**
(1) शांतिलाल चपलोत (2) नरोत्तमलाल जोशी
(3) रामनिवास मिर्धा (4) श्रीमती सुमित्रा सिंह

**व्याख्या–(2)** राजस्थान में प्रथम विधानसभा विपक्ष के नेता– **जसवंत सिंह**
राजस्थान में प्रथम विधानसभा उपाध्यक्ष– **लालसिंह शक्तावत**

3. **राजस्थान की प्रथम महिला मुख्य सचिव कौन थी?**
(1) श्रीमती कृष्णा भटनागर (2) श्रीमती मीनाक्षी हूजा
(3) श्रीमती अल्का काला (4) श्रीमती कुशाल सिंह

**व्याख्या–(4)** राजस्थान की दूसरी महिला मुख्य सचिव– **ऊषा शर्मा।**

4. **भारतीय संविधान के किस अधिनियम के अनुसार राज्य लोक सेवा आयोग अपना प्रतिवेदन संबंधित राज्य के राज्यपाल को सौंपते है?**
(1) अधिनियम 315 (2) अधिनियम 316
(3) अधिनियम 320 (4) अधिनियम 323

**व्याख्या–(4)** अनुच्छेद 323(2) के तहत् राज्य लोक सेवा आयोग का यह कर्त्तव्य होगा कि वह राज्य के राज्यपाल को आयोग द्वारा किये गये कार्य के बारे में प्रतिवर्ष अपना वार्षिक प्रतिवेदन सौंपेगा।

5. **राजस्थान में पंचायती राज का आगाज कब हुआ?**
(1) 1959 (2) 1958
(3) 1949 (4) 1948

**व्याख्या–(1)** बलवंत राय मेहता समिति की सिफारिश के आधार पर 02 अक्टूबर, 1959 को नागौर के बगदरी गाँव में देश की पहली पंचायत की नींव रखी, जिसका उद्घाटन तत्कालीन प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू ने किया।

6. **लोकप्रिय 'अग्नि नृत्य' का प्रारंभ एवं आयोजन मुख्यतः किया जाता है–**
(1) धौलपुर (2) बाँसवाड़ा
(3) बीकानेर (4) दौसा

**व्याख्या–(3)** अग्निनृत्य का सम्बन्ध जसनाथी सम्प्रदाय से है।

7. **राजस्थान के वे कौनसे चार राज्य है जिन्होंने संयुक्त होकर मत्स्य संघ का निर्माण किया?**
(1) अलवर, भरतपुर, धौलपुर, कोटा
(2) अलवर, भरतपुर, धौलपुर, करौली
(3) अलवर, करौली, भरतपुर, टोंक
(4) अलवर, बूँदी, बाँसवाड़ा, करौली

**व्याख्या–(2)** 18 मार्च, 1948 को गठित मत्स्य संघ की राजधानी अलवर बनाई गई। धौलपुर के **उदयभान सिंह** को राज प्रमुख व अलवर के **शोभाराम कुमावत** को प्रथम प्रधानमंत्री बनाया गया।

8. **राजस्थान के प्रख्यात खेल व्यक्तित्व पार्थसारथी शर्मा जिनका देहावसान हाल ही में हुआ था। किस खेल से संबंधित थे?**
(1) शतरंज (2) बैडमिंटन
(3) कबड्डी (4) क्रिकेट

उत्तर–(4)

9. **राजस्थान की वह कौनसी एकमात्र नदी है जो कर्क रेखा को दो बार पार करती है?**
(1) लूणी (2) माही
(3) बनास (4) कालीसिंध

**व्याख्या–(2)** माही नदी बाँसवाड़ा के खाँदू गाँव से राजस्थान में प्रवेश करती है। यह राजस्थान की एकमात्र नदी है, जिसका प्रवेश एवं निकास दोनों ही दक्षिण दिशा से होता है। राजस्थान में माही नदी की कुल लम्बाई 171 किमी. है।

10. **राज्य सूचना आयोग का सूचना आयुक्त हाल ही में किसे बनाया गया?**
(1) टी. श्रीनिवासन (2) ललित के. पंवार
(3) एच.सी. सांकलिया (4) वी. के. तिवारी

**व्याख्या–(1)** वर्तमान में राज्य सूचना आयोग के मुख्य सूचना आयुक्त **मोहन लाल लाठर** है। (31 अक्टूबर, 2024 तक की स्थिति के अनुसार)

56. **लैटिन भाषा में पर्सोना का अर्थ है**
(1) व्यक्ति (2) व्यक्तिगत (3) अपूर्व (4) मुखौटा
उत्तर–(4)

57. **ब्रेल लिपि से किसको पढ़ाना चाहिए?**
(1) बहरे (2) अन्धे (3) गूंगे (4) विकलांग

**व्याख्या–(2) लुई ब्रेल** जो स्वयं दृष्टिहीन थे, उन्होंने **ब्रेल लिपि** का निर्माण किया था।

58. **बाल – अपराधियों की आयु होती है**
(1) 5 वर्ष से 10 वर्ष तक (2) 3 वर्ष से 12 वर्ष तक
(3) 18 वर्ष से कम (4) 18 वर्ष से अधिक

**व्याख्या–(3)** ''मोटे तौर पर **बाल–अपराध** शब्द बालकों द्वारा **कानून के भंग** किये जाने का उल्लेख है''– **वैलेण्टाइन**

59. **जिन बालकों की शैक्षिक उपलब्धि अपनी आयु के अन्य बालकों से निम्न रहती है, कहलाते हैं–**
(1) पिछड़े बालक (2) मन्द बुद्धि बालक
(3) मन्दितमना बालक (4) बाल – अपराधी

**व्याख्या–(1) सिरिल बर्ट–** ''एक पिछड़ा छात्र वह है जो अपने विद्यालय जीवन के मध्यकाल में **(लगभग 10.5 वर्ष)** अपनी कक्षा से निम्न कक्षा का कार्य नहीं कर पाता है''

60. **जब व्यक्ति असफलता, दृःख, पीड़ा को बलपूर्वक भूलने का प्रयास करता है, इसे कहते हैं–**
(1) प्रतिगमन (2) तादात्मीकरण
(3) प्रक्षेपण (4) दमन

**व्याख्या–(4) दमन (Repression)**– जब कुछ बातों को **जानबूझकर भूलने** की कोशिश की जाती है। जैसे– प्यार में विफल हुआ लड़का **प्यार की बातों** से काफी दुःख महसुस करता है।

61. **जब बालक छोटे–छोटे समूहों में समस्याओं पर चर्चा कर स्वयं निष्कर्ष तक पहुँचते हैं, ऐसी स्थिति किस उपागम की ओर संकेत करती है?**
(1) पैनल परिचर्चा (2) निर्मितवाद
(3) सिस्टम उपागम (4) अभिक्रमित अनुदेशन
उत्तर–(1)

62. **निम्न में से कौनसा तत्व अभिप्रेरणा से सम्बन्धित नहीं है?**
(1) मूल प्रवृति (2) प्रेरण (3) अन्तर्नोद (4) आवश्यकता
उत्तर–(1)

63. **कोई भी आन्तरिक कारक अथवा जो क्रिया आरम्भ करने तथा बनाए, रखने की प्रवृति रखती है। कहलाती है?**
(1) अधिगम (2) बुद्धि
(3) सृजनशीलता (4) अभिप्रेरणा

**व्याख्या–(4) ''कार्य को प्रारम्भ करना,** जारी रखना एवं नियमित करने की प्रक्रिया ही अभिप्रेरणा है''– **गुड**
''अभिप्रेरणा **व्यवहार का उत्पाद** है''– **हेनरी**
''अभिप्रेरणा वे शारीरिक एवं मनोवैज्ञानिक दशाएँ है जो किसी कार्य को करने के लिए प्रेरित करती है''– **मेकडूगल**
''यह एक आन्तरिक कारक है जो क्रिया को प्रारम्भ करने एवं बनाये रखने की प्रवृत्ति होती है''– **गिलफोर्ड**

64. **विख्यात स्मारक 'अढाई दिन का झोपड़ा' या तत्कालीन संस्कृत महाविद्यालय का निर्माण किसके द्वारा किया गया?**
(1) विग्रहराज चतुर्थ (2) पृथ्वीराज प्रथम
(3) अर्णोराज (4) अजयराज

**व्याख्या–(1)** अजमेर शहर में स्थित यह भवन मूलतः चौहान शासक **विग्रहराज चतुर्थ** ( बीसलदेव) द्वारा निर्मित **संस्कृत पाठशाला** (सरस्वती कंठाभरण महाविद्यालय) थी। जिसे तराईन के द्वितीय युद्ध में विजय के बाद मोहम्मद गौरी के सेनापति **कुतुबद्दीन ऐबक** ने तुड़वा कर इसे अढ़ाई दिन के झोंपड़े में परिवर्तित कर दिया।

65. **1191–1192 के तराईन के युद्ध में किस चौहान शासक (राजा) को आक्रमणकारी शहाबुद्दीन गौरी से लड़ना पड़ा?**
(1) पृथ्वीराज प्रथम (2) बीसलदेव
(3) पृथ्वीराज द्वितीय (4) पृथ्वीराज तृतीय

**व्याख्या–(4)** तराईन के प्रथम युद्ध (1191) में पृथ्वीराज तृतीय की विजय हुई तथा तराईन के द्वितीय युद्ध (1192) में महमूद गौरी की विजय हुई।

66. **'पृथ्वीराज विजय' का रचयिता कौन है?**
(1) चंदबरदाई (2) महाकवि पृथ्वीराज
(3) नरपति नाल्ह (4) जयानक

**व्याख्या–(4)** जयानक पृथ्वीराज तृतीय के समकालीन था।

67. **निम्नलिखित में से किसने 1950–51 में कालीबंगा की पहचान की?**
(1) मोर्टीमोर (2) ए. घोष
(3) जे.पी. जोशी (4) आर.डी. बनर्जी

**व्याख्या–(2)** कालीबंगा को निर्धन सभ्यता/दीनहीन बस्ती उपनामों से जाना जाता है। यह कांस्युगीन नगरीय सभ्यता थी।

68. **'बनास संस्कृति' निम्न में से किस स्थल से संबंधित है?**
(1) बैराठ (2) कालीबंगा (3) गणेश्वर (4) आहड़

**व्याख्या–(4)** आहड़ सभ्यता को **एच.डी. सौंकलिया** ने बनास संस्कृति कहा।

# 20 II nd Grade भर्ती परीक्षा (संस्कृत) 21 दिसम्बर, 2011

1. **एक व्यक्ति बिना राजस्थान विधान सभा का सदस्य होते हुए भी कितने मास तक राजस्थान में मंत्री रह सकता है।**
(1) 3 मास (2) 4 मास (3) 6 मास (4) 12 मास
**उत्तर–(3)**

2. **राष्ट्रमंडल खेल 2010 में कृष्णा पूनिया ने डिस्कस को कितनी दूरी तक फेंक (थ्रो) कर स्वर्ण पदक प्राप्त किया?**
(1) 61.51 मीटर (2) 61.15 मीटर
(3) 60.95 मीटर (4) 60.15 मीटर

**व्याख्या–(1)** कृष्णा पूनिया एक डिस्कस थ्रोअर खिलाड़ी है। वर्ष 2011 में इन्हें पद्‌मश्री पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

3. **किस स्थान में राष्ट्रपति ओबामा ने कानपुरा के ग्रामीणों से वीडियों कॉन्फ्रेंसिग के माध्यम से वार्ता की?**
(1) ताज होटल– मुम्बई
(2) सेंट जेवियर कॉलेज– मुम्बई
(3) प्रधानमंत्री निवास– नई दिल्ली
(4) संसद भवन– नई दिल्ली
**उत्तर–(2)**

4. **राजस्थान सरकार ने विश्व धरोहर में सम्मिलित करने के लिए दुर्गो की सूची भेजने की स्वीकृति दी–**
(1) 5 (2) 6 (3) 7 (4) 8

**व्याख्या–(3)** 21 जून, 2013 को कम्बोड़िया की राजधानी नोमपेन्ह में आयोजित विश्व धरोहर समिति की बैठक में राजस्थान के **6 पहाड़ी किलों** (गागरोन किला, जैसलमेर किला, रणथम्भौर किला, चित्तौड़गढ़ किला, कुम्भलगढ़ किला व आमेर किला) को विश्व धरोहर में शामिल किया गया था।

5. **निम्नलिखित में कौनसा अधिकार राज्यपाल को नहीं है?**
(1) मुख्यमंत्री की नियुक्ति
(2) मुख्यमंत्री की सलाह से अन्य मंत्रियों की नियुक्तियों
(3) राज्य की कार्यपालिका की शक्ति सीमा में किसी सिद्धदोष व्यक्ति के दण्ड को क्षमा करना
(4) उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति

**व्याख्या–(4)** अनुच्छेद 217(1) के तहत् उच्च न्यायालय के अन्य न्यायाधीशों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति व उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायमूर्ति तथा संबंधित राज्य के राज्यपाल के परामर्श करने के बाद की जाती है।

6. **राजस्थान में मंत्रिपरिषद् की अधिकतम संख्या कितनी हो सकती है?**
(1) राज्य के मुख्यमंत्री की इच्छा पर निर्भर है।
(2) राज्य के राज्यपाल की इच्छा पर निर्भर है।
(3) राजस्थान विधानसभा की सदस्य संख्या का 15 प्रतिशत तक।
(4) सत्ता पक्ष की सदस्य संख्या का 15 प्रतिशत
**उत्तर–(3)**

7. **उस राजस्थान निवासी का क्या नाम है, जिसे भारत के राष्ट्रपति ने राष्ट्रीय जनजाति आयोग का सदस्य मनोनीत किया है?**
(1) गोविन्द मालविया (2) नमोनारायण मीणा
(3) मोतीलाल गरासिया (4) भैरूलाल मीणा
**उत्तर–(4)**

8. **2010 से व्यावसायिक श्रेणी भू उपयोग परिवर्तन करने के अधिकार की सीमा क्या है?**
(1) 2,000 वर्ग मीटर (2) 4,000 वर्ग मीटर
(3) 5,000 वर्ग मीटर (4) 6,000 वर्ग मीटर
**उत्तर–(2)**

9. **अक्टूबर 2010 में राजस्थान सरकार ने कितने विभाग पंचायती राज संस्था को स्थानांतरित किये?**
(1) 2 (2) 3
(3) 4 (4) 5

**व्याख्या–(4)** 2 अक्टूबर, 2010 से राजस्थान ने 5 विभाग– (1) कृषि (2) प्रा. शिक्षा, (3) चिकित्सा व स्वास्थय, (4) महिला एवं बाल विकास तथा (5) सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग पंचायती राज संस्थाओं को सौंपे।

10. **निम्नलिखित में से कौनसा स्मारक 2010 वर्ष में विश्व धरोहर में सम्मिलित कर लिया गया?**
(1) हवामहल–जयपुर (2) वैधशाला–जयपुर
(3) कुम्भगढ दुर्ग–कुम्भलगढ़ (4) मेहरानगढ़–जोधपुर

**व्याख्या–(2)** 31 जुलाई, 2010 को यूनेस्को द्वारा 'जन्तर–मन्तर' को विश्व विरासत सूची में शामिल किया गया। ये राजस्थान की प्रथम व देश की 23वीं सांस्कृतिक धरोहर है।

11. **जयपुर में स्थित आई. टी. पार्क किस नाम से जाना जाता है?**
(1) महिन्द्रा वर्ल्ड सिटी (2) इन्फोसिस वर्ल्ड सिटी
(3) वेदान्त वर्ल्ड सिटी (4) विप्रो वर्ल्ड सिटी

# 21 II^nd Grade भर्ती परीक्षा (विज्ञान) 3 मई, 2011

1. **प्रसिद्ध राजस्थानी कविता 'पाथल और पीथल' के रचयिता थे–**
(1) केसरीसिंह बारहठ (2) चंद्रप्रकाश देवल
(3) कन्हैयालाल सहल (4) कन्हैयालाल सेठिया

**व्याख्या–(4)** कन्हैयालाल सेठिया की रचनाएँ– धरती धोरां री, जलमभोम, मायड़ रो हेलो, कुण जमीन रो धणी, लीलटांस, निग्रन्थ, सबद, गाँव व सतवादी आदि।

2. **किस किले को तारागढ़ नाम से जाना जाता है?**
(1) जैसलमेर का किला (2) जालौर का किला
(3) सिवाना का किला (4) बूँदी का किला

**व्याख्या–(4)** बून्दी के अलावा अजमेर के 'अजयमेरु दुर्ग' को भी तारागढ़ के नाम से जाना जाता है।

3. **नूर मोहम्मद राजपूताने के किस राज्य का प्रमुख चित्रकार था?**
(1) बीकानेर (2) जोधपुर
(3) जयपुर (4) कोटा

**व्याख्या–(4)** कोटा चित्रशैली के प्रमुख चित्रकार– नूर मोहम्मद, रघुनाथ, गोविन्दराम, डालू व लच्छीराम।

4. **राजस्थान में कपिल मुनि का मेला कोलायत में कब भरता है?**
(1) चैत्र माह में (2) भादवा माह में
(3) कार्तिक पूर्णिमा को (4) फाल्गुन माह में

**व्याख्या–(3)** कार्तिक पूर्णिमा के दिन चन्द्रभागा मेला (झालावाड़), पुष्कर मेला (अजमेर), कपिलधारा मेला (बारां) भी भरते है।

5. **'मोठड़ा' वेशभूषा के कौनसे प्रकार के अन्तर्गत आता है?**
(1) पगड़ी (2) चुनरी
(3) औढ़नी (4) लहँगा

**व्याख्या–(1)** मोठड़े की पगड़ी विवाह के अवसर पर, लहरिया पगड़ी श्रावण मास की तीज के अवसर व मदील पगड़ी दशहरे के अवसर पर पहनी जाती है।

6. **हाल ही में कौन–से केन्द्रीय मंत्री राजस्थान से राज्यसभा के लिये निर्वाचित हुए थे?**
(1) सचिन पायलट (2) महादेवसिंह खण्डेला
(3) आनन्द शर्मा (4) नमोनारायण मीणा
उत्तर–(3)

7. **निम्न में से कौनसे विभाग का कार्य 2 अक्टूबर 2010 की घोषणा के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं को हस्तान्तरित नहीं किया गया है?**
(1) पानी एवं बिजली (2) प्रारम्भिक शिक्षा
(3) महिला एवं बाल विकास (4) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य

**व्याख्या–(1)** राजस्थान सरकार ने 2 अक्टूबर 2010 को कृषि, प्रारम्भिक शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास, तथा सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग सहित 5 विभाग पंचायती राज संस्थाओं को हस्तांतरित किए थे।

8.. **राजस्थान की प्रथम महिला विधायक थी–**
(1) सुमित्रासिंह (2) यशोदादेवी
(3) कमला बेनीवाल (4) नगेन्द्र बाला

**व्याख्या–(2)** प्रथम विधानसभा के उपचुनाव में नवम्बर 1953 में यशोदा देवी बाँसवाड़ा से विधायक चुनी गई थी।

9. **अन्तराष्ट्रीय जैव विविधता दिवस मनाया जाता है?**
(1) 22 मई को (2) 22 जून को
(3) 22 जुलाई को (4) 22 अगस्त को

**व्याख्या–(1)** 2024 की थीम– योजना का हिस्सा बनें (Be The Part Of Plan)

10. **हाल ही में गुर्जर आरक्षण आन्दोलन में मन्त्री स्तरीय वार्ताकार समिति के सदस्य नहीं थे–**
(1) शान्ति धारीवाल (2) सचिन पायलट
(3) डॉ. जितेन्द्र सिंह (4) बृज किशोर शर्मा
उत्तर–(2)

11. **राजस्थान में विशेष पिछड़ा वर्ग(एस.बी.सी.) को अभी सरकारी सेवाओं में कितना आरक्षण प्राप्त है?**
(1) एक प्रतिशत (2) दो प्रतिशत
(3) चार प्रतिशत (4) पाँच प्रतिशत

**व्याख्या–(1)** वर्तमान में राजस्थान में विशेष पिछड़ा वर्ग (SBC) को सरकारी नौकरियों में 5% आरक्षण प्राप्त है।

12. **ग्वांग्झू एशियन गेम्स में नौकायन में स्वर्णपदक विजेता थे–**
(1) विजेन्द्र सिंह (2) बजरंगलाल ताखर
(3) अक्षयकुमार (4) सोमदेव

**व्याख्या–(2)** बजरंगलाल ताखर (सीकर) ने ग्वांग्झु एशियन खेलों (2010) में नौकायन स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था। इन्हे 2008 में अर्जुन अवॉर्ड तथा 2013 में पद्मश्री से सम्मानित किया गया।

69. **नदी जिसका जल बंगाल की खाड़ी में पहुँचता है, वह है–**
(1) माही (2) सोम (3) चम्बल (4) साबरमती

**व्याख्या–(3) अरब सागरीय अपवाह तंत्र की नदियाँ–** माही, सोम, जाखम, एराव, चाप, अनास, मोरेन, लूनी, साबरमती, वाकल, सेई, पश्चिमी बनास, सुकली, जोजड़ी, लीलडी, बांड़ी, सुकड़ी, जवाई, सागी, मीठड़ी व गुहिया।

70. **तालछापर किसके लिये प्रसिद्ध है?**
(1) साँभर (2) शेर
(3) बघेरा (4) काले हिरण

**व्याख्या–(4)** तालछापर (चुरू) को 'काले हिरणों की शरणस्थली' कहा जाता है। यह एशिया का सबसे बड़ा कृष्णमृग अभयारण्य है। इसमें मोथिया, लूनिया, झेरना व घोड़ा घास पाई जाती है।

71. **प्रो.एच.डी. सांकलिया के निर्देशन में जिस सभ्यता स्थल का उत्खनन हुआ, यह है–**
(1) कालीबंगा (2) आहड़ (3) गणेश्वर (4) बैराठ

**व्याख्या–(2)** आहड़ में वी.एन.मिश्र व एच.डी. सौंकलिया ने 1961 ई. में उत्खनन किया। उत्खनन के समय राजस्थान सरकार ने विजय कुमार व पी.सी. चक्रवर्ती को भी नियुक्त किया।

72. **बैराठ में किस सभ्यता के अवशेष प्राप्त हुए है?**
(1) वैदिक सभ्यता (2) सरस्वती घाटी सभ्यता
(3) बनास सभ्यता (4) मौर्यकालीन सभ्यता

**व्याख्या–(4)** बैराठ सभ्यता कोटपुतली–बहरोड़ जिले में है, यहाँ महाभारतकालीन संस्कृति, मौर्यकालीन सभ्यता के अवशेष मिले हैं।

73. **मण्डोर के प्रतिहार वंश से सम्बन्धित प्रारम्भिक शासक का नाम था–**
(1) नागभट्ट प्रथम (2) वत्सराज (3) रामभद्र (4) महेन्द्रपाल

**व्याख्या–(1)** प्रतिहार शासक नागभट्ट प्रथम ने मण्डोर से हटाकर 'मेड़ता' (मेड़न्तकपुर) को अपनी राजधानी बनाया था।

74. **'दि अर्ली चौहान डाइनेस्टीज' राजस्थान के किस प्रमुख इतिहासकार की रचना है?**
(1) डॉ.जी.एन.शर्मा (2) जी.एच. ओझा
(3) डॉ. दशरथ शर्मा (4) वी.एन. रेऊ.
**उत्तर–(3)**

75. **तराइन का द्वितीय युद्ध लड़ा गया–**
(1) अकबर और हेमू के मध्य
(2) राणा सांगा और बाबर के मध्य
(3) हम्मीर और अलाउद्दीन के मध्य
(4) मौहम्मद गौरी और पृथ्वीराज चौहान के मध्य

**व्याख्या–(4)** तराइन का द्वितीय युद्ध 1192 ई. में लड़ा गया जिसमें पृथ्वीराज चौहान तृतीय की हार हुई। इससे भारत में स्थायी मुस्लिम साम्राज्य प्रारम्भ हुआ। मुहम्मद गौरी भारत में मुस्लिम साम्राज्य का संस्थापक बना।

76. **कान्हड़देव कहाँ का शासक था?**
(1) मेवाड़ (2) रणथम्भौर (3) जालौर (4) सांभर

**व्याख्या–(3)** कान्हड़देव के समकालीन दिल्ली का शासक 'अलाउद्दीन खिलजी' था। इनके समय 1311 ई. में जालौर में साका हुआ।

77. **राणा सांगा और बाबर के मध्य निर्णायक युद्ध हुआ था–**
(1) 1509 ई. में (2) 1510 ई. में
(3) 1527 ई. में (4) 1530 ई. में

**व्याख्या–(3)** खानवा का युद्ध– 1527 ई.

78. **अकबर द्वारा महाराणा प्रताप से मैत्री स्थापित करने के लिये गठित तृतीय शिष्टमण्डल का नेतृत्व किया था–**
(1) मानसिंह ने (2) जलाल खाँ ने
(3) टोडरमल ने (4) भगवन्तदास ने
**उत्तर–(4)**

79. **आमेर में शिला देवी का मंदिर बनवाया गया था–**
(1) मानसिंह द्वारा (2) भारमल द्वारा
(3) सवाई जयसिंह द्वारा (4) मिर्जा राजा जयसिंह द्वारा

**व्याख्या–(1)** आमेर शासक मानसिंह प्रथम ने पूर्वी बंगाल के शासक केदार से 1604 ई. में यह काले पत्थर की मूर्ति लाकर आमेर के राजभवनों के मध्य स्थापित करवाया था।

80. **जोधपुर के राठौड़ नरेशों में अकबर का प्रबल प्रतिरोधी था–**
(1) मालदेव (2) चन्द्रसेन
(3) जोधा (4) जसवन्तसिंह

**व्याख्या–(2)** राव मालदेव की मृत्यु के बाद दिसम्बर 1562 में चन्द्रसेन मारवाड़ का शासक बना। चन्द्रसेन के भाई राम ने अकबर की शरण में जाकर सहायता मांगी। अकबर ने हुसैन कुली खां के नेतृत्त्व में अपनी सेना जोधपुर भेजी। मई 1564 में जोधपुर किले पर अकबर की सेना का अधिकार हो गया। चन्द्रसेन ने भाद्राजूण (जालौर) में शरण ली।

81. **बीकानेर का कौनसा शासक अकबर और जहाँगीर दोनों की सेवा में रहा?**
(1) राव बीका (2) कल्याणमल
(3) रायसिंह (4) दलपत

# 22 IInd Grade भर्ती परीक्षा (अंग्रेजी) 2 मई, 2011

1. **कर्क रेखा राजस्थान के किन जिलों से होकर गुजरती है?**
(1) बारां व झालावाड़ (2) बाड़मेर व चूरू
(3) बाँसवाड़ा व डूँगरपुर (4) बूँदी व भीलवाड़ा

**व्याख्या–(3)** कर्क रेखा, कुशलगढ़ (बाँसवाड़ा) व चिखली गाँव (डूँगरपुर) से होकर गुजरती है। जिसकी राजस्थान में लम्बाई लगभग 26 कि.मी. है।

2. **गुरुशिखर (माउण्ट आबू) की ऊंचाई है–**
(1) 1527 मीटर (2) 1627 मीटर
(3) 1722 मीटर (4) 1822 मीटर

**व्याख्या–(3)** गुरुशिखर (सिरोही), 1772 मीटर/5650 फीट

3. **निम्नलिखित में से राजस्थान के कौनसे जिलों में नदी नहीं है**
(1) बाड़मेर व जालौर (2) बीकानेर व चूरू
(3) जैसलमेर व जोधपुर (4) श्रीगंगानगर व हनुमानगढ

**व्याख्या–(2)** इसी प्रश्न को नवगठित जिलों के अनुसार देखें तो बीकानेर, चूरू, फलौदी, जोधपुर व डीग जिलों में कोई भी नदी नहीं है।

4. **कोलायत झील स्थित है–**
(1) बीकानेर जिले में (2) बाड़मेर
(3) जैसलमेर जिले में (4) जोधपुर में

**व्याख्या–(1)** इसे 'शुष्क मरूस्थल का सुन्दर उद्यान' कहते है।

5. **राजस्थान का लगभग कितने प्रतिशत भौगोलिक भाग वनाच्छादित है?**
(1) 7 से 9 % (2) 11 से 13%
(3) 15 से 17 % (4) 19 से 21%

**व्याख्या–(1)** मार्च 2023 की स्थिति के अनुसार राजस्थान का वन क्षेत्र, कुल भौगोलिक क्षेत्र का 9.61% है।

6. **2001 की जनगणना के अनुसार, निम्नलिखित में से राजस्थान का कौनसा जिला सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाला है?**
(1) बाड़मेर (2) बीकानेर
(3) जयपुर (4) जोधपुर

**व्याख्या–(3)** 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान में सर्वाधिक जनघनत्व वाले जिले–जयपुर (595), भरतपुर (503), दौसा (476), अलवर (438), धौलपुर (398), बांसवाड़ा (397)।

7. **राजस्थान के किस जिले में सर्वाधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या है–**
(1) बाँसवाड़ा (2) भीलवाड़ा
(3) सिरोही (4) श्रीगंगानगर

**व्याख्या–(4)** सर्वाधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले जिले क्रमशः– जयपुर, गंगानगर, नागौर, अलवर, बाड़मेर।

8. **2001 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की कुल जनसंख्या की साक्षरता दर है**
(1) 31.41% (2) 41.41%
(3) 51.41% (4) 60.41%

**व्याख्या–(4)** 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की साक्षरता दर 66.11% है, जिसमें पुरूष साक्षरता दर 79.2% व महिला साक्षरता दर 52.12 % है।

9. **राजस्थान में पिछली पशु–धन गणना सम्पन्न हुई–**
(1) 2001 में (2) 2003 में (3) 2005 में (4) 2007 में

**व्याख्या–(4)** वर्ष 2007 में 18वीं पशुगणना हुई थी। 21वीं पशुगणना 1 सितम्बर 2024 से 31 दिसम्बर 2024 तक की जा रही है। पशुगणना का कार्य राजस्व मंडल अजमेर द्वारा किया जाता है।

10. **राजस्थान पर्यटन विकास निगम लिमिटेड की स्थापना हुई–**
(1) 1978 में (2) 1981 में (3) 1983 में (4) 1985 में

**व्याख्या–(1)** RTDC की स्थापना 24 नवम्बर, 1978 को जयपुर में की गई।

11. **2001 की जनगणना के अनुसार, राजस्थान की कुल जनसंख्या है, लगभग,**
(1) 5 करोड़ 65 लाख (2) 6 करोड़ 55 लाख
(3) 6 करोड़ 45 लाख (4) 9 करोड़ 35 लाख

**व्याख्या–(1)** वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की कुल जनसंख्या 6.86 करोड़ थी, जो कि भारत की जनसंख्या का 5.67 % है।

12. **राजस्थान राज्य का कुल क्षेत्रफल है, लगभग–**
(1) 2 लाख 24 हजार वर्ग किमी (2) 3 लाख 42 हजार वर्ग किमी
(3) 4 लाख 24 हजार वर्ग किमी (4) 5 लाख 42 हजार वर्ग किमी

**व्याख्या–(2)** राजस्थान का कुल क्षेत्रफल 1,32,140 वर्ग मील है।

13. **निम्नलिखित में से राजस्थान के किस जिले की साक्षरता दर न्यूनतम है?**
(1) जालौर (2) जैसलमेर (3) बारां (4) बाँसवाड़ा

66. **सम्पति के मौलिक अधिकार को संशोधित किया गया–**
(1) 42 वें संविधान संशोधन द्वारा
(2) 44 वें संविधान संशोधन द्वारा
(3) 82 वें संविधान संशोधन द्वारा
(4) 91 वें संविधान संशोधन द्वारा

**व्याख्या–(2)** मूल संविधान में **7 मूल अधिकार** प्रदान किये गए थे, परन्तु **44 वें** संविधान संशोधन अधिनियम **1978** द्वारा सम्पत्ति के अधिकार को मूल अधिकारों की सूची से हटा दिया गया। वर्तमान में सम्पत्ति का अधिकार **अनुच्छेद 300 (A)** के तहत् कानूनी अधिकार है। वर्तमान में **मूल अधिकारों की संख्या 6** है।

67. **राज्य मंत्रीपरिषद् सामूहिक रूप से उत्तरदायी है–**
(1) विधानसभा के प्रति (2) लोकसभा के प्रति
(3) मुख्यमंत्री के प्रति (4) राज्यपाल के प्रति
उत्तर–(1)

68. **संविधान सभा द्वारा भारतीय संविधान को अंगीकृत एवं अधिनियमित किया गया–**
(1) 26 जनवरी, 1949 को (2) 26 नवम्बर, 1949 को
(3) 26 जनवरी, 1950 को (4) 26 नवम्बर, 1950 को

**व्याख्या–(2)** संविधान सभा द्वारा **26 नवंबर, 1949** को भारतीय संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित किया गया तथा इसे **26 जनवरी, 1950** को लागू किया गया।

69. **संविधान की किस सूची में 'शिक्षा' को सम्मिलित किया गया है?**
(1) संघ सूची (2) राज्य सूची
(3) समवर्ती सूची (4) केन्द्र शासित प्रदेशों की सूची

**व्याख्या–(3)** 42वें संविधान संशोधन, 1976 के तहत् तकनीकी, आयुर्विज्ञान और विश्वविद्यालय शिक्षा को समवर्ती सूची में शामिल किया गया है।

70. **भारत का राष्ट्रपति अपना त्यागपत्र भेज सकता है–**
(1) भारत के मुख्य न्यायाधीश को (2) प्रधानमंत्री को
(3) लोकसभा अध्यक्ष को (4) उप–राष्ट्रपति को

**व्याख्या–(4) अनुच्छेद–56** में राष्ट्रपति की पदावधि का उल्लेख किया गया है। इसका कार्यकाल **5 वर्ष** होता है। राष्ट्रपति अपना त्याग पत्र **उपराष्ट्रपति** को देता है तथा उपराष्ट्रपति इसकी सूचना लोकसभा अध्यक्ष को देता है।

71. **संसद की शक्ति द्वारा संविधान एवं प्रक्रिया को संशोधित करने सम्बन्धी अनुच्छेद है–**
(1) अनुच्छेद 256 (2) अनुच्छेद 298
(3) अनुच्छेद 323 (4) अनुच्छेद 368
उत्तर–(4)

72. **संसद के दोनों सदनों की बैठक की अध्यक्षता कौन करता है?**
(1) राष्ट्रपति (2) उप–राष्ट्रपति
(3) लोकसभा अध्यक्ष (4) संसदीय कार्यमंत्री
उत्तर–(3)

73. **किस संशोधन द्वारा संविधान में मौलिक कर्तव्य सम्मिलित किये गये?**
(1) 42वां संशोधन (2) 43वां संशोधन
(3) 44वां संशोधन (4) 46वां संशोधन

**व्याख्या–(1)** सरदार स्वर्ण सिंह समिति की सिफारिश पर **42वें** संविधान संशोधन, 1976 के तहत् **भाग–4 (क)** के **अनुच्छेद 51 (क)** में **10 मूल कर्त्तव्य** जोड़े गये है। वर्तमान में 11 (86वां संविधान संशोधन–2002) मूल कर्त्तव्य है। इसे सोवियत संघ के संविधान से लिया गया है।

74. **राजस्थान के साथ, किस राज्य में पंचायतीराज पद्धति सबसे पहले लागू की गई?**
(1) आन्ध्रप्रदेश (2) गुजरात (3) महाराष्ट्र (4) उत्तरप्रदेश
उत्तर–(1)

75. **निम्नलिखित में से व्यक्तिगत स्वतंत्रता से सर्वाधिक सम्बन्धित है–**
(1) उत्प्रेषण (2) बंदी प्रत्यक्षीकरण
(3) परमादेश (4) अधिकार पृच्छा

**व्याख्या–(2)** संवैधानिक उपचारों का अधिकार में सर्वोच्च न्यायालय **5 प्रकार** की रिट जारी कर सकता है–
**1. बंदी प्रत्यक्षीकरण, 2. परमादेश, 3. प्रतिषेध,**
**4. अधिकार–पृच्छा, 5. उत्प्रेषण**
**बंदी प्रत्यक्षीकरण** रिट उस व्यक्ति की प्रार्थना पर जारी की जाती है जो यह मानता है कि उसे **अवैध रूप** से बंदी बनाया गया है।

76. **भाषायी आधार पर राज्यों का पुनर्गठन हुआ–**
(1) वर्ष 1955 में (2) वर्ष 1956 में
(3) वर्ष 1957 में (4) वर्ष 1958 में

**व्याख्या–(2)** भाषायी आधार 1 अक्टूबर, 1956 पर प्रथम राज्य 'आन्ध्रप्रदेश' बना। इस संघर्ष में 15 दिसम्बर, 1952 को पोट्टी श्री रामलु का निधन हो गया। जिसके बाद दिसम्बर 1953 में 'राज्य पुनर्गठन आयोग' का गठन किया गया। जिसने सितम्बर, 1955 में अपनी रिपोर्ट सरकार को सौंपी।

77. **किस सदन की अध्यक्षता करने वाला अधिकारी उस सदन का सदस्य नहीं होता है?**
(1) विधान परिषद् (2) विधानसभा (3) लोकसभा (4) राज्यसभा

**व्याख्या–(4)** उपराष्ट्रपति राज्य सभा के पदेन सभापति होते हैं। ये राज्यसभा के सदस्य नहीं होते।

# 23 IInd Grade भर्ती परीक्षा (एसएसटी) 30 अप्रैल, 2011

1. **अमेरिकी राष्ट्रपति की भारत यात्रा के दौरान उन्होंने अजमेर के एक गाँव के निवासियों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग की थी। उस गाँव का नाम है–**
(1) कानपुरा (2) तबीजी
(3) रूपनगढ़ (4) श्रीनगर

**व्याख्या–(1)** अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा ने नवम्बर 2010 में मुंबई के सेन्ट जेवियर कॉलेज से विडियो कॉन्फ्रेसिंग के माध्यम से बातचीत की थी।

2. **वर्ल्ड वाइड लाइफ फंड ने जनवरी 2010 की रिपोर्ट में 10 प्रजातियों को विलुप्ति के कगार पर बताया है, उनमें पहला स्थान किस प्रजाति का है?**
(1) पोलर बियर (2) बाघ
(3) पेसिफिक वालरस (4) जायंट पंडा
उत्तर–(2)

3. **विश्व स्वास्थ्य संगठन का मुख्यालय किस देश में है?**
(1) फ्रांस (2) जर्मनी
(3) ब्रिटेन (4) स्विट्जरलैण्ड

**व्याख्या–(4)** विश्व स्वास्थ्य संगठन का गठन 7 अप्रैल, 1948 को जेनेवा (स्विट्जरलैण्ड) में किया गया। वर्तमान में इसके सदस्य 194 देश है।

4. **मानव अधिकारों की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध विश्वव्यापी संगठन है–**
(1) ह्मितक्षेस (2) एपेक
(3) नाटी (4) एमनेस्टी इंटरनेशनल

**व्याख्या–(4)** मानव अधिकारों की रक्षा के लिए एमनेस्टी इंटरनेशनल का गठन 1961 को लंदन में किया गया।

5. **26/11 के आतंकी हमले में (मुम्बई पर) कसाब की मृत्युदण्ड की सजा किसने सुनाई?**
(1) सर्वोच्च न्याायलय ने (2) मुम्बई उच्च न्यायालय ने
(3) आतंकवाद निरोधक विशेष अदालत ने
(4) मुम्बई उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने

**व्याख्या–(3)** 21 नवम्बर 2012 को मुम्बई के 'यरवदा जेल' में कसाब को फाँसी दे दी गई।

6. **वर्ष 2010 की रैंकिंग में क्रम संख्या 1 पर विश्व का कौनसा निम्नलिखित है?**
(1) कैंम्ब्रिज विश्वविद्यालय (ब्रिटेन)
(2) हार्वर्ड विश्वविद्यालय (अमेरिका)
(3) शिकागो विश्वविद्यालय (अमेरिका)
(4) ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय (ब्रिटेन)
उत्तर–(2)

7. **भारतीय नागरिकों को वर्तमान में कितने मूल अधिकार भारत के संविधान द्वारा प्रदान किये गये है?**
(1) 7 (2) 6 (3) 5 (4) 8
उत्तर–(2)

8. **संविधान सभा के स्थायी सभापति थे–**
(1) डॉ. भीमराव अम्बेडकर (2) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
(3) डॉ. सच्चिदानन्द सिन्हा (4) कन्हैयालाल माणिक्यलाल

**व्याख्या–(2)** संविधान सभा की प्रथम बैठक 9 दिसम्बर 1946 को हुई जिसमें 'सच्चिदानंद सिन्हा' को अस्थायी अध्यक्ष चुना गया। 11 दिसम्बर 1946 को 'डॉ. राजेन्द्र प्रसाद' को स्थायी अध्यक्ष चुना गया।

9. **राजीव गांधी खेल रत्न पुरस्कार (2010) किसे मिला?**
(1) सतीश पिल्लाई (2) जसजीत कौर हांडा
(3) दिनेश कुमार (4) साइना नेहवाल

**व्याख्या–(4)** यह भारत का सर्वोच्च खेल पुरस्कार है। अब इसका नाम 'मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार' है। वर्ष 2023 में सात्विक साईराज रंकी रेड्डी (बैडमिंटन) व चिराग शेट्टी (बैडमिंटन) को यह पुरस्कार दिया गया है।

10. **चिकित्सा के क्षेत्र में 2010 का नोबेल पुरस्कार किसको मिला?**
(1) मारियो वरगास लओसा (स्पेन)
(2)रॉबर्ट जी. एडवर्ड्स (ब्रिटेन)
(3)ई. इची नेगिशी (जापान) (4) आंडे जेम (रूसी मूल के)

**व्याख्या–(2)** मेडिसिन या फिजियोलॉजी में 2024 का नोबेल पुरस्कार 'विक्टर एम्ब्रोस' और 'गैरी रवकुन' को दिया गया है।

11. **एड्स (AIDS) रोग फैलता है–**
(1) संक्रमित रक्त से सनी इंजेक्शन सिरिंज के उपयोग से
(2) रोगी के साथ भोजन करने से
(3) सुरक्षित यौन संबंध से (4) रोगी से हाथ मिलाने से

**व्याख्या–(1)** एड्स (ह्यूमन इम्यूनो डेफिशियनसी वायरस)

12. **जल दुर्ग कहाँ है?**
(1) कालीसिंध और आहू नदियों के संगम पर
(2) पिछोला झील में
(3) गंभीरी नदी पर (4) चंबल नदी पर

# 24 IInd Grade भर्ती परीक्षा (गणित) 20 दिसम्बर, 2010

1. बैंकों में 'बेस रेट पद्धति' लागू की गई–
(1) अक्टूबर 2009 से (2) जुलाई 2008 से
(3) जुलाई 2010 से (4) मार्च 2010 से
उत्तर–(3)

2. विकासशील देशों के संदर्भ में वैश्वीकरण का नकारात्मक प्रभाव है–
(1) बौद्धिक पलायन (2) सांस्कृतिक संपर्क
(3) प्रतियोगिता (4) सूचना का बहाव
उत्तर–(1)

3. जलवायु परिवर्तन पर 'कोपेनहेगन सम्मेलन' हुआ–
(1) 10 से 20 दिसम्बर, 2009
(2) 05 से 17 दिसम्बर, 2008
(3) 07 से 19 दिसम्बर, 2009
(4) 07 से 19 दिसम्बर, 2008

**व्याख्या–(3)** संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन सम्मेलन–2024 (COP-29) का आयोजन 29 सितम्बर, 2024 को बाकू (अजरबैजान) में किया जाना प्रस्तावित है।

4. संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद् की अस्थाई सदस्यता हेतु चुनाव में भारत को कुल मत प्राप्त हुए–
(1) 128 (2) 187
(3) 200 (4) 151
उत्तर–(2)

5. भारत ने 'पंचशील' सिद्धांतों की घोषणा की–
(1) भारत–पाकिस्तान संधि, 1961 को
(2) भारत–रूस संधि, 1971 को
(3) भारत–चीन संधि, 1954 को
(4) भारत–पाकिस्तान संधि, 1950 को

**व्याख्या–(3)** पंचशील का सिद्धान्त गौतम बुद्ध के दर्शन पर आधारित है। पंचशील के सिद्धान्त का प्रतिपादन 29 अप्रैल, 1954 को भारत के प्रधानमंत्री 'जवाहरलाल नेहरू' और चीन के प्रधानमंत्री 'चाऊ एन लाई' द्वारा किया गया।

6. सबसे कम जनसंख्या घनत्व वाले राज्य है–
(1) अरूणाचल प्रदेश, मिजोरम (2) पंजाब, हरियाणा
(3) बंगाल, असम (4) आंध्रप्रदेश, मध्य प्रदेश
उत्तर–(1)

7. भारत में सर्वाधिक लिंगानुपात वाला राज्य है–
(1) राजस्थान (2) बिहार
(3) बंगाल (4) केरल

व्याख्या–(4)

| 2011 में सर्वाधिक लिंगानुपात वाले राज्य | | |
|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य | लिंगानुपात |
| 1 | केरल | 1084 |
| 2 | तमिलनाडु | 996 |
| 3 | आन्ध्र प्रदेश | 993 |
| 4 | छत्तीसगढ़ | 991 |
| 5 | मेघालय | 989 |

8. देश में नक्सलवाद की समस्या से सर्वाधिक प्रभावित राज्य है
(1) आंध्रप्रदेश (2) छतीसगढ़ (3) पश्चिमी बंगाल (4) बिहार
उत्तर–(2)

9. गाँधी जी का असहयोग आंदोलन का प्रस्ताव पूर्ण बहुमत से 1920 में स्वीकृत हुआ–
(1) कलकत्ता अधिवेशन में (2) नागपुर अधिवेशन में
(3) कांग्रेस कार्यकारिणी में (4) खिलाफत समिति में

**व्याख्या–(2)** रॉलेट एक्ट, जलियावाला बाग हत्याकाण्ड व खिलाफत आंदोलन के उत्तर में गाँधीजी ने **'असहयोग आंदोलन'** प्रारम्भ किया। असहयोग आंदोलन का प्रारम्भ **1 अगस्त, 1920** को हुआ। **सितम्बर 1920** में कांग्रेस के **कलकत्ता अधिवेशन** में गाँधीजी ने असहयोग आंदोलन का प्रस्ताव रखा। इस अधिवेशन की अध्यक्षता **'लाला लाजपतराय'** द्वारा की गई थी।
**दिसम्बर 1920** कांग्रेस के **नागपुर अधिवेशन** में असहयोग आंदोलन के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। इस अधिवेशन की अध्यक्षता **विजय चक्रवर्ती राघवाचार्य** ने की थी।

10. गाँधी जी ने सविनय अवज्ञा आंदोलन की घोषणा की–
(1) 12 मार्च, 1930 को (2) 7 अप्रैल, 1930 को
(3) 9 मार्च, 1931 को (4) 12 मार्च, 1931 को

**व्याख्या–(1) 12 मार्च, 1930** को गाँधी जी ने साबरमती आश्रम (अहमदाबाद) से अपने **78 अनुयायियों** (इनमें एक भी महिला शामिल नहीं थी) के साथ गुजरात तट के **'दाण्डी'** नामक स्थान के लिए **'दाण्डी मार्च'** प्रारम्भ किया। **6 अप्रैल, 1930** को दाण्डी पहुँचने के बाद गाँधी जी ने **'नमक कानून'** का उल्लंघन कर सविनय अवज्ञा आंदोलन को प्रारम्भ किया।

11. डॉ. भीमराव अम्बेडकर को 29 अगस्त, 1946 को पदभार सौंपा गया–
(1) संविधान सभा का अध्यक्ष (2) प्रतिनिधि सभा का अध्यक्ष
(3) संविधान प्रारूप समिति का अध्यक्ष
(4) देशी राज्य समिति का अध्यक्ष
उत्तर–(3)

**51. अलाउद्दीन खिलजी द्वारा चित्तौड़ को नाम दिया गया–**
(1) इलाहाबाद (2) जलालाबाद
(3) खिज्राबाद (4) नसीराबाद

**व्याख्या–(3)** सन् 1303 में रतनसिंह को पराजित कर उसने चित्तौड़ का शासन अपने पुत्र खिज्र खां को सौंप दिया तथा चित्तौड़ का नाम 'खिज्राबाद' कर दिया।

**52. मंडोर के प्रतिहार माने जाते हैं–**
(1) क्षत्रिय (2) वैश्य
(3) शुद्र (4) ब्राह्मण

**व्याख्या–(1)** डॉ. गौरीशंकर हीराचन्द औझा ने प्रतिहारों को 'क्षत्रिय' बताया है।

**53. राजा नागभट्ट प्रथम का राजवंश है–**
(1) राष्ट्रकूट (2) चालुक्य
(3) चौहान (4) गुर्जर प्रतिहार
उत्तर–(4)

**54. पृथ्वीराज विजय के लेखक है–**
(1) चन्दबरदाई (2) जिनपति सूरि
(3) जयानक भट्ट (4) हेमचन्द्र
उत्तर–(3)

**55. चौहान राजवंश का संस्थापक है–**
(1) वासुदेव (2) अर्णोराज (3) सोमेश्वर (4) पृथ्वीराज ,

**व्याख्या–(1)** वासुदेव को 'चौहानों का आदिपुरुष' कहा जाता है। वासुदेव ने 1551 में सांभर के आस–पास चौहान राज्य की स्थापना की तथा अहिछत्रपुर को अपनी राजधानी बनाया।

**56. राजस्थान जाट क्षेत्रीय सभा बनाई थी–**
(1) 1923 में (2) 1931 में (3) 1946 में (4) 1947 में

**व्याख्या–(2)** 1931 में ठाकुर देशराज ने राजस्थान जाट क्षेत्रीय सभा का गठन किया, जिसने किसानों में एकता स्थापित की।

**57. अखिल भारतीय राज्य लोक परिषद् का प्रथम अधिवेशन हुआ–**
(1) बम्बई में (2) कलकत्ता (3) जयपुर में (4) दिल्ली में

**व्याख्या–(1)** अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद् का प्रथम अधिवेशन 17–18 दिसम्बर 1927 को मुम्बई में हुआ। इसका 7वां अधिवेशन 1945–46 में उदयपुर के सलेटिया मैदान में जवाहर लाल नेहरू की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

**58. 'तरुण राजस्थान' समाचार–पत्र के व्यवस्थापक थे–** (1) जयनारायण व्यास (2) अर्जुनलाल सेठी
(3) मणिलाल कोठारी (4) सागरमल
उत्तर–(1)

**59. 'मत्स्य संघ' के प्रधानमंत्री बनाये गये–**
(1) उदयभान सिंह (अध्यक्ष) (2) के.एम. मुंशी
(3) मास्टर आदित्येन्द्र (4) शोभा राम
उत्तर–(4)

**60. अकबर द्वारा प्रताप के पास भेजा गया प्रथम राजदूत था–**
(1) जलाल खाँ (2) अखैराज (3) बैराम खाँ (4) अबुल फजल
उत्तर–(1)

**61. प्रताप की सेना का पठान सेनानायक था–**
(1) मिहत्तर खाँ (2) जलाल खाँ (3) शेर खाँ (4) हाकिम खाँ

**व्याख्या–(4)** हल्दीघाटी युद्ध में प्रताप की हरावल सेना का नेतृत्व पठान सेनानायक 'हकीम खाँ सूर' कर रहे थे। चन्द्रावल में भील सेना का नेतृत्व 'राणा पूंजा' कर रहे थे तथा इनके साथ पुरोहित गोपीनाथ, राणा पूंजा, जयमल महत्ता व चारण जैसा थे। अन्यं सहयोगी सरदारों में राम सिंह तंवर, झाला बीदा व रावत कृष्णदास चुंडावत प्रमुख थे

**62. मालदेव के पश्चात् मारवाड़ का शासक बना–**
(1) जैतमल (2) राम (3) चन्द्रसेन (4) पृथ्वीराज

**व्याख्या–(3)** मालदेव ने अपने ज्येष्ठ पुत्र राम व उदयसिंह को राज्य अधिकार से वंचित कर चन्द्रसेन को अपना उत्तराधिकारी बनाया। चन्द्रसेन ने मुगलों से संघर्ष जारी रखा, उसे 'मारवाड़ का प्रताप' कहते हैं।

**63. त्रिपुर सुन्दरी का मंदिर किस जिले में है?**
(1) बाँसवाड़ा (2) जयपुर (3) उदयपुर (4) राजसंमद

**व्याख्या–(1)** उमराई गाँव (तलवाड़ा, बाँसवाड़ा) में 18 भुजी प्रतिमा वाला इनका मन्दिर स्थित है। इन्हें 'तुरताई माता/त्रिपुरा महालक्ष्मी' के नाम से भी जाना जाता है।

**64. जोधपुर के राठौड़ों की देवी, जिसकी 18 भुजायें हैं–**
(1) शीतला माता (2) आवरी माता
(3) सिकराय माता (4) नागणेची माता
उत्तर–(4)

**65. 'भूरिया बाबा' आराध्य देवता हैं–**
(1) गोड़वाड़ के मीणाओं के (2) देवड़ा राजपूतों के
(3) अजमेर के चौहानों के (4) उदयपुर के सिसोदियों के

**व्याख्या–(1)** मीणा जाति के लोग भूरिया बाबा की झूठी कसम नहीं खाते हैं। इनका मुख्य मन्दिर पौसलिया (शिवगंज तहसील, सिरोही) में स्थित है।

**66. संत भूरी बाई अलख का कार्यक्षेत्र था–**
(1) मारवाड़ (2) मेवाड़ (3) वागड़ (4) गोड़वाड़

**व्याख्या–(2)** भूरी बाई का जन्म सरदारगढ़ (राजसमंद) के सुथार परिवार में हुआ था। यह कृष्णा की उपासक थी।

# 25 IInd Grade भर्ती परीक्षा (उर्दू) 19 दिसम्बर, 2010

1. **भारत में सर्वप्रथम स्थापित किया जाने वाला राष्ट्रीय पार्क का नाम है–**
(1) वेल्वाउन नेशनल पार्क (2) पेरियार नेशनल पार्क
(3) बांदीपुर नेशनल पार्क (4) कार्बेट नेशनल पार्क

**व्याख्या–(4)** पहले इसका नाम 'हैली नेशनल पार्क' था, बाद में जिम कार्बेट की याद में इसका नाम 'कार्बेट नेशनल पार्क' रखा गया।

2. **भारत का सबसे विशाल हिमानी है–**
(1) सियाचिन (2) हमसपाल
(3) वियाफो (4) बाल्टीरूम

**व्याख्या–(1)** ट्रान्स हिमालय की काराकोरम श्रेणी के नुब्रा घाटी में भारत का सबसे बड़ा ग्लेशियर 'सियाचीन' स्थित है।

3. **टिहरी पनबिजली कॉम्लेक्स निम्नलिखित में से किस एक नदी पर अवस्थित है?**
(1) अलकनन्दा (2) भागीरथी (3) धौलीगंगा (4) मंदाकिनी

**व्याख्या–(2)** टिहरी जलविद्युत परियोजना– उत्तराखण्ड।

4. **निम्नलिखित में से सरयू नदी के किनारे कौनसा शहर स्थित है?**
(1) पटना (2) इलाहाबाद
(3) अयोध्या (4) वाराणसी

**व्याख्या–(3)** पटना, इलाहाबाद, वाराणसी व हरिद्वार शहर गंगा नदी के किनारे स्थित है।

5. **गुजरात के विषय में कौनसा कथन सही नहीं है?**
(1) यह तम्बाकू का सबसे बडा उत्पादक है।
(2) यह मूँगफली का सबसे बड़ा उत्पादक है।
(3) यह नमक का सबसे बड़ा उत्पादक है।
(4) यह दुग्ध उत्पादों का सबसे बड़ा उत्पादक है।

**व्याख्या–(1)** देश में तम्बाकू उत्पादन में अग्रणी राज्य आंध्रप्रदेश है। वर्तमान स्थिति में देश में सर्वाधिक दुग्ध उत्पादन वाला राज्य उत्तरप्रदेश है।

6. **भारत में सर्वोत्तम चाय कहाँ पैदा होती है–**
(1) जोरहट (2) नीलगिरि (3) दार्जिलिंग (4) कूचबिहार

**व्याख्या–(3)** दार्जिलिंग, पश्चिमी बंगाल में है।

7. **औद्योगिक क्रांति सर्वप्रथम किस देश में हुई?**
(1) फ्रांस (2) जर्मनी
(3) इंग्लैण्ड (4) अमरीका

**व्याख्या–(3)** औद्योगिक क्रांति का आरम्भ 19वीं शताब्दी में हुआ था।

8. **भारत में निम्नलिखित में से किस तिथि को 'विधि दिवस' मनाया जाता है?**
(1) 6 सितम्बर (2) 28 अक्टूबर (3) 26 नवम्बर (4) 20 दिसम्बर

**व्याख्या–(3)** 26 नवम्बर 1949 को भारतीय संविधान बनकर तैयार हुआ था।

9. **भारत की राष्ट्रीय आय अनुमानित होती है–**
(1) योजना आयोग द्वारा (2) वित्त मंत्रालय द्वारा
(3) केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन द्वारा
(4) रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया द्वारा

**व्याख्या–(3)** भारत में सबसे पहले राष्ट्रीय आय की गणना 'दादाभाई नौरोजी' ने 1867–68 के लिए वर्ष 1876 में की थी। वर्ष 1955 से राष्ट्रीय आय की गणना का कार्य CSO (केन्द्रीय सांख्यिकी संगठन) करता है। जिसकी स्थापना 1951 में हुई।

10. **राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (NABARD) की स्थापना किस पंचवर्षीय योजनावधि में की गई?**
(1) चौथी पंचवर्षीय योजना (2) पाँचवीं पंचवर्षीय योजना
(3) छठी पंचवर्षीय योजना (4) सातवीं पंचवर्षीय योजना

**व्याख्या–(3)** नाबार्ड की स्थापना 12 जुलाई, 1982 को की गई। इसका मुख्यालय मुम्बई में स्थित है।

11. **वर्तमान में किस देश में एकदलीय प्रणाली कायम है?**
(1) साम्यवादी चीन में (2) भारत में (3) रूस में (4) पाकिस्तान में
उत्तर–(1)

12. **मताधिकार हेतु 'एक व्यक्ति एक मत' का सिद्धान्त किसने प्रतिपादित किया?**
(1) किश्नर (2) बेन्थम (3) कैन्स (4) प्लूटो
उत्तर–(2)

13. **डेमोक्रेटिक पार्टी किस देश का मुख्य दल है?**
(1) इंग्लैण्ड (2) संयुक्त राज्य अमेरिका
(3) पाकिस्तान (4) जर्मनी
उत्तर–(2)

14. **निम्नलिखित में से किस अधिनियम के अंतर्गत अंग्रेजों ने भारत में पहली बार साम्प्रदायिक निर्वाचक मंडल प्रणाली को आरम्भ किया था?**
(1) भारत सरकार अधिनियम 1919
(2) भारत सरकार अधिनियम 1910
(3) भारत सरकार अधिनियम 1935
(4) भारत सरकार अधिनियम 1909

60. **बिजौलिया किसान आंदोलन में किस जाति के किसान सर्वाधिक संख्या में थे?**
(1) सिख (2) मनसा
(3) मेव (4) धाकड़

**व्याख्या–(4)** बिजौलिया वर्तमान में भीलवाड़ा जिले में है। बिजौलिया ठिकाने का संस्थापक 'अशोक परमार' था। अशोक परमार द्वारा खानवा के युद्ध में प्रदर्शित वीरता के लिए उसे मेवाड़ रियासत में यह जागीर दी गई।

61. **ट्रेंच कमीशन सम्बन्धित है–**
(1) अलवर किसान आंदोलन से (2) मेव किसान आंदोलन से
(3) बेंगू किसान आंदोलन से (4) जाट किसान आंदोलन से

**व्याख्या–(3)** बेगूँ ठिकाना, मेवाड़ रियासत के अन्तर्गत था। बेगूँ वर्तमान में चित्तौड़ जिले में है। मेवाड़ सरकार ने किसानों की शिकायतों की जाँच के लिए ट्रेंच कमीशन गठित किया था।

62. **सन् 1857 ई. के विद्रोह के समय राजस्थान में सैनिक छावनियाँ थीं–**
(1) चार (2) पाँच
(3) छह (4) सात

**व्याख्या–(3)** ये छह छावनियाँ नसीराबाद, देवली, ब्यावर, एरिनपुरा, नीमच तथा खैरवाड़ा में थीं। इनमें से सबसे शक्तिशाली छावनी नसीराबाद थी।

63. **22 जून 1908 ई. को चित्तौड़गढ़ में राश्मी परगना स्थित मातृकुण्डिया नामक स्थान पर कौनसा किसान आंदोलन प्रारम्भ हुआ?**
(1) जाट किसान आंदोलन (2) मेव किसान आंदोलन
(3) दूधवाखारा आंदोलन (4) भगत आंदोलन

**व्याख्या–(*)** मोतीलाल तेजावत ने मातृकुण्डिया (चित्तौड) से 1921 में 'एकी आन्दोलन' की शुरुआत की थी। इस प्रश्न में दिया कोई भी विकल्प सही नहीं है।

64.. **शेखावाटी में ग्राम कटराथल में अप्रैल 1934 ई. में किसके नेतृत्व में हजारों जाट महिलाओं ने किसान आंदोलन में भाग लिया–**
(1) नारायणी देवी (2) किशोरी देवी
(3) दुगावती देवी (4) अमृता देवी

**व्याख्या–(2)** सिहोट ठाकुर मानसिंह द्वारा सोतिया का बास गांव की जाट महिलाओं के प्रति अमानवीय व्यवहार के विरोध में कटराथल गाँव (सीकर) में 25 अप्रैल 1934 को श्रीमती किशोरी देवी के नेतृत्व में 10,000 जाट महिलाओं का सम्मेलन हुआ।

65. **'सम्प सभा' की स्थापना की थी–**
(1) मोतीलाल तेजावत ने (2) भोगीलाल पंड्या ने
(3) भूरेलाल बया ने (4) गुरु गोविन्द गिरी ने

**व्याख्या–(4)** गोविन्द गिरी ने वागड़ क्षेत्र में भीलों को संगठित करने तथा उनमें सामाजिक व राजनीतिक चेतना जागृत करने के लिए 1883 में सिरोही में 'सम्प सभा' की स्थापना की थी।

66. **प्रजामण्डल आन्दोलन के दौरान जोधपुर जेल में अव्यवस्था व अन्याय के विरुद्ध भूख हड़ताल करने के कारण स्वास्थ्य खराब हो जाने से 19 जून, 1942 ई. को किस स्वतंत्रता सेनानी की मृत्यु हुई?**
(1) भँवरलाल सर्राफ (2) मथुरादास माथुर
(3) बालमुकुंद बिस्सा (4) आनन्द सुराणा

**व्याख्या–(3)** बालमुकुंद बिस्सा (राजस्थान का जतिनदास) का जन्म पीलवा गाँव (डीडवाना) में 1908 में हुआ। इन्होने नागौर में चरखा संघ व खद्दर भण्डार की स्थापना की।

67. **राजस्थान की सभी रियासतों को मिलाकर 'राजस्थान यूनियन' गठन करने हेतु 25–26 जून 1946 ई. को राजपूताना, गुजरात व मालवा के नरेशों का सम्मेलन किसने बुलाया था?**
(1) मेवाड़ महाराणा (2) जयपुर महाराणा
(3) कोटा महाराव (4) डूँगरपुर महारावल

**व्याख्या–(1)** इस समय मेवाड़ के महाराणा भूपाल सिंह थे।

68. **निम्न में से असत्य कथन है–**
(1) डूँगरपुर जिले में देवल की खान से परिवा पत्थर निकलता है।
(2) काष्ठ पर कलात्मक मूर्तियाँ बनाने के लिए बाँसवाड़ा का तलवाड़ा गाँव प्रसिद्ध है।
(3) बाँसवाड़ा के चन्दूजी का गढ़ा तथा डूँगरपुर के बोड़ीगामा गाँव में बनने वाले तीर–कमान प्रसिद्ध है।
(4) राजस्थान को 'हस्तकलाओं के भंडार' के रूप में जाना जाता है।

**व्याख्या–(2)** चित्तौड़ के बस्सी कस्बे की काष्ठकला प्रसिद्ध है। बस्सी में गणगौर, कावड़, बेवाण व लकड़ी की अन्य कलाकृतियां बनाई जाती है। बस्सी काष्ठकला के जन्मदाता 'प्रभात जी सुथार' थे।

69. **डूँगरजी व जवाहरजी किस जिले के थे?**
(1) जयपुर (2) जोधपुर
(3) सीकर (4) अजमेर

**व्याख्या–(3)** डूँगरजी–जवाहरजी, बठोठ पाटोदा (सीकर) के निवासी थी, इन्होने ब्रिटिश छावनियों को लूटकर क्रांतिकारियों व गरीबों की मदद की।